▸▸ वर्ष 72 ▸▸ अंक 237 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 26 मई, 2025
▸▸ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए


विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

"जलवायु परिवर्तन सीमाओं का सम्मान नहीं करता। इसलिए हम इसे 'वैश्विक चुनौती' कहते हैं, जिसके लिए वैश्विक एकजुटता की जरूरत होती है।
– बान की मून

### केरल के बाद महाराष्ट्र में मानसून की दस्तक, अगले तीन दिनों तक मूसलाधार बारिश की आशंका

# और तेज हुई मानसून की रफ्तार

**नई दिल्ली/मुंबई, जेएनएन।** देश में मानसून का आगमन तय समय से पहले हो गया है। इस बीच रविवार को मानसून की रफ्तार और तेज हो गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को पुष्टि की है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल के बाद अब महाराष्ट्र में भी पहुंच चुका है। इसके साथ ही मुंबई सहित महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में अगले तीन दिनों के भीतर मूसलाधार बारिश की संभावना जताई गई है। आमतौर पर महाराष्ट्र में मानसून 7 जून के आसपास आता है, जबकि मुंबई में इसकी आमद 11 जून को मानी जाती है। इस बार मानसून ने अपनी रफ्तार तेज कर दी है। मौसम विभाग ने राज्य सरकार और आपदा प्रबंधन विभाग को सतर्क रहने की सलाह दी है। वहीं महाराष्ट्र से सटे इलाकों समेत पूरे देश में मौसम तेजी से करवट ले रहा है। इस समय मानसून की उत्तरी सीमा देवगढ़, बेलगावी, हवेली, मांड्या, धर्मपुरी, चेन्नई, आइजोल और कोहिमा तक फैली हुई है। आने वाले तीन दिनों में इसके अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, बंगाल की खाड़ी और पूर्वोत्तर भारत के अन्य भागों तक फैलने की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं।




शनिवार को केरल तट से टकराए मानूसन ने पूरे दक्षिण भारत में अपना असर दिखाते हुए रफ्तार और तेज कर दी है। अब उत्तर भारत में 10 जून से काफी पहले मानूसन की बारिश के आसार बन रहे हैं। तस्वीर में देख सकते हैं कि कैसे मानसून ने दक्षिण के अलावा बंगाल की खाड़ी से होते हुए पूर्वोत्तर को अपने आगोश में ले लिया है।

### दिल्ली-एनसीआर में राहत भी, परेशानी भी

रविवार सुबह दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में तेज बारिश के साथ आंधी-तूफान ने दस्तक दी। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। लेकिन दूसरी तरफ, भारी जलभराव ने राजधानी के कई हिस्सों में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। आईटीओ, मिंटो रोड, एयरपोर्ट टर्मिनल-1, चाणक्यपुरी और द्वारका में जलभराव की वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति पैदा हो गई।

### मंडला में पौने दो इंच बारिश, भोपाल में गिरा पारा

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के कई जिलों में प्री मानसून एक्टिविटी जारी है। बीते 24 घंटे में मंडला में 45 मिमी बारिश दर्ज की गई है। 80 से ज्यादा स्थानों पर मध्यम या हल्की बारिश हुई। मंडला के बाद सबसे अधिक बारिश कुसमी, नागदा, बदनावर और ब्यावरा में रिकार्ड की गई है। कुछ क्षेत्रों में ओले भी गिरे हैं, इनमें श्योपुर कलां और शिवपुरी का नाम शामिल हैं। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, मप्र में प्री मानसून की सक्रियता बनी हुई है। इसके अलावा दो से तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक द्रोणिका के कारण निम्न दाब का क्षेत्र सक्रिय है। इससे आद्रता बढ़ी है, जो बारिश करा रही है। मप्र में मानसून की एंट्री में अभी समय है, लेकिन इससे पहले प्री मानसून एक्टिविटी निरंतर हो रही हैं।

25 मई से नौतपा का दौर शुरू हो गया है। बीते कई वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है कि नौतपा में गर्मी महसूस नहीं हो रही। आमतौर पर नौतपा में दिन का अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री तक रहता है, लेकिन इस बार मप्र में तापमान 34 से 35 डिग्री के बीच बना हुआ है। रविवार को भोपाल का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री रहा, जो कि सामान्य से 6.4 डिग्री कम है। मप्र के अधिकतर जिलों में तापमान 34 डिग्री के आस पास ही रहा। सिर्फ खजुराहो में सबसे ज्यादा तापमान 40 डिग्री रिकार्ड किया गया।

### उत्तर से दक्षिण तक आंधी-तूफान, बारिश का कहर

**यूपी के 70 जिलों में अलर्ट:** उत्तर भारत में भी मौसम ने रुख बदला है। उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में बारिश, आंधी और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया गया है। 26 मई को यूपी के अधिकांश जिलों में गरज-चमक और 30-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी, मेरठ, गोरखपुर, प्रयागराज, अयोध्या, बरेली समेत 70 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे फसलों को नुकसान की आशंका भी बढ़ गई है।

**100 से अधिक फ्लाइट्स पर असर:** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई पर खराब मौसम के कारण 100 से अधिक उड़ानों में देरी हुई है और 25 से ज्यादा फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा है। दिल्ली के कई इलाकों में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बिजली की आपूर्ति रोक दी है।

**दक्षिण भारत में भारी बारिश का अनुमान:** मौसम विभाग ने केरल, कर्नाटक, गोवा, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में अगले 5 दिन भारी से अत्यधिक भारी बारिश का अनुमान जाहिर किया है।

# तेज प्रताप राजद से छह साल के लिए निष्काषित

### लालू प्रसाद ने परिवार से भी किया बाहर

**पटना, जेएनएन।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ललू प्रसाद यादव ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की कि तेज प्रताप अब परिवार से भी अलग हो गए हैं। यह कार्रवाई तेज प्रताप की ओर से सोशल मीडिया पर अपनी एक महिला मित्र के साथ संबंधों का खुलासा करने के बाद की गई है।

लालू प्रसाद यादव ने आधिकारिक एक्स हैंडिल पर पोस्ट में लिखा कि तेज प्रताप यादव, जो समस्तीपुर जिले के हसनपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद विधायक हैं, अब न तो पार्टी में कोई भूमिका निभाएंगे और न ही परिवार का हिस्सा रहेंगे। उन्होंने कहा, 'व्यक्तिगत जीवन में नैतिक मूल्यों की अनदेखी हमारे सामाजिक न्याय के संघर्ष को कमजोर करती है। बड़े बेटे का सार्वजनिक आचरण और जिम्मेदारी विहीन व्यवहार हमारे परिवार की परंपराओं के अनुरूप नहीं है।'

लालू ने आगे कहा, 'इसलिए मैं उन्हें पार्टी और परिवार से बाहर करता हूं। वे पार्टी से छह सालों के लिए निष्कासित हैं। वे अपने निजी जीवन की अच्छाइयों और बुराइयों को समझने में सक्षम हैं। जो भी उनके संपर्क में आए, उसे अपनी समझदारी से फैसला लेना चाहिए। मैं हमेशा सार्वजनिक जीवन में सार्वजनिक शर्म की वकालत करता रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्य इस विचार को सार्वजनिक जीवन में अपनाते हैं।'



### तेज ने महिला मित्र की तस्वीर की पोस्ट, फिर हटाई

दरअसल, तेज प्रताप ने शनिवार को मालदीव में छुट्टियां मनाते हुए फेसबुक पर एक लड़की के साथ अपनी तस्वीर साझा की थी। तस्वीर में उन्होंने लड़की का नाम अनुष्का यादव बताया। उन्होंने लिखा था, 'मैं तेज प्रताप यादव हूं और मेरे साथ इस तस्वीर में दिख रही लड़की अनुष्का यादव है। हम 12 सालों से एक-दूसरे को जानते हैं और प्रेम संबंध में हैं।'

बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और तेज प्रताप के छोटे भाई तेजस्वी यादव ने भी इस मामले में पार्टी अध्यक्ष के फैसले का समर्थन किया। मीडिया से बातचीत में तेजस्वी ने कहा, 'मेरा बड़ा भाई एक वयस्क है और उसे अपने निजी जीवन के फैसले लेने का अधिकार है। हमारे पार्टी प्रमुख ने स्पष्ट कर दिया है। हम ऐसे मामलों को सहन नहीं कर सकते। हमारा ध्यान बिहार के लोगों की सेवा पर है।'

तेजस्वी ने यह भी कहा कि उनका भाई अपने निजी जीवन में जो भी करता है, वह किसी से पूछकर नहीं करता। उन्होंने कहा, 'मुझे इस बारे में मीडिया से पता चला।' ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### ऑफ बीट

### 93 साल की उम्र में 20 साल जैसी है त्वचा



*हर महिला का सपना होता है कि उसकी भी त्वचा दक्षिण कोरिया की महिलाओं जैसी चमकदार हो। यहां की जवान महिलाओं के साथ-साथ बुजुर्गों की भी त्वचा शीशे जैसी चमकती है। अब इस देश की एक बुजुर्ग महिला की कहानी वायरल हो रही है, जिनकी त्वचा 93 साल की आयु में भी 20 साल जैसी लगती है। जिस उम्र में महिलाओं की त्वचा झुर्रियों से भर जाती है, उस उम्र में उनकी त्वचा युवाओं से ज्यादा स्वस्थ बनी हुई है। हाल ही में ग्योंगगी के सेओंगनाम शहर में स्थित गाचोन विश्वविद्यालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में विश्वविद्यालय की अध्यक्ष ली गिल-या नजर आईं थीं, जिन्हें देखकर लोग दंग रह गए। उनकी सुंदरता ने कई लोगों को अपना मुरीद बना दिया और उनकी बुद्धिमत्ता ने भी लोगों का दिल जीत लिया। ली का जन्म 1932 में हुआ था, लेकिन आज भी वह ऊर्जावान, स्वस्थ और जवान बनी हुई हैं।*

### हाइवे पर आपत्तिजनक कृत्य मामले में कार्रवाई

# भाजपा नेता गिरफ्तार, एनएचएआई के तीन कर्मियों पर भी गिरी गाज

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** दिल्ली मुम्बई हाइवे पर आपत्तिजनक कृत्य करने के आरोप में भाजपा के कथित नेता मनोहरलाल धाकड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उधर इस मामले में एनएचएआई ने अपने तीन कर्मचारियों को वीडियो वायरल करने के आरोप में सेवा से पृथक कर दिया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों वायरल एक वीडियो में धाकड़ एक महिला के साथ नेशनल हाइवे आपत्तिजनक स्थिति में दिखाई दिए थे। वीडियो सामने आने के उपरांत भानपुरा थाना पुलिस ने स्वयं संज्ञान लेते हुए मनोहर लाल धाकड़ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

मनोहर के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 285, 3(5) में प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार क्रमांक एमपी 14 सीसी 4782 को जब्त भी कर लिया है। इस पूरे मामले में भाजपा ने पहले ही पल्ला झाड़ते ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**मैनेजर को मिला नोटिस**

वीडियो के आधार पर वीडियो कंट्रोल रुम में कार्यरत कुछ लोगों ने धाकड़ को ब्लैकमेल करने की कोशिश की थी। जानकारी के मुताबिक, जब समझौता नहीं हो सका, तो वीडियो को 8 दिन बाद वायरल कर दिया गया। मामला संज्ञान में आते ही एनएचएआई ने अपने तीन कर्मचारियों को सेवा से पृथक कर दिया है, जबकि पुलिस अधीक्षक ने कंट्रोल रुम मैनेजर को नोटिस जारी किया है।

### बच्चों के अधिकार पर दिल्ली हाई कोर्ट ने दी अहम राय, देखभाल को बताया बच्चे का अधिकार, कहा-

# भरण-पोषण अहसान नहीं, माता-पिता की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि भरण-पोषण देना एहसान नहीं, बल्कि माता-पिता की जिम्मेदारी और बच्चे का अधिकार है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांत शर्मा ने स्पष्ट किया कि गुजारा भत्ता माता-पिता का साझा कर्तव्य है, इसे किसी भी तरह का रिडक्टिव या नीचा दिखाने वाला लेबल नहीं लगाना चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि जो भी माता-पिता बच्चे की देखभाल करते हैं, उनकी भूमिका का सम्मान होना चाहिए, चाहे वे पुरुष हों या महिला। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चे की परवरिश और देखभाल करने वाला माता-पिता अकेला नहीं होता, बल्कि परिवार का हिस्सा होता है। कोर्ट ने पति की याचिका खारिज कर दी और कहा कि यह मामला सभी कामकाजी माता-पिता का सम्मान है, जो अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरा करते हैं, चाहे उनका लिंग कोई भी हो।

न्यायालय ने यह भी कहा कि पिता को बच्चों की कस्टडी मिलने पर जो चुनौतियां आती हैं, वे मां द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों से अलग नहीं होतीं। जहां तक सामाजिक धारणा है, जहां अक्सर पिता की भूमिका ज्यादा कठिन मानी जाती है, वही बातें कामकाजी माताओं पर भी लागू होती हैं, जो बच्चों की देखभाल और पेशेवर जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखती हैं।

**रखरखाव के खिलाफ लगाई थी पिता ने याचिका**




एक मामले में पति ने नाबालिग बच्चों के लिए पत्नी को 50,000 रुपए प्रति माह अंतरिम रखरखाव देने वाले निचली अदालत के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी। कोर्ट ने पति के दावों को खारिज करते हुए कहा कि उसने अपनी असली आमदनी छिपाने की कोशिश की है। पति ने अपनी किराने की दुकान से होने वाली आय के दस्तावेज नहीं दिए और कम आमदनी दिखाकर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश की।

**पति ने मांगी थी बराबर हिस्सेदारी**

पति ने तर्क दिया था कि रखरखाव की राशि बहुत ज्यादा है और पत्नी को भी बच्चों की परवरिश के खर्च में बराबर हिस्सेदारी देनी चाहिए, क्योंकि वह स्टेनोग्राफर के रूप में काम करती है। कोर्ट ने कहा कि रखरखाव एक गैर-संरक्षक माता-पिता की जिम्मेदारी है, इसे कम नहीं किया जा सकता, और यह कोई सजा नहीं है। साथ ही, देखभाल करने वाले माता-पिता को दान या भीख मांगने वाला नहीं माना जाना चाहिए।

### आईपीएल में आज

IPL 2025 TATA IPL

**बेंगलुरु बनाम हैदराबाद**
**समय : शाम 7.30 बजे से**
**प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर**
**परिणाम: चैन्नई ने गुजरात को को 83 रन से हराया।**

### दिल्ली प्रवास के दौरान पीएम से मिले सीएम, विकास के रोडमैप की दी जानकारी

# 'टीम इंडिया के रूप में काम कर रहे राज्य'

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 31 मई को भोपाल प्रवास से पहले रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनसे नई दिल्ली प्रवास के दौरान भेंट की। इस मौके पर सीएम ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में सभी राज्य टीम इंडिया की भावना के साथ कार्य कर रहे हैं।

नीति आयोग की बैठक में भाग लेने शुक्रवार देर शाम नई दिल्ली पहुंचे मुख्यमत्री रविवार को एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में शामिल हुए। रविवार को सीएम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर मध्यप्रदेश को किस तरह से विकसित बनाना है, इसके रोडमैप की जानकारी दी। सीएम ने प्रदेश की कुछ बड़ी परियोजनाओं और कुछ मेट्रोपोलिटन क्षेत्र विकसित करने के बारे में पीएम को जानकारी दी है।

साथ ही प्रधानमंत्री को बताया कि किस तरह से मध्यप्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब, किसान (अन्नदाता), महिला और युवाओं को लाभ दिया जाए। मेड इन इंडिया (स्वदेशी) ■ शेष पृष्ठ 7 पर



रविवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव।

"मुख्यमंत्री ने बड़ी परियोजनाओं और मेट्रोपोलिटन क्षेत्र के अलावा प्रदेश की गरीब, किसान, महिला और युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में पीएम को दी जानकारी।

### जेप्टो डिलीवरी बॉय ने किया ग्राहक पर हमला

**बेंगलुरु।** डिलीवरी कंपनी जेप्टो के एक कर्मचारी ने डिलीवरी पते को लेकर हुई बहस के बाद एक ग्राहक पर कथित हमला कर दिया। जेप्टो का डिलीवरी बॉय विष्णुवर्धन से पते को लेकर विवाद हो गया। ग्राहक शशांक पर डिलीवरी बॉय ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। शशांक की आंख के पास चोटें आईं। डॉक्टरों ने उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी है। पुलिस डिलीवरी बॉय विष्णुवर्धन की तलाश कर रही है। घटना पर जेप्टो ने माफी मांगी और कहा कि कंपनी में पेशेवर व्यवहार को अत्यंत महत्व दिया जाता है। उन्होंने ग्राहक से अनुरोध किया कि वे अपना ऑर्डर डिटेल्स साझा करें ताकि मामले की जांच की जा सके।

**बेंगलुरु में डिलीवरी एड्रेस पर विवाद**

### भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# रिश्वत का सबूत मिलना जरूरी सिर्फ पैसा मिलना नहीं है काफी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 20 के तहत, केवल रिश्वत के पैसे मिलने भर से दोष सिद्ध नहीं होता, जब तक रिश्वत की मांग, स्वीकृति और पैसे की बरामदगी का पूरा सिलसिला साबित न हो। यह फैसला न्यायाधीश पंकज मिथाल और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने सुनाया। उन्होंने एक सरकारी कर्मचारी को बरी कर दिया, जिस पर एक स्कूल शिक्षक से जाति प्रमाणपत्र के लिए 1,500 रुपए रिश्वत मांगने का आरोप था। कोर्ट ने पाया कि रिश्वत मांगने का कोई ठोस सबूत नहीं था, जबकि पैसे लेने और बरामदगी के मामले में सबूत थे। कोर्ट ने कहा कि 'सिर्फ इसलिए कि पैसे का आदान-प्रदान हुआ, इसका मतलब यह नहीं है कि रिश्वत मांगी गई थी। दोष सिद्धि के लिए रिश्वत मांगना, स्वीकार करना और पैसे की बरामदगी, यह तीनों चीजें पूरी तरह साबित होनी चाहिए।'



यह मामला एक शिक्षक ने दर्ज कराया था, जिसमें आरोपी पर जाति प्रमाणपत्र के लिए रिश्वत मांगने का आरोप था। पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपी से गंदे पैसे बरामद किए। आरोपी ने कहा कि यह ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### प्रदेश के 15941 युवाओं ने दी यूपीएससी परीक्षा

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** रविवार को संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया गया। भोपाल में आयोजित परीक्षा में 15941 परीक्षार्थियों ने किस्मत आजमाई। प्रथम सत्र में 9593 और दूसरे सत्र में 9494 परीक्षार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। पहला सत्र सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक आयोजित किया गया। जिले में 50 परीक्षा उपकेंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। हर परीक्षा केंद्र पर 3 पुरुष और 2 महिला पुलिस आरक्षक की ड्यूटी लगाई गई थी। अन्य केंद्रों पर भी सफलतापूर्वक परीक्षा आयोजित की गई। देश में करीब 10 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने परीक्षा में भाग लिया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल रहा। दिल्ली-एनसीआर, यूपी और बिहार में बारिश के बावजूद उम्मीदवारों ने परीक्षा केंद्र समय से पहले पहुंचकर अनुशासन बनाए रखा।

### जलवायु और नारीवाद | जलवायु संकट से निपटने के लिए फेमिनिस्ट न्याय आधारित नया ढांचा पेश

# महिला सहकारी समितियां बनेंगी जलवायु आपदा की ढाल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए एक क्रांतिकारी दृष्टिकोण सामने आया है। इसमें नारीवादी सिद्धांत, जलवायु न्याय और जमीनी अनुभवों को केंद्र में रखा गया है। जर्नल ऑफ ह्यूमन राइट्स एंड सोशल वर्क में प्रकाशित शोधपत्र 'अर्जेंट इम्पेरेटिव्स: एडवांसिंग जेंडर इक्वालिटी इन क्लाइमेट एक्शन' में एक जेंडर-ट्रांसफॉर्मेटिव क्लाइमेट फ्रेमवर्क प्रस्तुत किया गया है। यह जलवायु नीतियों में गहराई से जेंडर समानता को जोड़ने की कोशिश करता है। शोध में विशेष जोर महिला सहकारी समितियों और स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) की भूमिका पर दिया गया है। इन समूहों को न केवल आजीविका का स्रोत माना गया है, बल्कि जलवायु आपदा के समय महिलाओं के लिए सुरक्षा का साधन भी बताया गया है।




संकट की घड़ी में महिलाएं इन संगठनों के माध्यम से आपातकालीन नकदी, आवश्यक सेवाएं और सामाजिक समर्थन प्राप्त कर पाती हैं।

इस शोध का नेतृत्व जेंडर एंड क्लाइमेट चेंज की डायरेक्टर नेहा सैगल और असार सोशल इम्पैक्ट एडवाइजर्स की प्रोग्राम एंड रिसर्च लीड सौम्या श्रीवास्तव ने किया है। यह स्टार्टअप सामाजिक और पर्यावरणीय परिवर्तन के क्षेत्र में काम करता है।

लेखिकाओं का मानना है कि वर्तमान जलवायु नीति मुख्यतः पश्चिमी, तकनीकी और पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण से प्रेरित है। इसमें महिलाओं की वास्तविकताओं और नेतृत्व को नजरअंदाज किया गया है। यह ढांचा इन सत्ता संरचनाओं को चुनौती देने का आह्वान करता है जो महिलाओं को अधिक संवेदनशील बनाते हैं। जैसे जमीन के अधिकार का अभाव, बिना वेतन के देखभाल कार्य, और राजनीतिक आवाज की कमी।

शोध में कहा गया है कि एसएचजी समूह महिलाओं को केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता ही नहीं देते, बल्कि सामाजिक जुड़ाव, नेतृत्व की भावना और सामूहिक शक्ति भी प्रदान करते हैं। आपदा के बाद जब सरकारी व्यवस्थाएं अक्सर असफल होती हैं, तब ये सहकारी समितियां महिलाओं की रीढ़ बन जाती हैं। शोध कहता है कि जब तक लिंग असमानता की जड़ों को संबोधित नहीं किया जाएगा, तब तक जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयास अधूरे रहेंगे। वर्तमान प्रतिक्रियाएं अक्सर उन्हीं ढांचों को और मजबूत कर देती हैं, जिन्होंने संकट को जन्म दिया है।

**पांच सूत्रीय रणनीति**

- नारीवादी नेतृत्व का निर्माण
- सामाजिक सुरक्षा का विस्तार
- महिला नेतृत्व वाली सहकारी समितियों का समर्थन
- प्रादेशिक भाषाओं में महिला-केंद्रित जलवायु मीडिया
- सरकारी योजनाओं के साथ समन्वय कर जमीनी प्रभाव पैदा करना

### महाराष्ट्र में सामने आए कोविड के 43 नए मामले

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र में कोविड के 43 नए मामले सामने आए हैं। इनमें 35 मुंबई के हैं। वहीं ठाणे के छत्रपति शिवाजी महाराज कलवा अस्पताल में 21 साल के एक युवक की कोविड-19 से मौत हो गई। युवक मुम्ब्रा का निवासी था और 22 मई को अस्पताल में भर्ती हुआ था। कर्नाटक के बेंगलुरु में 84 वर्षीय बुजुर्ग की मौत भी मल्टी-ऑर्गन फेल्योर से हुई, उनके कोविड-19 टेस्ट की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उनके टेस्ट के परिणाम बाद में मिले। कर्नाटक में अब तक कुल 38 कोविड-19 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 32 बेंगलुरु में हैं। बेलगावी में एक 24 वर्षीय गर्भवती महिला भी कोविड-19 पॉजिटिव पाई गई है। कर्नाटक, दिल्ली, महाराष्ट्र, केरल और तमिलनाडु ने एडवाइजरी जारी की है और कहा है कि कोविड-19 के मामलों में कोई बड़ा उछाल नहीं हुआ है, बल्कि यह केवल कुछ बिखरे हुए मामूली केस हैं।

## साहित्य सृजन



### नानी का घर

दशकों बाद नहीं बिसरता आज भी
वो नानी का घर...
गर्मियों की छुट्टियां सारे मौसी-मामा के
बच्चों का जमघट हम सबकी धमाचौकड़ी
नानी की मीठी करूणा और नेह
वात्सल्य भरा वो नानी का घर...
सवेरे - सवेरे गायों की हुँकारी
गन्ने के मधुपेय की खुशबू
डलपके आम स्वाद का खजाना था
वो नानी का घर...
वो टेड़ी - मेड़ी पगडंडिया
नर्तन करना पेड़ों पर चढ़ना,
अंताक्षरी के तराने मानस की चौपाइयां
रामलीला की रातें ताश की आँख-मिचौली
अनोखा था वो नानी का घर ...
बड़े आँगन में सोना सप्तऋषि को गिनना
चांदनी रातें,कहानी - किस्से भावगीत -छायागीत
कितना प्यारा था वो नानी का घर...
पापड़- सेवइयाँ, आम का पना
बेल का शरबत, सत्तू-लड्डू
वो नानी का घर...
अब जब भी जाते हैं ,
नानी के घर, सब सून बिन नानी
न जमघट, न रामलीला
न कहकहे की गूँज न घंटियों का नाद
सब वीरान सा, चुप-चुप है वो
वो नानी का घर



वंदना दुबे



### गुलाब

फूल बगिया का राजा हूं, मैं गुलाब कहलाता।
तरह-तरह के रंगों में , मैं झाड़ी में सज जाता।
चढ़ दीवार पर बेलों पर भी मैं गुच्छों में लहराता हूं।
फुलबगिया का राजा हूं
मैं गुलाब कहलाता हूं।
भीनी भीनी खुशबू मेरी
इत्र फूलेल बनके महके
गुलाब जल की शीतलता से
काया की कांति दमके।
गुलकंद-गुलाब का शरबत
सबके मन को भाता हूं। फुलबगिया...
भ्रमर-तितलिया करें अठखेली
मधुप पराग ले उड़ जाए।
रंग-बिरंगे फूलों संग गुंथकर
सबका मान बढ़ा जाऊं।
संघर्षों में ही जीत छुपी है
नित संदेश मैं दें जाऊं। फुलबगिया.



सुषमा सिंह कर्चुली, रायपुर कर्चु.



### बिटिया

बिटियन कै रक्षा करा,
दइकै उनही मान,
बीच गइल मा होत है, उनकर ता अपमान ।
बिटिया सुख दुख मा रहै, आबय मइके काम,
बाबू दीदी कै रोग मा, दिहिस दबा कै दाम।
घर अँगना कुलकत फिरय, बिटिया सगले हार,
दइजा मंगते हें सगल, तबहिन लगतिहं भार।
बिटिया केरै भाग ता, पलटय काजे बाद,
मइके ससुरे फासला, करत हबै बरबाद।
बिटिया केरे काम से, बढ़त देस कै सान,
नाउ कल्पना लेत हें, देत सगल हें मान।
फैसन मांही डूबिकै, बिटिया हमै उतान।
सनस्कारि टाँगि कै, सगली परी मतान।
गइल-गइल बागत हमै, पलटि भेस सईआद,
बिटिया कै रक्षा करा, सगले है फरियाद।
काकू ता खूबय करयं, घरे मा भेदभाव,
बिटिया खाएं झूर ता, दादू साढ़ी चाव।
बिटियन केरे लाज मा, परी डकैती आज,
राबन बगरे खूब हें, लिहें मुखउटा साज।
बिटिया घरि कै सान ही, महतारी कै मान,
अँगना मा चहकय फिरयं, दद्दा केर परान।
बिटिया हमरे देस कै, करतिहं कुल कै नाम,
बेटउनन सेरे कम नहीं,
इनहन केरे काम।
तन्दूरे बिटिआ जरी, ओकर
करिन सिकार,
कोरय चुपान बैठ हें,
समाजि ठेकेदार।



रश्मि शुक्ला, जेडी शिक्षा रीवा



### हालत देखो लोकतंत्र की

सीमाओं पर युद्ध चल रहा,
मस्तियाँ हो बस्ती-बस्ती में।
है देश चैन के नींद सो रहा,
देखो लोकतंत्र की हस्ती में।।
हो तोप और गोलों की वर्षा,
जहाँ रखवालों की गस्ती में।
हैं उजड रहें सिन्दूर माँग से,
यहाँ अरमानों की कस्ती में।।
टूट रहे नित्य राखी के धागे,
हो स्नेह प्रीति की सस्ती में।
ममता का आँचल हो गीला,
वा समय जा रहा खस्ती में।।
कर्तव्यों की हैं कर्म कहानी,
यहाँ कूटनीति की दस्ती में।
कोलाहल हो हर गली-गली,
आज अफवाह के पस्ती में।।
हर चेहरों पर अवसादी डेरे,
हों स्वार्थ साध्यती मस्ती में।
राष्ट्र चैन का हाल कहें क्या,
अद्भुत मर्यादा के ध्वस्ती में।।
लूटपाट का नाच यहाँ नंगा,
निर्णय होते जहाँ परस्ती में।
इच्छाओं के आँखों में आँसू,
आकांक्षा बदहाल त्रस्ती में।।



वीरेन्द्र प्रसाद सोनी
गपोली सदन अमरपाटन

# प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का हुआ भव्य स्वागत

**जागरण, सतना।** प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के सतना आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। रेल्वे स्टेशन पर जैसे ही मंत्री विजयवर्गीय पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्री विजयवर्गीय ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आह्वान किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक वेशभूषा में ढोल.नगाड़ों के साथ नारे लगाए और स्वागत समारोह को उत्सव का रूप दे दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि कैलाश विजयवर्गीय जैसे अनुभवी नेता का मार्गदर्शन पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान भाजपा जिला



अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय जिला संगठन प्रभारी डॉ अभय प्रताप सिंह यादव विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार महापौर योगेश ताम्रकार पंडित रामदास मिश्रा निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चन्द्रकमल त्रिपाठी ममता पांडेय अनिल जयसवाल मनसुख सिंह रविन्द्र सिंह सेठी जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल सिंह विजय तिवारी बालेन्द्र गौतम जिला महामंत्री ऋषभ सिंह रमाकांत गौतम जिला मंत्री शुभम तिवारी श्रीकृष्ण दुबेदी अनिल सचदेव अभिषेक तिवारी जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू ए धीरेन्द्र सिंह राठौर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौभाग्य केसरी मंडल अध्यक्ष दीपेन्द्र नाथ त्रिपाठी अग्निवेश शुक्ला उत्तम वाल्मीक केशव कोरी राजेंद्र गुप्ता शैलेन्द्र शर्मा संजय अग्रवाल आशा शुक्ला गीतेश्वर सिंह हरिओम गुप्ता एड उपेन्द्र तिवारी रमेश तिवारी गोला सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मन की बात में शामिल हुये प्रभारी मंत्री

जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज अपने सतना प्रवास के दौरान चित्रकूट मंडल के बूथ क्रमांक 81 पर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के साथ सुना और टीवी स्क्रीन पर देखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम श्मन की बातश् के 122वें एपिसोड के माध्यम से देशवासियों से संवाद किया। अपने संबोधन की शुरुआत में पीएम मोदी ने कहा आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है आक्रोश से भरा हुआ है।

# राधा कृष्ण मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**अमदरा ।** राधा कृष्ण मंदिर अमदरा में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ रविवार को अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे । फूल वर्षा के साथ संगीतमय भागवत कथा शुरू हुई । तत्पश्चात कथा वाचक पंडित बृजकिशोर तिवारी ने कथा माध्यम से बताए जो कोई नहीं कर सकता वह भगवान कर सकते हैं इसलिए उन्हें भगवान कहते हैं जब आत्मा ही आत्मा का कल्याण नहीं करेगी तो आपका कोई कल्याण नहीं कर सकता अपने इंद्रियों को वश में रखना चाहिए। जब कई लोग बात करे तो उस समय मौन धारण करना ही उचित होता हे इस युग में दान करने से मनुष्य कल्याण कर सकता हैं । वहीं लोगों से अधिक से अधिक संख्या में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आनंद उठाने की अपील की गई है।

# एकेएस को जैव विविधता संरक्षण पुरस्कार



**जागरण, सतना।** मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्डए भोपाल द्वारा नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में एकेएस विश्वविद्यालय को सतना को जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट प्रयासों के लिए अशासकीय वर्ग में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार मुख्य अतिथि, दिलीप अहिरवार, वन एवं पर्यावरण मंत्री,मध्य प्रदेश शासन के द्वारा प्रदान किया गया। एकेएस विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ हर्षवर्धन एवं जैव विविधता विशेषज्ञ डॉण् राम लखन सिंह सिकरवार ने ग्रहण किया । पुरस्कार स्वरूप रुपये तीन लाख का चेकए प्रमाण पत्र तथा शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव,वन,मध्य प्रदेश शासन अशोक वर्णवाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वन विभाग असीम श्रीवास्तव तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्डए भोपाल सुदीप सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अहिरवार ने कहा कि एकेएस विश्वविद्यालय जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और आगे भी आप लोगों को यह कार्य करते रहना है।ज्ञातव्य है कि एकेएस विश्वविद्यालय ने कैंपस के अंदर जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में अनेकों प्रयास किए हैं जिनके तहत औषधि उद्यान, नक्षत्र वाटिका,नवग्रह वाटिकाए औषधीय एवं संगंध पौध प्रदर्शन इकाई स्थापित की गई है। बहुत बड़ी संख्या में वृक्षारोपण विगत 12 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। इस कार्य में प्रो सिकरवार तथा प्रोआरएस त्रिपाठी का योगदान है।बोर्ड के निर्धारित प्रपत्र के अनुसार जैवविविधता की सम्पूर्ण जानकारी बोर्ड को मिली जिसे प्रथम पुरस्कार हेतु चुना गया। विश्वविद्यालय के प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी, कुलपति प्रोबीएचोपडे ने पुरस्कार मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा मंदाकिनी की कराई जा रही साफ-सफाई

**जागरण, सतना।** मुख्य मंत्री डा मोहन यादव के आवाहन पर जल गंगा संवर्धन अभियान में स्वयसेवी संस्थाएं और नागरिक गण जलसंवर्धन और जल स्त्रोतों की सफाई कार्य में बड़ चढ़ कर अपनी भागीदारी कर रहे हैं।सतना जिले के चित्रकूट में पवित्र नदी मां मंदाकिनी की साफ सफाई का जिम्मा दीन दयाल शोध संस्थान चित्रकूट द्वारा जनसहयोग के माध्यम से उठाया है।कार्य योजना के अनुसार नदी के प्रवाह में लगभग 40 किलोमीटर लंबाई के उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के क्षेत्र में उद्गम स्थल से लेकर यमुना नदी संगम हरदुया के पास तक नदी की सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 25 जून को चित्रकूट के राघव प्रयाग घाट में उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति नियोजन मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह एविधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार डी आर आई के अभय महाजन और जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ताओं ने श्रम दान कर मां मदाकिनी की सफाई अभियान की शुरुआत की।मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवम आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय राज्य मंत्री श्री मती प्रतिमा बागरी और स्थानीय जन प्रतिनिधि नागरिक गण सोमवार सुबह 6 बजे से 9 बजे तक राघव प्रयाग घाट चित्रकूट सतना में मां मंदाकिनी नदी सफाई अभियान में हिस्सा लेंगे।



# संविधान को बदलने की साजिश को नाकाम करेंगे : दिलीप मिश्रा

### सेना के सम्मान में कांग्रेस ने निकाली जय हिंद यात्रा



**जागरण, सतना।** जिला कांग्रेस कमेटी के अगुआई में विधानसभा क्षेत्र नागौद के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उचेहरा में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा के मुख्य अतिथि शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मकसूद अहमद एवं विधानसभा की प्रत्याशी रही रश्मि सिंह पटेल के विशेष उपस्थिति में जय हिंद यात्रा एवं संविधान बचाओ अभियान का आयोजन किया गया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सेना ने जिस साहस एवं पराक्रम के साथ ऑपरेशन सिंदूर चला कर विरोधियों को सबक सिखाया है व देश के सम्मान में लड़ाई लड़ी है एवं देश के आन बान एवं शान की रक्षा की है हम सब लोग सेना को धन्यवाद देते हैं श्री मिश्रा ने राष्ट्रीय सुरक्षा से निपटने के सरकार के तरीके एवं हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा मामले में अमेरिका के चिंता जनक भागीदारी में सरकार की चुप्पी में भी गंभीर सवाल खड़ा किया है व भारतीय जनता पार्टी को बेनकाब करने की बात कही है । विधानसभा की प्रत्याशी रश्मि सिंह पटेल ने कहा कि आज प्रदेश में अराजकता का आलम है हम सब पार्टी के लोग जय हिंद यात्रा एवं संविधान बचाओ अभियान के माध्यम से गली गली एकता का संदेश दे रहे हैं व अपनी सेना का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने देश के सम्मान के लिए विरोधियों को सबक सिखाने का काम किया है कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह पटेल ने किया कार्यक्रम में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हरीश ताम्रकार वरिष्ठ नेता सुरेश पाठक उमेश गौतम अतुल गौतम परोहा जी सोनू पांडे राम नरेश सिंह अनिल सिंह राहुल देवी सिंह सुमित सिंह परिहार रघुनंदन चौधरी लक्ष्मण कुशवाहा बाबा दीन लोधी मुकेश तिवारी दिनेश विश्वकर्मा ज्योति वर्मा गुड़िया वर्मा दुर्गाकोल राजकुमारी पटेल दिनेश सिंह परिहार प्रदीप सिंह मनोज कुशवाहा नवल किशोर अग्रवाल बलदेव प्रसाद रावत कमलेश तिवारी दिनेश सिंह सोमचंद कुशवाहा मोहम्मद खलील खेलमान दास रजक को दुलाल रजक मोहम्मद रईस अजय प्रजापति शाहिद फ़िरोज आलम सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।

# प्रभारी मंत्री ने विभागीय अधिकारियों की ली बैठक



**जागरण, सतना।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा रविवार को चित्रकूट प्रवास के दौरान महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार,रामपुर बघेलान विक्रम सिंह,महापौर योगेश ताम्रकार,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह,नगर परिषद अध्यक्ष सुश्री साधना पटेल, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, डीएफ्ओ मयंक चांदीवाल, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे,सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ननि की समग्र शाखा का सर्वर बंद, परेशान होते रहे हितग्राही

**जागरण,रीवा।** निगम के समग्र शाखा से करीब डेढ़ सौ लोग निराश होकर लौट गए। स्थिति यह रही कि इस कक्ष में पदस्थ कर्मचारी पोर्टल से जूझते रहे और यहां पर पहुंचने वाले शहरवासी भी परेशान होते रहे। यह समस्या पिछले पांच दिनों से यहां पर निर्मित है। सोमवार की दोपहर बाद मेंटनेंस कार्य होने से पोर्टल अघोषित रूप से ठप पड़ गया। भोपाल स्तर से ही पोर्टल में सर्वर की तकनीकी समस्या उत्पन्न हो गई जो लगातार जारी है, अधिकारियों की मानें तो पोर्टल में मेंटिनेंस का कार्य किय जा रहा है। गुरुवार को भी हालात बद से बदतर रहे, लोगों को वापस निराश होकर लौटना पड़ा। बताया गया कि आगामी 26 मई तक पोर्टल को अपडेट किया जाएगा। इसके बाद ही समग्र संबंधित कार्य हो सकेंगे।

### शहरवासियों के जरूरी काम अटके

शनिवार और रविवार को अवकाश होने के चलते लोगों का काम नहीं हो सका, सोमवार को जब हितग्राही समग्र सुधार के लिए पहुंचे तो पोर्टल की समस्या बताई गई, अब यह समस्या लगातार बनी हुई है। जिसके चलते लोगों के जरूरी काम अटक गए। एम राशन मित्र पोर्टल में हितग्राहियों का नाम नहीं जुड़ा। इसके साथ-साथ समग्र आईडी में जो लोग नाम में सुधार कार्य करवाने पहुंचे हुए थे, उनके भी कामकाज नहीं हो सके। समग्र आईडी में नए सदस्यों का नाम भी नहीं जुड़ सका।

**सैकड़ों लोग प्रभावित :** तकनीकी समस्या का खामियाजा सैकड़ों लोगों को उठाना पड़ा। स्थिति यह थी कि कामगार वर्ग जो दिन की मजदूरी का नुकसान करते हुए दस्तावेजों को पूर्ण कराने के लिए पहुंचे हुए थे ।

### मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी ने मातृभाषा को प्रोत्साहित करने लिया निर्णय

# हिन्दी में पर्चा लिखकर यूनिवर्सिटी टॉप करने वाले स्टूडेंट को मिलेगी मातृभाषा रत्न की उपाधि

### 2 लाख का पुरस्कार भी दिया जाएगा, हर साल टॉप करने पर 1 लाख नकद



**संपूर्ण स्नातक पाठ्यक्रम की मेरिट सूची में**
- प्रथम आने पर 2 लाख रुपए (मातृभाषा रत्न)
- द्वितीय आने पर 1 लाख 50 हजार रुपए (मातृभाषा विभूषण)
- तृतीय आने पर 1 लाख रुपए (मातृभाषा भूषण)
- चतुर्थ आने पर 50 हजार रुपए (मातृभाषा श्री)

(मेडिकल और डेंटल संकाय के संयुक्त परिणाम के आधार पर)

**प्रत्येक वर्ष की मेरिट सूची में**
- प्रथम आने पर 1 लाख रुपए
- द्वितीय आने पर 75 हजार रुपए
- तृतीय आने पर 50 हजार रुपए
- चतुर्थ आने पर 25 हजार रुपए

(मेडिकल और डेंटल संकाय के पृथक-पृथक परिणामों के आधार पर)

**जागरण, रीवा**

मातृभाषा में मेडिकल की पढ़ाई की शुरुआत के बाद अब इसे और ज्यादा प्रोत्साहित करने के लिए बड़ा निर्णय लिया गया है। अब छात्रों को हिंदी में परीक्षा देने पर पुरुस्कृत किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी हाल ही में मेडिकल विवि द्वारा संबंधित मेडिकल कॉलेजों को दी गई है।

बताया दे कि मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी ने छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए एक कदम और बढ़ाया है। मेडिकल और डेंटल संकाय के ऐसे छात्र जो अंग्रेजी के स्थान पर हिन्दी भाषा में परीक्षा देंगे और टॉप करेंगे, उन्हें मातृभाषा रत्न की उपाधि के साथ 2 लाख तक का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। यूनिवर्सिटी ने पुरस्कार से जुड़ी 2 मुख्य कैटेगरी बनाई हैं। जिनमें संपूर्ण स्नातक पाठ्यक्रम में टॉप करने पर 2 लाख की राशि निर्धारित की है, जिसमें मेडिकल और डेंटल दोनों संकाय शामिल हैं, वहीं प्रत्येक वर्ष टॉप करने वाले छात्र को 1 लाख रुपयों की नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। जिसमें मेडिकल और डेंटल संकाय अलग-अलग हैं। यह निर्णय इसी सत्र 2025-26 से लागू हो गया है। चिकित्सा शिक्षा में स्वेच्छा से मातृभाषा को बढ़ावा देने के लिए विवि ने उच्चस्तरीय कमेटी का गठन भी किया गया है।

### संयुक्त मेरिट लिस्ट में करना होगा टॉप

विवि द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार छात्रों को हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम में दी गई परीक्षा की संयुक्त प्रावीण्यता सूची से निकाले गए परिणाम के आधार पर नकद पुरस्कार के लिए चुना जाएगा। जो भी स्टूडेंट्स मातृभाषा में परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे, उन्हें प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा। इसके अलावा परीक्षा के लिए मातृभाषा का चुनाव करने पर परीक्षा फीस में भी 50 फीसदी की की छूट दी जाएगी।

# सीएमओ ने निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण



**सतना।** कोठी सीएमओ पंजाब सिंह अपनी परिषद की टीम सहित आज रविवार को भी कोठी नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर नगर परिषद के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया साथ ही अन्य जरूरी काम भी निपटाए ,जल गंगा संवर्धन के तहत नगर के जलकूपों के साफ सफाई का निरीक्षण किया साथ ही नगरीय निकाय के कार्यों की भी समीक्षा की।

### योग सीख भगा रहे रोग

**रीवा।** स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित निःशुल्क समर कैंप में बच्चों के साथ ही बड़े भी योग कक्षाओं में पहुंच योग कर रोग भगाने में लगे हुए हैं। समर कैंप की शुरूआत 1 मई से की गई थी जो आगामी 30 मई तक चलेगा। शुरूआत में इस कैंप में हॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, खो-खो, हैण्डबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती, बैडमिन्टन, बॉक्सिंग, कराते, ताईक्वाण्डों, टेबल-टेनिस, तीरंदाजी, मार्शल आर्ट, हॉकी, महिला मेडिटेशन एवं शतरंज खेलों का प्रशिक्षण प्रदान करना तय किया गया था, इसके अलावा यहां पर योग कक्षाओं का भी शुभारंभ कर दिया गया है।

**प्रशिक्षित शिक्षक दे रहे प्रशिक्षण :** संभागीय खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एमके धौलपुरी ने बताया कि योग कक्षा का समय सुबह 7 से 8 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसमें करीब 35-40 लोग आ रहे हैं। प्रशिक्षित योग शिक्षक द्वारा योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, फिलहाल योग कक्षा समयर कैंप का हिस्सा है।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 26 मई 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.40 अस्त : आज
05.17 उदय : कल

शहर का तापमान
38.0 ⁰ अधिकतम
28.0 ⁰ न्यूनतम



# जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य लक्ष्य के अनुसार पूर्ण

जागरण तेंदूपत्ता

## 1 लाख 8668 मानक बोरा तेंदुपत्ता का हुआ संग्रहण

### 100 फीसदी तेंदूपत्ता संग्रहण का हुआ कार्य

जागरण, सीधी



जिला वनोपज संघ सीधी द्वारा कराया जा रहा तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य 24 मई की शाम को समाप्त हो गया। 100 फीसदी से अधिक संग्रहण कार्य पूर्ण किया गया। जिले में 12 मई से तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू किया गया था। इस वर्ष जिले में 1 लाख 8341 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य रखा गया था। तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य सभी 51 वन समितियों के माध्यम से किया गया। मौसम की अनुकूलता के कारण समय पर तेंदुपत्ता संग्रहण का लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता मिली। तेंदुपत्ता संग्रहण से जुड़े वन अमले का कहना है कि मौसम ठीक रहने से तेज धूप का सिलसिला बीच-बीच में बना रहा। इसके चलते सभी समितियों में तेंदूपत्ता सही गुणवत्ता के साथ उपलब्ध होता रहा। जंगलों में तेंदुपत्ता की सही गुणवत्ता रही। जिससे संग्रहित होने वाला तेंदूपत्ता भी अच्छी क्वालिटी का है। अच्छी गुणवत्ता का तेंदुपत्ता संग्रहित होने पर उसकी मांग भी काफी रहती है। तेंदुपत्ता की काफी भरमार थी, किन्तु आसमान में उमड़ते बादलों एवं बीच-बीच में हल्की बारिश के चलते तेंदुपत्ता की गुणवत्ता कुछ स्थानों में आरंभ में प्रभावित रही। विभागीय सूत्रों का कहना था कि जितनी तेज धूप रहती है तेंदूपत्ता की गुणवत्ता भी उतनी ही अच्छी रहती है। किंतु इस वर्ष मौसम में परिवर्तन होता रहा एवं बारिश का दौर चलता रहा। इस वजह से तेंदुपत्ता संग्रहण के कार्य में व्यवधान भी बना रहा। मौसम साफ होते ही समितियों के माध्यम से तेंदुपत्ता संग्रहण के कार्य में तेजी बनी रही। तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य 24 मई तक जिले में पूर्ण हो चुका है। जिला वनोपज के अधिकारियों द्वारा भी यह प्रयास किया जा रहा था कि मौसम सही रहने तक ज्यादा से ज्यादा मात्रा में तेंदुपत्ता तोड़ने का काम पूरा कर लिया जाए। सीधी जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य अमूमन हर वर्ष मई महीने में ही शुरू होता है। करीब 20 दिन तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य वन क्षेत्रों में काफी तेजी के साथ किया जाता है। तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए सभी वन क्षेत्रों में श्रमिक बेसब्री से इंतजार करते हैं कि जल्द तेंदूपत्ता संग्रहण शुरू हो। तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए क्षेत्रीय श्रमिक अपना अन्य सभी कार्य बंद कर देते हैं और तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य करते हुए काफी आर्थिक लाभ अर्जित किया जाता है। जिला वनोपज समिति द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि तेंदुपत्ता संग्रहण में लगे श्रमिकों को जल्द से जल्द उनकी पारिश्रमिक का भुगतान किया जाय। जिले के पूर्वी एवं दक्षिणी क्षेत्र के जंगलों में काफी मात्रा में तेंदूपत्ता तैयार थे और संग्रहण का कार्य भी तेजी के साथ किया गया। जिला लघु वनोपज कार्यालय के अनुसार तेंदूपत्ता तोड़ाई के लिए पारिश्रमिक का निर्धारण पहले ही कर दिया गया था। श्रमिकों को एक हजार गड्डी तेंदुपत्ता जमा करनें पर चार हजार रुपए पारिश्रमिक मिलेगी। प्रति मानक बोरा में एक हजार गड्डी भराई के निर्देश हैं। इस तरह प्रति मानक बोरा तेंदुपत्ता गड्डियों का संग्रहण होने पर चार हजार की पारिश्रमिक मिलेगी। तेंदुपत्ता तोड़ने के काम में श्रमिकों को पारिश्रमिक के अलावा बाद में प्रदेश सरकार की ओर से लाभांश वितरण के रूप में बोनस भी दिया जाता है।

### 51 समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता का हुआ संग्रहण

जिले में 51 वन समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य इस वर्ष भी पूरा किया गया। मौसम का मिजाज बदलने के कारण इस वर्ष तेंदूपत्ता का संग्रहण विलंब से शुरू हुआ। सभी समितियों में एक साथ गुणवत्तायुक्त तेंदुपत्ता तोड़ने का कार्य काफी तेजी के साथ पूरा किया गया। 12 मई से सभी समितियों में तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू हुआ और 24 मई की शाम तक लक्ष्य से अधिक कर लिया गया। जिले में वन समिति भाठा, कठौली, बघवार, रामपुर नैकिन, चुरहट, चौफाल, मझौली, गांधीग्राम, बरमबाबा आदि में तेजी के साथ तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य किया गया। जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य 735 फड़ों के माध्यम से किया गया। सभी वन क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा तेंदूपत्ता संग्रहण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था किंतु सीधी रेंज के वन समिति भाठा एवं कठौली में सर्वाधिक तेंदूपत्ता संग्रहण हुआ। अब तेंदूपत्ता को सुखाकर संबंधित समितियों द्वारा बोरा भराई एवं परिवहन कार्य शुरू किया जाएगा। जिले में 15 जून तक तेंदूपत्ता का परिवहन एवं गोदामीकरण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

### भाठा एवं कठौली में हुआ सर्वाधिक संग्रहण

जिला वनोपज सीधी अंतर्गत 7 रेंजों के 735 फड़ों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण की व्यवस्था बनाई गई थी। मौसम की अनुकूलता के चलते सभी 51 वन समितियों के जंगलों में ही तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य काफी तेजी के साथ शुरू किया गया था। विभागीय सूत्रों का कहना है कि सीधी जिले में सर्वाधिक तेंदूपत्ता का संग्रहण सीधी रेंज के वन समिति भाठा एवं कठौली में किया गया। यहां तेंदूपत्ता जंगलों में काफी मात्रा में उत्कृष्ट क्वालिटी की मौजूद थी। मौसम के अनुकूल होने के दौरान यहां गुणवत्ता युक्त तेंदूपत्ता के संग्रहण का कार्य तेजी से पूर्ण किया गया। तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सीधी जिले में करीब 12 दिनों में काफी आसानी के साथ पूर्ण कर लिया गया।

## महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में प्रवेश प्रारंभ




**जागरण, सीधी।** सीधी शहर के शास्त्री नगर में संचालित महारानी लक्ष्मीबाई हाई स्कूल में कक्षा नर्सरी से 10वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए एडमिशन प्रारंभ हो गया है। प्रवेश प्रारंभ प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक प्रवेश फार्म भरकर छात्र-छात्राएं विद्यालय में अध्ययन के लिए प्रवेश ले सकते हैं। विद्यालय में अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य 16 जून से प्रारंभ हो जाएगा। विद्यालय की बोर्ड कक्षा के परीक्षा परिणाम 5, 8, 10वीं के परिणाम उत्कृष्ट एवं शत प्रतिशत रहा है। हाई स्कूल में कोई भी छात्र फेल नहीं हुआ। महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में कम शुल्क में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जाती है। जहां अन्य विद्यालयों में भारी-भरकम फीस लेकर अभिभावकों की कमर ढ़ीली हो रही है वहीं शास्त्री नगर में संचालित महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में कम शुल्क में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय से प्रत्येक वर्ष नवोदय विद्यालय में किसी न किसी छात्र का चयन होता है।

## नेशनल वुशू चैंपियनशिप में भाग लेने 6 खिलाड़ी रवाना




**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा नियंत्रणकर्ता अधिकारी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव जिला अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी के मार्गदर्शन तथा कोच मानिंद शेर अली खान के नेतृत्व में इंडेर हाल खेल एवं युवा कल्याण विभाग रानीताल जबलपुर में आयोजित 24 वें एमपी स्टेट वुशू चैंपियनशिप के 6 सब जूनियर गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले नेशनल खेलने के लिए तमिलनाडु के इरोड में 26 से 31 मई 2025 रवाना हुए। उक्त प्रतियोगिता दिनांक 26 मई से 31 मई 2025 तक चलेगी। पुलिस अधीक्षक सीधी तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी ने पुलिस अधीक्षक सभी के उज्वल भविष्य की कामना की खिलाड़ियों को बधाई दी। 10 गोल्ड मैडल विजेताओं में अवनि मिश्रा, छवि पाण्डेय, प्रगति कुशवाहा, रिया गुप्ता, युग सिंह, आयुष वर्मा आदि शामिल हैं। इनके साथ टीम मैनेजर के रूप में अंकित कुमार सेन वा खिलाड़ियों के माता पिता साथ में टीम के साथ है। सीधी पुलिस लाईन वूशु ट्रेनिंग सेंटर सामुदायिक भवन में वुशू खिलाडियों को प्रशिक्षित किया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान समय-समय पर पुलिस अधीक्षक सीधी तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाते हैं। जिसके फलतः जिला सीधी के खिलाडी आज अपने माता-पिता के साथ जिले एवं प्रदेश का नाम रौशन करने के लिए नेशनल के लिए रवाना हुए।

## तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से महिला गंभीर



**जागरण, सीधी।** जिला मुख्यालय सीधी से 35 किलोमीटर दूर थाना मझौली अंतर्गत ग्राम गिजवार में मोटरसाइकिल चालक की लापरवाही से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार मझौली थाना अंतर्गत सीधी रोड गिजवार में सेवा सहकारी समिति गिजवार के पास दिनांक 23 मई 2025 को सुबह करीब 8:30 बजे सुनीता नामदेव पति बरमदीन नामदेव उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम गिजवार अपने घर से निकल कर किसी काम से उत्तर दिशा की ओर जा रही थी। अभी अपने घर से लगभग 30-35 मीटर की दूरी ही तय कर पाई थी, की पीछे से तेज रफ्तार मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 16 जेडई 6999 पल्सर का चालक लापरवाही पूर्वक पीछे से ठोकर मार दी। हादसे में सुनीता वहीं गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल के सिर में गंभीर चोटें आई तथा कमर, हांथ-पैर चोंटिल हो गया। हादसे के बाद उसे निजी क्लीनिक में प्राथमिक उपचार के पश्चात प्रायवेट वाहन से जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया।

## एक ही रात में 35 वारंटी आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तथा समस्त अनुभागों के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में दिनांक 24-25 मई 2025 की दरम्यानी रात को जिलेभर में विशेष अभियान चलाया गया। इस विशेष कांबिंग गश्त अभियान के तहत सीधी पुलिस द्वारा कुल 35 वारंट तामील किए गए, जिनमें 6 स्थाई वारंट एवं 29 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। गश्त के दौरान 19 गुंडा बदमाश एवं 28 निगरानी बदमाशों को चेक किया गया एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में शामिल न होने की सख्त हिदायत दी गई। अभियान में थाना स्तर पर की गई प्रमुख कार्यवाही में थाना कोतवाली में 2 स्थाई वारंट, 2 गिरफ्तारी वारंट, थाना जमोड़ी में 4 गिरफ्तारी वारंट, थाना चुरहट में 1 स्थाई वारंट, 5 गिरफ्तारी वारंट, थाना रामपुर नैकिन में 1 स्थाई वारंट, 3 गिरफ्तारी वारंट, थाना कमर्जी में 2 गिरफ्तारी वारंट, थाना अमिलिया में 4 गिरफ्तारी वारंट, थाना बहरी में 1 स्थाई वारंट, 3 गिरफ्तारी वारंट, थाना मझौली में 2 गिरफ्तारी वारंट, थाना कुसमी में 1 स्थाई वारंट, 1 गिरफ्तारी वारंट, थाना सेमरिया में 3 गिरफ्तार वारंट तामील किए गए। इस विशेष कांबिंग गश्त के अंतर्गत एक ही दिन में कुल 35 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिवत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उल्लेखनीय है कि सीधी पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर अंकुश लगाने हेतु प्रत्येक सप्ताह विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया जाता है। जिसके अंतर्गत हत्या, लूट, डकैती, मारपीट, आबकारी आदि गंभीर अपराधों में न्यायालय द्वारा जारी स्थाई/गिरफ्तारी वारंटों की तामीली की जाती है।

## मानवाधिकार संरक्षण के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**जागरण, सीधी।** मानवाधिकार संरक्षण संगठन एचआरडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित द्विवेदी के आगमन पर प्रदेश अध्यक्ष मानवाधिकार संरक्षण संगठन एचआरडी रामचंद्र तिवारी के नेतृत्व में सीधी जिले के अमिलिया थाना अंतर्गत कोदौरा में सीधी एवं सिंगरौली के कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। उपरांत प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमान डीडी चतुर्वेदी के निज निवास पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए बहरी में आयोजित कार्यक्रम के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित प्रदेश अध्यक्ष सीधी के कार्यालय आयोजन में सम्मिलित हुए। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष यादव, राष्ट्रीय सचिव विजय मिश्रा, संरक्षक रामचंद्र तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश डीडी चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष संतोष पाठक, मीडिया प्रभारी अलंकार द्विवेदी, जिला अध्यक्ष सीधी केके चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष सीधी विनय द्विवेदी, जिला अध्यक्ष सिंगरौली रितेश गुप्ता, विधिक सलाहकार स्वाती एवं उनके सहयोगी उपस्थित रहे।

# जिले में 11 पुलिस अधिकारी हुये इधर से उधर

### कन्हैया सिंह बघेल बने थाना कोतवाली प्रभारी

जागरण, सीधी




पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रवीन्द्र वर्मा ने प्रशासनिक दृष्टि से जिले के 11 पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किया है। जारी आदेश में संबंधित पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नये जगहों में अग्रिम आदेश तक के लिये अस्थाई रूप से कार्य हेतु पदस्थ किया गया है। स्थानांतरण सूची के अनुसार निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल को रीडर शाखा से थाना कोतवाली प्रभारी, कार्यवाहक निरीक्षक रीता त्रिपाठी को थाना यातायात से महिला थाना प्रभारी, कार्यवाहक निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय को पुलिस लाइन से थाना यातायात प्रभारी, कार्यवाहक निरीक्षक राजेश पाण्डेय को थाना अमिलिया से पुलिस लाइन सीधी, उप निरीक्षक दीपक बघेल को थाना मझौली से थाना चुरहट प्रभारी, उप निरीक्षक अतर सिंह पुलिस लाइन सीधी से थाना मझौली प्रभारी, उप निरीक्षक विवेक द्विवेदी को थाना कोतवाली से थाना कमर्जी प्रभारी, उप निरीक्षक विशाल शर्मा को चौकी सिहावल से थाना अमिलिया प्रभारी, उप निरीक्षक आकाश सिंह राजपूत को पुलिस लाइन से चौकी सिहावल प्रभारी, उप निरीक्षक विकास सिंह को चौकी बम्हनी से थाना कोतवाली एवं कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक भूपेन्द्र बागरी को थाना सेमरिया से चौकी बम्हनी प्रभारी के पद पर पदस्थ किया गया है।

# व्यापारी संघ ने किया राष्ट्रीय क्रिकेटर संस्कृति का सम्मान

### विधि केसरवानी और स्नेहा जायसवाल को किया सम्मानित

जागरण, सीधी




गंगोत्री रिसोर्ट में व्यापारी संघ सीधी एवं युवा व्यापारी संघ सीधी द्वारा वूमेंस प्रीमियर लीग 2025 में मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलने वाली सबसे कम उम्र की संस्कृति गुप्ता जिसने 10 मैच खेल कर फाइनल में जीत हासिल की, सीधी वापस आने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संस्कृति गुप्ता पिता राजकुमार गुप्ता ने 2020 से मध्य प्रदेश वूमेन क्रिकेट टीम की तरफ से खेल रही थी जिसमें उन्होंने अंडर-19 अंडर 23 में बेहतर प्रदर्शन करते हुए वूमेन प्रीमियर लीग में अपनी जगह बनाई। छोटी सी इसी उम्र में जुनून और साहस से भरपूर संस्कृति कई तरह के संघर्षों का सामना करते हुए 20 साल की उम्र में वूमेंस क्रिकेट में अपनी एक अलग पहचान बनाई। विधि केसरवानी पिता रमेश केसरवानी ने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं में 98.2 प्रतिशत प्राप्त कर सीधी जिले की प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्नेहा जायसवाल पिता अशोक जायसवाल ने एमपी बोर्ड अंग्रेजी माध्यम कक्षा दसवीं में 97.8 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्र मोहन गुप्ता एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापारी संघ के अध्यक्ष लालचंद गुप्ता ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन सब्जी फल मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं युवा व्यापारी संघ के महामंत्री अमित गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह बघेल, व्यापारी संघ के संरक्षक सदस्य कन्हैया सिंह, महामंत्री भीम कामदार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिहर सोनी, कोषाध्यक्ष रोशनलाल केशरवानी, सिंधी पंचायत सीधी के अध्यक्ष दिलीप सितानी, स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष हल्के सोनी, केशरवानी समाज के अध्यक्ष विजय गुप्ता, मार्गदर्शक सदस्य चंद्रभान बसंतानी, माखनलाल गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, कोर कमेटी के सदस्य राजेन्द्र सिंह चौहान, कमल कामदार, नरेंद्र केसरवानी सोनू, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद मिश्रा, पंकज सिंह चौहान, संतोष सिंह गहरवार, सदस्य उमेश सोनी, सतीश गुप्ता अखिलेश गुप्ता, वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी मीना गुप्ता, केसरवानी महिला सभा के अध्यक्ष संगीता केसरवानी, नीता गुप्ता, सोनांचल सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश सोनी, सब्जी फल मंडी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मुन्नालाल जायसवाल, युवा व्यापारी संघ के अध्यक्ष सनी मोटवानी, कार्यकारी अध्यक्ष रत्नीश सोनी, उपाध्यक्ष शिव शंकर गुप्ता, मंत्री अनूप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस द्वारा बच्चों के लिए किया जा रहा समर कैंप का आयोजन

**जागरण, सीधी।** बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक विकास हेतु आयोजित की जाएंगी विभिन्न गतिविधियों को लेकर पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे के नेतृत्व में सीधी पुलिस द्वारा दिनांक 21 मई 2025 से 5 जून 2025 तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप का उद्देश्य प्रतिभाओं को निखारना, रचनात्मक विकास को प्रोत्साहन देना तथा मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है। जिनमें म्यूजिक एवं डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पोर्ट्स एक्टिविटीज, ड्रामा/एक्टिंग वर्कशॉप, फिजिकल ट्रेनिंग, आउटिंग/फील्ड ट्रिप, थाना विजिट एवं पुलिस कार्य प्रणाली से परिचय, ट्रैफिक रूल्स की जानकारी, माइंड ट्रेनिंग, योग व मेडिटेशन अभ्यास शामिल है।

# जाम का कारण बने हैं ऑटो, कहीं भी रुककर बैठाते हैं सवारी

### सवारी देखकर कहीं भी रुक जाते हैं ऑटो रिक्शा

### ऑटो के कारण बाजार क्षेत्र में बढ़ रहे सड़क हादसे

जागरण,सीधी




शहर के बाजार क्षेत्रों में सुव्यवस्थित पार्किंग की सुविधा मुहैया होने के बावजूद बाजार क्षेत्र की सड़कों में वाहनों का खड़ा होना नहीं थमा। इसी के चलते आवागमन की समस्या बनी हुई है। बाजार क्षेत्र में जाम लगने का प्रमुख कारणों में से आटो-रिक्शा चालकों की मनमानी भी है। जिसके चलते आटो रिक्सा मनमानी तौर पर सवारी चढ़ाने एवं उतारने के लिये खड़े होते हैं जिसके चलते अनावश्यक रूप से जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। कई बार आटो चालक तेज रफ्तार में चलते हुये अचानक सवारी चढ़ाने के लिये रूक जाते हैं जिससे पीछे चल रहे दो पहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। आटो-रिक्शा चलाने में काफी संख्या में नाबालिग भी लगे हुये हैं। जिनकी मनमानी ड्राइविंग के चलते बाजार क्षेत्र में सड़क हादसे भी बढ़ रहे हैं। शहर में अस्पताल चौक से लेकर पटेलपुल क्षेत्र तक में सैकड़ों की संख्या में आटो-रिक्शा दौड़ रहे हैं। जानकारों के अनुसार शहर में चलने वाले आटो के लिये रूट निर्धारित न होने के कारण यह समस्या और भी गंभीर बनी हुई है। आटो-रिक्शा पूरे शहर में दौड़ रहे हैं जबकि आटो रिक्शों के लिये रूट का निर्धारण करने की जिम्मेदारी यातायात एवं परिवहन विभाग के है। रूट निर्धारित हो जाने के बाद आटो-रिक्शा अपने क्षेत्र में ही सवारियों को लेकर जा सकते हैं। सवारी ज्यादा से ज्यादा बैठाने की मंशा में चालक बाजार क्षेत्र में ही अपना अधिकांश समय गुजारते हैं। शहर में अस्पताल तिराहा से लेकर पटेल पुल एवं लालता चौक से न्यू बस स्टैण्ड क्षेत्र में सर्वाधिक संख्या में आटो दौड़ रहे हैं।

### नहीं होती मनमानी पर सख्त कार्यवाई

शहर के बाजार क्षेत्र में जगह-जगह ऑटो के रुककर सवारी बैठानें एवं उतारनें के कारण जाम की समस्या बनी हुई है। गर्मी के दिनों में दोपहर में तेज धूप होने के कारण भले ही सड़कें खाली रहती हैं लेकिन सुबह 11 बजे एवं शाम 5 बजे से 8 बजे तक ऑटो रिक्शा की धमाचौकड़ी बाजार क्षेत्र में बनी रहती है। विडंबना यह है कि सैकड़ों ऑटो अस्पताल तिराहा से लेकर पुराना बस स्टैंड,पटेल पुल मार्ग में दौड़ रहे हैं। यह मार्ग मुख्य बाजार क्षेत्र से संबद्ध होने के कारण यहां सबसे ज्यादा भीड़ रहती है। यहां ऑटो चालक भी इसी मंशा से दौड़ते हैं कि आधा किलोमीटर की यात्रा न करनें वाले लोग भी 10 रुपए बैठनें का देंगे। कई बार यह मांग रखी गई है कि शहर में चलने वाले ऑटो रिक्सा का रूट निर्धारित कर दिया जाए। किस मार्ग में कौन सा ऑटो चलेगा उसका निर्धारण हो जानें के बाद चालक पूरे शहर में फेरी लगाना बंद कर देंगे। शहर की बाजार क्षेत्र में जाम का प्रमुख कारण बने ऑटो की संख्या का निर्धारण करानें की जरूरत न तो जिला परिवहन विभाग समझ रहा है और न ही पुलिस। ऐसे में बाजार क्षेत्र में जाम की समस्या का कोई सार्थक निराकरण नहीं हो पा रहा है। सड़क की पटरियों पर जहां दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का कब्जा बना रहता है वहीं बीच में ऑटो-रिक्शों की कतारें जाम लगानें में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। इस समस्या पर सार्थक निराकरण कब होगा अनिश्चित है।

आटो-रिक्शा की बढ़ती संख्या पर भी रोक लगाने की दिशा में जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह से लापरवाह बने हुये हैं। जबकि शहर की जरूरतों एवं स्थान को दृष्टिगत रखते हुये आटो-रिक्शा की संख्या निश्चित करने की जरूरत है। सीधी शहर की परिधि दो किलोमीटर है। इतने कम क्षेत्र में करीब 1000 से ऊपर ऑटो-रिक्शा दौड़ रहे हैं। अधिकांश ऑटो रिक्शा अस्पताल तिराहा से लेकर पटेल पुल क्षेत्र एवं पुराना बस स्टैंड से लेकर न्यू बस स्टैंड के बीच ही दौड़ रहे हैं। जानकारों का कहना है कि ऑटो-रिक्शा चालक सवारियों से मनमानी तौर पर शहर के अंदर 20 रुपए तक वसूलने से गुरेज नहीं करते। जबकि शहरी क्षेत्र के अंदर 10 रुपए से ज्यादा किराया नहीं लिया जा सकता।






डीलरशिप हेतु संपर्क करें:- 9893738026,

# बर्तन बैंक की स्थापना के लिए विवेकानंद पार्क में बैठक आज

**जागरण, रीवा।** स्वयंसेवी संस्था कल्पना कल्याण समिति द्वारा नगर निगम रीवा एवं मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रीवा के मार्गदर्शन में सिंगल यूज प्लास्टिक की उपयोगिता को निष्प्रभावी करने के लिए प्रभावी योजना बनाई जा रही है। सिंगल यूज प्लास्टिक स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। इसके विकल्प के रूप में स्टील बर्तन बैंक की स्थापना किये जाने की योजना है। इसके लिए नगर निगम रीवा द्वारा महामृत्युंजय कॉम्प्लेक्स प्रथम तल में दुकान नंबर 17 आवंटित की गई है। स्टील बर्तन बैंक की स्थापना कर समाज के लोगों के विविध सामाजिक तथा धार्मिक आयोजनों में स्टील के बर्तन निःशुल्क उपलब्ध कराये जाएंगे। इस हेतु समाज में जन जागरूकता लाने के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा है। कल्पना कल्याण समिति के अध्यक्ष बीपी सिंह ने बताया कि स्टील बर्तन बैंक की स्थापना कार्य को अंतिम रूप देने के लिए 25 मई को शाम 5.00 बजे से विवेकानंद पार्क रीवा में बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में सामाजिक प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, व्यापारिक प्रतिनिधियों, युवाओं के साथ-साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में सभी से स्टील बर्तन बैंक की स्थापना के संबंध में विचार लिये जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल से आमजन में भी सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर बेहतर विकल्प स्टील के बर्तन के प्रति जागरूकता पैदा होगी। यह पहल स्वच्छता स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगी।

# अमहिया रोड में चलेगा बुल्डोजर! हुई नापजोख

## राजस्व रिकार्ड अनुसार आधी रोड में अतिक्रमण, 18 से 28 मीटर है चौड़ाई

### जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर निगम के इंजीनियरों द्वारा सिरमौर चौराहा से अस्पताल चौराहा तक की गई नाप

जागरण, रीवा




नगर निगम के इंजीनियरों द्वारा सिरमौर चौराहा से लेकर अस्पताल चौराहा तक अमहिया मार्ग की नापजोख की गई। जिला प्रशासन के निर्देश पर विगत शुक्रवार को की गई सड़क की नापजोख के कारण वे लोग दहशत में आ गये हैं जिन्होंने सड़क की जमीन पर कब्जा कर रखा है। शहर में जिस तरह पुराने से पुराने अतिक्रमण नगर निगम द्वारा एक झटके में हटा दिये गये है उसे लेकर लोग दहशत में भी दिखे। राजस्व रिकार्डों के अनुसार की गई इस नाप में कई जगह 5-6 मीटर तक कब्जा पाया गया। राजस्व रिकार्ड के मुताबिक सिरमौर चौराहा से लेकर अमहिया नाले तक सड़क की चौड़ाई 18 मीटर दर्ज है। इसके बाद गोस्वामी एक्सरे से लेकर गुरुद्वारा तक इस सड़क की चौड़ाई काफी अधिक है। राजस्व विभाग के नक्शे में 22 मीटर से लेकर 28 मीटर तक है। मौके पर यहीं पर सबसे सकरी सड़क है यहां पर सर्वाधिक कब्जा भी किया गया है। इसके अलावा गुरुद्वारा से लेकर अस्पताल चौराहा तक सड़क की चौड़ाई 18 मीटर नक्शे में दर्ज है। नापजोख के दौरान यह बात भी सामने आई कि कई दुकानदारों द्वारा 5-6 मीटर तक सड़क की जमीन पर कब्जा किया गया है। अन्नपूर्णा ट्रंक स्टोर के आसपास सड़क के दोनो तरफ सड़क पर कब्जा किया गया है। नापजोख में नगर निगम के सहायक यंत्री अम्बरीश, उपयंत्री रमेश सिंह, निखिल रजक, नरेन्द्र जोगी, पूर्वी अग्रवाल आदि इंजीनियरों की टीम मौजूद थी। बताया गया है कि जिला प्रशासन के निर्देश पर निगमायुक्त द्वारा यह नाप कराई है। हालाकि इसके पहले भी कई बार इस सड़क की नाप की जाकर अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार की गई लेकिन इसके बाद कार्यवाही आगे नहीं बढ़ी। अब इस मर्तवा की नाप का क्या नतीजा निकलेगा यह भविष्य के गर्भ में है।

### सुपर स्पेशिलियटी अस्पताल के सामने की सभी दुकानें अतिक्रमण में

नगर निगम के इंजीनियरों द्वारा की गई नापजोख के दौरान यह बात भी सामने आई कि सुपर स्पेशिलियटी अस्पताल के सामने की सभी दुकानें अतिक्रमण करके बनाई गई है। लंबे समय से काबिज इन दुकानों को भी हटाने की कार्ययोजना नगर निगम द्वारा तैयार कर ली गई है। इन दुकानों को कभी भी जेसीबी से धराशाई किया जा सकता है।

### अमहिया नाला के आगे दोनो तरफ टूटेंगी दुकानें

नाप जोख में यह बात सामने आई है कि अमहिया नाले से आगे सड़क दोनों तरफ की दुकानें का 5-10 फीट सामना सड़क की जमीन पर बनाया गया है।



# अनुराज रियल स्टेट सहित 6 बड़े बकायादारों के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं भवनों की गई तालाबंदी



**जागरण, रीवा।** नगर निगम द्वारा बकाया 40 करोड़ रुपये संपत्तिकर की वसूली के लिए बड़े बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। नगर निगम के राजस्व विभाग के लगभग दो दर्जन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा वार्ड 3 एवं 4 के बड़े बकायादारों के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं भवनों में तालाबंदी की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही से संपत्तिकर के बकायादारों में हड़कंप मच गया है। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर संपत्तिकर बकाया वसूली को लेकर नगर निगम द्वारा सख्त कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम की राजस्व टीम द्वारा शनिवार को अनुराज रियल स्टेट सहित 6 बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं भवनों पर टैक्स बकाया होने के चलते तालाबंदी की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में उपायुक्त राजस्व एम.एस. सिद्दीकी, सहायक राजस्व अधिकारी रावेंद्र सिंह व नीलेश चतुर्वेदी, राजस्व निरीक्षक रवि प्रकाश मिश्र, उप निरीक्षक विष्णु लखेरा, मो. अली, मो. शकील अंसारी, सुधांशु विश्वकर्मा तथा आशीष त्रिपाठी, सर्वेश दुबे, वरुण रैकवार, मुजीब खान, भगवानदास मिश्र, राहुल चुटेले, मो. इस्तियाक खान, सौरभ मिश्रा, आयुष पांडेय सहित राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर निगम द्वारा जिन प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही हुई उनमें मकान नंबर 03/1141 इस्माइल खान बकाया रू. 3,52,722, मकान नंबर 05/171 राजेंद्र दुबे बकाया रू. 1,25,053, मकान नंबर 05/170 उर्मिला दुबे बकाया रू. 81,156 एवं मकान नंबर 04/719 अनुराज रियल स्टेट बकाया रू. 11,76,594 की राशि शामिल है। नगर निगम द्वारा बकायादारों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्यवाही जारी रहेगी। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया है कि समय पर संपत्तिकर जमा न करने वाले बकायादारों पर इसी तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे समय रहते अपना टैक्स जमा कर निगम के विकास कार्यों में सहयोग करें एवं शहर विकास में भागीदार बने।

# राष्ट्र सर्वोपरि है यह भाव स्वयं में व समाज में जीवंत करें: संघ प्रमुख





## जेड प्लस सुरक्षा घेरे के साथ रवाना हुए आरएसएस प्रमुख

### डायवर्ट रहे मार्ग, चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहा पुलिस बल

शनिवार की शाम 3.45 बजे निराला नगर से आरएसएस प्रमुख श्री भागवत रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुए। इस दौरान करीब आधा घण्टा पुलिस ने निराला नगर से रेलवे स्टेशन तक अन्य वाहनों की आवाजाही रोक दी। रीवा-आनंद विहार ट्रेन से संघ प्रमुख दिल्ली के लिए रवाना हुए। निराला नगर से रेलवे स्टेशन तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। रेलवे की ओर आने जाने वाले वाहनों को दुआरी जेपी रोड से होकर डायवर्ट किया गया था। इसी तरह सिरमौर रोड से आने वाले वाहनों को रतहरा बायपास व सार्किन रोड से होकर रवाना किया गया साथ ही बस स्टैण्ड से सिरमौर रोड जाने वाली बसों को लाडली लक्ष्मी पथ मार्ग से बायपास की ओर निकाला गया था।

**जागरण, रीवा।** सरस्वती स्कूल निराला नगर में चल रहे तीन दिवसीय विशेष अभ्यास वर्ग में शामिल होने के बाद शनिवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत जेड प्लस सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम के बीच रीवा से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। एनएसजी के आधा सैकड़ा कमांडो के साथ ही जैमर वाहन सुरक्षा में मुस्तैद रहे। जिले के एसडीओपी सहित थाना प्रभारियों के साथ तीन सैकड़ा पुलिस कर्मी सुरक्षा में लगे रहे। डॉ भागवत अपने तीन दिवसी प्रवास में विभिन्न अभ्यास वर्ग के प्रकल्पों में भाग लिया और मार्गदर्शन दिया। संघ प्रमुख प्रतिदिन शाखा वर्ग में भाग लेने के साथ ही प्रशिक्षण दौरान प्रबोधन दिया। श्री भागवत ने शनिवार को जिज्ञासा कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रशिक्षकों और स्थानीय व्यवस्थापकों के साथ संवाद किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट, सर्वोंपरि है यह भाव स्वयं में जागृत करें और समाज में जीवंत करते हुए कार्य करें। इस दौरान मध्य क्षेत्र के आरएस पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# चेक बांउसः अपील में नहीं मिली राहत सजा बरकरार, जेल वारंट जारी

**जागरण, रीवा।** चेक बाउंस के एक मामले में एडीजे कोर्ट ने अपील निरस्त कर सजा बरकरार रखी है। साथ ही जेल वारंट भी जारी किया है। उदरअसल अभियुक्त संतोष पटेल तनय राजमणि पटेल उम्र 55 वर्ष निवासी वार्ड नं.9 टाटा इण्डिकाम टावर के पास सुन्दर नगर बोदाबाग थाना वि.वि. ने सोलहवें अपर सत्र न्यायाधीश रीवा के समक्ष दाण्डिक अपील क्र.2/2025 संतोष पटेल बनाम मो.रियाज अंसारी के उन्मान के नाम से प्रस्तुत किया था। जिसमें न्यायालय सोलहवे अपर सत्र न्यायाधीश ने 20 मई 25 को निर्णय पारित करते हुए दाण्डिक अपील निरस्त कर संतोष पटेल के विरुद्ध जेल वारंट जारी किया जिसमें संतोष पटेल फरार है। संतोष पटेल ने वर्ष 2018 में परिवादी/उत्तरार्थी मो.रियाज अंसारी तनय शेख मुबारक निवासी तरहटी थाना सिटी कोतबाली जिला रीवा (म.प्र.) से सात लाख रुपये कर्ज लिया था और उक्त कर्ज की अदायगी हेतु एचडीएफसी बैंक शाखा रीवा के अपने खाते का चेक दिया था। रियाज अंसारी द्वारा राशि आहरण हेतु चेक अपने खाते में प्रस्तुत किया गया था जो अपर्याप्त निधि की टीप के साथ अनादरित हो गया था जिस पर रियाज अंसारी ने अपने अधिवक्ता कुलदीप सिंह सोमवंशी के माध्यम से विधिक नोटिस प्रेषित करने के पश्चात् परिवाद क्र. एस. सी. एन. आई. ए. 1006/2019 रियाज अंसारी बनाम संतोष पटेल के उन्मान के नाम से प्रस्तुत कराया था एवं न्यायालय श्रीमान् न्यायिक दण्डाधिकारी महोदय रीवा समक्ष श्री अक्षत तायल साहब ने दिनांक 13.12.2024 को निर्णय पारित कर अभियुक्त संतोष पटेल को एक वर्ष के साधारण कारावास व 10,15000/- रुपये के प्रतिकर से दण्डित किया था तथा प्रतिकर की राशि न अदा करने की स्थिति में तीन माह के अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया था। अधीनस्थ न्यायालय के उक्त आदेश के विरुद्ध अपीलार्थी संतोष पटेल ने अपील प्रस्तुत की थी जिसे न्यायालय द्वारा निरस्त कर जेल वारंट जारी किया गया है।

# आउटडोर मीडिया विज्ञापन नियम से होगी नगर निगम को करोड़ों की आय

## शहर में अवैध होर्डिंग बैनर लगाने वालों पर की गई बड़ी कार्रवाई

### मीडिया नियमों का पालन नहीं करने पर की गई कार्यवाही

**जागरण, रीवा।** नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में आउटडोर मीडिया विज्ञापन नियम 2017 को प्रभावशील कर दिया गया है। इसके तहत शहर में अब कोई भी नियम के विरूद्ध अवैध होर्डिंग बैनर नहीं लगा पाएगा। तीन फुट चौड़ाई से अधिक चौड़ाई का होर्डिंग या बैनर पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। आउटडोर मीडिया विज्ञापन नियम 2017 के अनुसार तीन फुट चौड़ाई का होर्डिंग या बैनर लगाने के लिए भी पंजीयन कराना होगा। इसके लिए 11 हजार रुपये में तीन साल के लिए पंजीयन किये जाने का प्रावधान है। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर राजस्व अमले द्वारा शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों में अवैध होर्डिंग बैनर पर बड़ी कार्रवाई किये जाने सें व्यापारी जगत में हड़कंप मच गया है। गौरतलब है कि आउटडोर मीडिया विज्ञापन नियम 2017 के तहत नगर निगम द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुये नियमों को उल्लंघन करते पाये जाने पर दो प्रतिष्ठानों विष्णु हार्ले तथा अथर्व ग्रीन पर कुल रु. 40 हजार का जुर्माना लगाया गया है। अवैध विज्ञापन लगाने एवं नियमों के उल्लंघन के मामले में पूर्व में प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किये गये थे, जिस पर शहर के कुछ प्रतिष्ठानों द्वारा पंजीयन भी कराया गया। लेकिन उस समय तत्कालीन निगमायुक्त से व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल मिला। इसके बाद यह कार्यवाही ठंडे बस्ते में डाल दी गई। लेकिन करोड़ों रुपये की आय वाले इस नियम को प्रभावशील करने के बाद ही नगर निगम का खाजाना भरेगा। आउटडोर मीडिया विज्ञापन नियम के तहत कार्यवाही शुरू होने के बाद कुछ प्रतिष्ठानों द्वारा समय सीमा की भी मांग की गई है।

# चिरहुला हनुमान मंदिर पहुंच मार्ग के दुकानदार न प्रीमियम दे रहे न ही किराया



**जागरण, रीवा।** चिरहुला हनुमान जी मंदिर पहुंच मार्ग में स्थित दुकानदारों द्वारा न तो दुकानों की किश्त दी जा रही है और न ही दुकानों का किराया ही नगर निगम को दिया जा रहा है। नगर निगम द्वारा इन दुकानदारों को व्यवस्थापन के तहत दुकानें आवंटित की गई थी, लेकिन दुकानें पाने के बाद कई दुकानदारों ने प्रीमियम की निर्धारित राशि देना बंद कर दिया है। गौरतलब है कि चिरहुला हनुमान जी मंदिर के पहुंच मार्ग में तालाब के किनारे पटरी पर 20 दुकानों का निर्माण कराया जाकर नगर निगम रीवा द्वारा वहां पर फूल, प्रसाद, माला आदि का व्यवसाय कर रहे व्यवसायियों को व्यवस्थापन के अधीन दुकानें आवंटित की गई हैं। इनमे से 07 दुकानदारों द्वारा प्रीमियम की सम्पूर्ण राशि जमा की गई है, किन्तु 13 हितग्राहियों द्वारा प्रीमियम की सम्पूर्ण राशि भी नहीं जमा किया गया तथा किराया की राशि भी बकाया है। इसे गंभीरता से लेते हुए निगमायुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे द्वारा अवशेष प्रीमियम एवं किराया की बकाया राशि 07 दिवस के अन्दर जमा किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है। निगमायुक्त के निर्देश पर दुकानदारों को राशि जमा करने की नोटिस दी गई। निर्धारित अवधि में राशि जमा न होने पर आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

# शहर में फिर स्थापित किये गये ओपन जिम के क्षतिग्रस्त उपकरण

**जागरण, रीवा।** शहर के नागरिकों की मांग एवं सुविधा को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम रीवा द्वारा पार्कों में स्थापित ओपन जिम के क्षतिग्रस्त उपकरणों की मरम्मत एवं प्रतिस्थापन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर यह कार्य पूर्ण कर 6 प्रमुख स्थलों पर ओपन जिम की सुविधाएं दोबारा सुचारु रूप से प्रदान की गई हैं। नगर निगम द्वारा टीआरएस कॉलेज, रानी तालाब, ढेकहा, एमपीईबी ऑफिस के पास, चिरहुला तालाब एवं चिरहुला कॉलोनी सहित 6 पार्क स्थलों पर ओपन जिम उपकरणों को बदल कर सुविधाएं सुचारू रूप से प्रारंभ कर दी गई हैं। इसके साथ ही निगम द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि अन्य पार्कों में भी शीघ्र ही क्षतिग्रस्त उपकरणों को बदला जाएगा, ताकि सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। निगम इस दिशा में लगातार कार्य कर रहा है ताकि शहर के सभी नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। पूर्व में इन स्थलों पर विधायक निधि से ओपन जिम के उपकरण स्थापित किये गये थे लेकिन धीरे-धीरे ये उपकरण खराब हो गये थे। इनमे से जो मरम्मत के लायक उनका सुधार किया एवं जो उपकरण पूरी तरह खराब हो गये थे उन्हें बदल दिया गया है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे इन सुविधाओं का सही उपयोग करें एवं सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा में सहयोग करें।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-रीवा
माधवराव सप्रे मार्ग,(मुख्य मार्ग क्रमांक-03)
भोपाल (म0 प्र0)462003

नि.आं.सू.क्रं 02/एन.एच.एम/2025-6/351 भोपाल दिनांकः 2315/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,संभाग-रीवा की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम)से(www.mptenders.gov.in)(Department of Directorate of Health Services)दो लिफाफा पद्धति से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी. आई.यू. लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर.01.01.2024(निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित)दरों पर आमंत्रित की जाती है।निविदा का विवरण निम्नानुसार हैः

ई-निविदा सूचना क्रमांक-02/2025-26 दिनांक 23.05.2025

| सं. क्रं | टेण्डर नं.2025_DHS | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | जमा धरोहर (राशि रू.) | टेण्डर दर (राशि रू.) | समय सीमा वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_DHS_426007 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रहट विकासखण्ड गोविन्दगढ जिला रीवा मे ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट की स्थापना कार्य। | 42.37 | 50000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 2 | 2025_DHS_426008 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरमौर विकासखण्ड सिरमौर जिला रीवा मे ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट की स्थापना कार्य। | 42.37 | 50000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 3 | 2025_DHS_426009 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोहावल विकासखण्ड सतना जिला सतना मे ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट की स्थापना कार्य। | 42.37 | 50000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 4 | 2025_DHS_426010 | रीवा सभांग के अतंर्गत जिला सिंगरौली के विकासखण्ड बैढ़न में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुटार में बीपीएचयू की स्थापना का कार्य। | 42.37 | 50000.00 | 5000.00 | 06 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी.वेबसाइट(http://www.mptenders.gov.in)पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 26.05.2025 प्रातः 10.30 से दिनांक 09.06.2025 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी,एन.एच.एम भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट(http://www.mptenders.gov.in)पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रो मे नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
संभाग-रीवा

जी-13384/24

कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग उमरिया (म०प्र०)
Web Site: www.mppwd.gov.in, email:-eepwdumaria@nic.in
Phone No.- 07653-292716, Fax No.- XXXXXXXXXXXX

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना :- 05/व.ले.लि./2025-26 /उमरिया दिनांक : 19/05/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु आन लाईन निविदा e-Tendering System Portal https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक शासन द्वारा जारी आदेश की शर्तो पर आमंत्रित की गई है।

| स. क्र. | आनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र की कीमत | धरोहर राशि (रू. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आमंत्रण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWD RB_424684 _1 | लो0नि0वि0 संभाग उमरिया के अन्तर्गत शासकीय अधिकारी/कर्मचारियों के आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत एवं रंगाई पोताई का कार्य। | 15.00 रू. पन्द्रह लाख मात्र | 2,000 रू. दो हजार मात्र | 30,000 रू. तीस हजार मात्र | सिविल | 06 माह | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 2025_PWD RB_424685 _1 | कलेक्टर महोदय एवं एडीएम उमरिया के आवासीय बंगले की साधारण मरम्मत एवं रंगाई पोताई का कार्य। | 15.00 रू. पन्द्रह लाख मात्र | 2,000 रू. दो हजार मात्र | 30,000 रू. तीस हजार मात्र | सिविल | 06 माह | प्रथम आमंत्रण |
| 3 | 2025_PWD RB_424686 _1 | जोनल कॉट्रेक्ट के तहत लोक निर्माण विभाग संभाग उमरिया के अन्तर्गत वर्षाकाल में सड़कों में पैच रिपेयर एवं मरम्मत का कार्य। | 20.00 रू. बीस लाख मात्र | 2,000 रू. दो हजार मात्र | 40,000 रू. चालीस हजार मात्र | सिविल | 31.03.26 तक | प्रथम आमंत्रण |
| | | योग | 50.00 | रू. पचास लाख मात्र | | | | |

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य बेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 27.05.2025 10:30 से 03.06.2025 शाम 17:30 बजे तक है।
3. ऑनलाईन में अमानत राशि की स्केन कापी एवं अन्य डाक्यूमेन्ट स्केन कापी अपलोड एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 03.06.2025 शाम 17:30 बजे तक है।
4. टेण्डर डॉक्यूमेंट (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज तिथि 03.06.2025 शाम 17:30 बजे तक केवल ऑनलाईन ही सबमिट किये जायेंगे।
5. निविदा खुलने का दिनांक 05.06.2025 सुबह 10:30 से शाम 17:30 बजे तक।
6. म0प्र0 शासन लो0नि0वि0 के ज्ञाप क्र. एफ-53/02/2011/यो/19/524 भोपाल दिनांक 14.02.2025 के तहत निम्नानुसार संशोधित निविदा परिपत्र के अनुसार।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग उमरिया (म.प्र.)

जी-13356/25

# जयघोष के साथ हुआ नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन जागरुकता यात्रा का शुभारंभ




## जन अभियान परिषद् द्वारा निकाली गई नर्मदा पथ सर्वेक्षण यात्रा

**जागरण मंडला।** ग्राम पंचायत बड़झर विकासखण्ड मोहगांव के दक्षिण तट से नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन जागरूकता यात्रा का शुभारंभ किया गया। करुणामई माता जी एवं हरिदास महाराज, दल प्रभारी श्री सुनील कुमार साहू, सहयोगी संतोष कुमार झारिया विकासखण्ड समन्वयक मंडला, नेमलाल धुर्वे विकासखण्ड समन्वयक, ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यात्रा की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गठित मंत्री मंडलीय समिति की प्रथम बैठक में जीवन दायिनी मां नर्मदा के जल को निर्मल तथा प्रवाह को अविरल रखना एवं समग्र विकास हेतु 10 विभागों यथा नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि एवं कल्याण किसान, वन, राजस्व, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, संस्कृति,पर्यटन, धर्मस्व, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी व खनिज संसाधन एवं जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए गए थे कि परिषद स्तर से बैठक के निर्णय नर्मदा नदी के संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता एवं जन जागरूकता हेतु गतिविधियों का संचालन एवं समन्वय किया जाए। उक्त निर्णय के परिपालन में परिषद द्वारा नर्मदा तटीय 16 जिलों के किनारे 51 विकासखण्डों की मां नर्मदा के तटीय 535 ग्राम पंचायतों में जन जागृति के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। मंडला जिले की 70 ग्राम पंचायतों में 25 मई से 5 जून 2025 तक सर्वेक्षण एवं जन जागरूकता यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। नर्मदा पथ सर्वेक्षण यात्रा के शुभारंभ अवसर पर ग्राम पंचायत बडझर, सिंगापुर, देवगांव, कुंडों पानी, चंदवारा, चौगान के पंच, सरपंच, सचिव, जन प्रतिनिधियों एवं संबंधित पंचायतों के ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# जवाबदेही पर सवाल : नोटिसों की अनदेखी के बावजूद सरपंच-सचिव पर नहीं हुई सख्त कार्रवाई

**जागरण डिंडोरी।** जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत जुनवानी में वित्तीय अनियमितता की गंभीर शिकायत के बाद भी सात महीने बीतने पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना, जिले में प्रशासनिक ढिलाई और जवाबदेही की कमी को उजागर करता है। सचिव गजरूप सिंह मरावी को तत्कालीन जनपद सीईओ निखिलेश कटारे द्वारा दो बार कारण बताओ नोटिस और एक बार अंतिम कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, जिसमें 2 दिवस में जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया था, परंतु सचिव द्वारा अब तक कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया।

## फरमान को ठेंगा, जवाब देने की नहीं समझी जरूरत

तत्कालीन जनपद सीईओ द्वारा 10 सितंबर 2024 को अंतिम नोटिस जारी कर सचिव को स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि धुंधले बिल लगाकर 5वें वित्त आयोग की राशि का गलत तरीके से आहरण और व्यय किया गया है। यह जानकारी साईड लुक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के आधार पर सामने आई थी। खबर के अनुसार पंचायत दर्पण पोर्टल पर डाले गए बिल इतने धुंधले थे कि उन्हें पढ़ने के लिए दूरबीन की आवश्यकता पड़ती।

नोटिस में उल्लेखित था कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के जुलाई माह में ?1,83,000 की राशि कार्यालय व्यय एवं अन्य सामग्री के नाम से आहरित की गई, जबकि 5वें वित्त की कोई राशि उस समय शासन द्वारा पंचायत को प्रदाय ही नहीं की गई थी। इससे स्पष्ट होता है कि सचिव ने 5वें वित्त की राशि का दुरुपयोग किया।

## जिला पंचायत को भेजा गया अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु पत्र

नोटिसों की अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन जनपद पंचायत सीईओ निखिलेश कटारे ने सचिव के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु जिला पंचायत को औपचारिक पत्र भेजा है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि सचिव गजरूप सिंह मरावी पंचायत के विकास में रुचि नहीं लेते और लगातार शासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं। यह कृत्य म.प्र. पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 2011 के नियम 4 का स्पष्ट उल्लंघन है।

## महीने बाद भी कोई कार्रवाई नहीं.

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि पूरे मामले को सात महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक जिला पंचायत द्वारा सचिव के विरुद्ध कोई ठोस अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। इससे यह संदेश जा रहा है कि नोटिस और निर्देश केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं, और भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों को मौन प्रश्रय मिल रहा है।

## क्या यही है जवाबदेही की स्थिति?

ग्राम पंचायत जुनवानी के इस मामले ने पूरे जनपद में प्रशासनिक अनुशासन पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। अगर समय पर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो यह न केवल वित्तीय अनुशासन को तोड़ेगा, बल्कि अन्य ग्राम पंचायतों में भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देगा।

# मुस्कान अभियान के तहत 24 घंटे में 8 गुमशुदा बालक-बालिकाएं दस्तयाब

**छतरपुर।** पुलिस ने विशेष मुस्कान अभियान के तहत 24 घंटे में 8 गुमशुदा बालक-बालिकाओं को दस्तयाब कर उनके परिजनों को सौंपा। अभियान के 23 दिनों में कुल 73 बच्चों को विभिन्न राज्यों और जिलों से बरामद किया गया है। थाना बमीठा, जुझार नगर, गढ़ी मलहरा, लवकुश नगर, गौरिहार, और ओरछा रोड पुलिस ने उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, और पंजाब में तलाश कर यह उपलब्धि हासिल की।

छतरपुर पुलिस परेशन मुस्कान और विशेष मुस्कान अभियान के तहत गुमशुदा बच्चों, व्यक्तियों, और मानसिक रूप से अस्थिर लोगों को उनके परिवारों तक पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है। 1 जनवरी 2025 से अब तक 210 से अधिक गुमशुदा बच्चों को बरामद किया गया है। विशेष मुस्कान अभियान के तहत 23 दिनों में 73 बच्चों को दस्तयाब किया गया। थाना बमीठा ने 2022 और 2023 में गुम हुई दो बालिकाओं को हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, और पंजाब से बरामद किया। जुझार नगर पुलिस ने अप्रैल 2025 में गुम दो बालिकाओं को नोएडा से ढूंढा। गढ़ी मलहरा पुलिस ने 2022 में गुम एक बालिका को दिल्ली से बरामद किया। लवकुश नगर पुलिस ने 24 घंटे में, ओरछा रोड पुलिस ने दो दिन में, और गौरिहार पुलिस ने 2024 में गुम बच्चों को तलाश कर परिवारों को सौंपा। बाजारों, धार्मिक स्थलों और अन्य स्थानों से सैकड़ों बच्चों को बरामद कर सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाया गया है।

## विद्युत चोरी पर खजुराहो में चला चेकिंग अभियान, 29 उपभोक्ताओं पर दर्ज हुए प्रकरण

**खजुराहो।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के खजुराहो संभाग अंतर्गत शनिवार को कार्यपालन अभियंता श्री गुर्जर के निर्देश पर खजुराहो शहर वितरण केंद्र में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान स्मार्ट मीटरों में छेड़छाड़ की जानकारी सामने आने पर विद्युत विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए विद्युत चोरी अधिनियम की धारा 135 के तहत 29 उपभोक्ताओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए हैं। विभागीय टीम द्वारा की गई जांच में यह पाया गया कि कई उपभोक्ता स्मार्ट मीटरों में छेड़छाड़ कर विद्युत चोरी कर रहे थे। इन मामलों में संबंधित उपभोक्ताओं से रिकवरी की राशि वसूली जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटरों में की गई किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ की जानकारी तुरंत उच्च अधिकारियों को प्राप्त हो जाती है। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विद्युत चोरी जैसे दंडनीय अपराध से बचें और स्मार्ट मीटरों में किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें।

# फरियादी की सक्रियता से पकड़े चोर, पुलिस के हवाले

## मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर रोड स्थित एलसी चौरसिया के पास रहने वाले ओमप्रकाश शर्मा के मकान में सुबह चोरी की वारदात हुई। दो चोर दीवार फांदकर घर में घुसे और उन्होंने मोबाइल, चार्जर, स्कूटी की चाबी एवं लगभग 10 किलो सरिया चोरी कर फरार हो गए। यह मामला तब उजागर हुआ जब चोर सरिया लेकर भागे। इसके पूर्व वे कहीं कबाड़ की दुकान पर बेचते इसकी सूचना सभी कबाड़ वालों को कर दी गई थी। जैसे ही चोर देरी रोड स्थित कबाड़ की एक दुकान पर सरिया बेचने पहुंचे उन्होंने तत्काल फरियादी को फोन पर सूचित किया। और चोरों को पकड़कर सिविल लाइन थाने के हवाले कर दिए गए।

ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि जैसे ही वे सुबह कमरे के अंदर गए, चोर दूसरे कमरे से कीमती सामान चुराकर भाग निकले। चोरी की सूचना मिलते ही फरियादी ने सतर्कता दिखाते हुए क्षेत्र के सभी कबाड़ दुकानों पर जानकारी देकर संपर्क नंबर साझा किया। कुछ समय बाद देरी तिराहा स्थित एक कबाड़ी ने सूचना दी कि दो युवक चोरी जैसे सामान के साथ उसकी दुकान पर आए हैं।

सूचना मिलते ही ओमप्रकाश मौके पर पहुंचे और दोनों चोरों को रंगे हाथों पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने चोरी किए गए मोबाइल, सरिया और अन्य सामान की जानकारी दी। इसके बाद तुरंत सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना दी गई।

थाना प्रभारी बाल्मीक चौबे ने बताया कि आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फरियादी ओमप्रकाश शर्मा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। पकड़े गए दोनों आरोपी छतरपुर के ही निवासी हैं। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और चोरी की अन्य वारदातों में इनकी संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।



# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, फरार हत्यारोपी सहित 24 वांछित आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर( ।** सिटी कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई कॉम्बिंग गश्त के दौरान बड़ी सफलता हासिल की है। कार्रवाई के तहत पुलिस ने 14 स्थायी वारंटी और 8 गिरफ्तारी वारंटी समेत कुल 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में दो हत्या के मामले में फरार आरोपी भी शामिल हैं। हरिओम शुक्ला हत्याकांड में लंबे समय से फरार चल रहा आरोपी अमित उर्फ राम सोनी को भी पुलिस ने दबोच लिया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## राशन हितग्राहियों के लिए 31 मई तक ई-केवायसी अनिवार्य

**छतरपुर।** जिला प्रशासन ने राशन हितग्राहियों को 31 मई 2025 तक ई-केवायसी सत्यापन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए हैं, अन्यथा वे निःशुल्क राशन से वंचित हो जाएंगे। कम प्रगति वाले ग्रामों में शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर विशेष कैम्प लगाकर ई-केवायसी कराने का अभियान शुरू किया गया है। हितग्राही मेरा ई-केवायसी ऐप के माध्यम से घर बैठे भी सत्यापन कर सकते हैं।

जिले में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 3,30,064 परिवार (14,29,488 हितग्राही) पंजीकृत हैं, जिनमें से 85 प्रतिशत की ई-केवायसी पूरी हो चुकी है। शेष 2,14,623 (15 प्रतिशत) हितग्राहियों की केवायसी बाकी है। कैम्पों में उचित मूल्य दुकान के विक्रेता, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, नोडल अधिकारी और वार्ड प्रभारी सर्वे कर सत्यापन करा रहे हैं। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, वृद्धजनों या बायोमैट्रिक सत्यापन में असमर्थ हितग्राहियों के लिए मेरा ई-केवायसी ऐप लॉन्च किया गया है, जिससे फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए सत्यापन संभव है। यह ऐप हितग्राही स्वयं या अन्य पात्र व्यक्तियों की केवायसी के लिए भी उपयोग कर सकते हैं। प्रशासन ने सभी हितग्राहियों से तत्काल नजदीकी उचित मूल्य दुकान या ऐप के माध्यम से ई-केवायसी कराने की अपील की है।

# नाबालिग ने घर में नीम के पेड़ से लगाई फांसी, कारण अज्ञात



**छतरपुर।** शहर के रामनगर इलाके में शनिवार सुबह एक नाबालिग द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान तानेय अहिरवार उम्र लगभग 15 वर्ष पिता कृपाल अहिरवार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 9ः30 बजे की है जब तानेय ने अपने घर में नीम के पेड़ से फांसी लगा ली। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। जब परिजनों को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया।

सिटी कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है। आत्महत्या के पीछे का कारण फिलहाल अज्ञात है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और परिजनों से पूछताछ कर रही है।

## शादी की सामग्री से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी, कई बाराती घायल

**जागरण डिंडौरी।** सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत डिंडौरी-अमरकंटक मार्ग पर स्थित सिमर तिराहा के पास रविवार दोपहर एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। यह पिकअप एक शादी समारोह से लौट रही थी, जिसमें बाराती और दहेज का सामान भरा हुआ था प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमरपुर से माडियारास लौट रही विश्वकर्मा परिवार का बारात की पिकअप गाड़ी दोपहर लगभग 12 बजे जैसे ही सिमर तिराहा के पास पहुंची, वह अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन में दर्जनों लोग सवार थे, जिनमें से कई को गंभीर चोटें आई हैं।

सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से राहत और बचाव कार्य तत्परता से किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन की रफ्तार अधिक थी, जिससे चालक का संतुलन बिगड़ गया और हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद, तालाब में झूलती बिजली लाइन से स्थानीय लोगों को खतरा

**जागरण डिंडोरी।** जिले में विद्युत विभाग मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली आपूर्ति ठप कर देता है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लेकिन इसके बावजूद जिला मुख्यालय जैसी संवेदनशील जगह पर भी विद्युत विभाग की लापरवाही साफ देखी जा सकती है। मुख्यालय पुरानी डिंडौरी वार्ड नंबर 11 के एक तालाब में झूलती हुई हाई वोल्टेज बिजली लाइन ने सुरक्षा को लेकर विभाग की गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तालाब में गिरती यह लाइन कभी भी जानलेवा हादसे का कारण बन सकती है, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय नागरिकों ने इस मुद्दे को लेकर चिंता जताई है और संबंधित अधिकारियों से जल्द कार्रवाई की मांग की है। यह स्थिति बताती है कि मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद करना सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया है, जबकि ज़मीनी स्तर पर सुरक्षा और व्यवस्था दोनों ही नदारद हैं।

# जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सीईओ जिला पंचायत ने खैरी के तालाब का किया निरीक्षण



**जागरण मंडला।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम एवं सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने ग्राम पंचायत खैरी में सार्वजनिक तालाब का निरीक्षण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कुशराम ने कहा कि तालाब के गहरीकरण, सौन्दर्यीकरण के प्रस्ताव तैयार करने के संबंध में चर्चा की। सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने स्थानीय सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणजनों से चर्चा करते हुए कहा कि तालाब का सीमांकन कराएं। इस अवसर पर एसडीओ श्री आदित्य पांडे, उपयंत्री श्री आशीष तिवारी, श्री उरमिलिया सहित संबंधित उपस्थित थे।

# सीईओ जिला पंचायत ने सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण किया

**जागरण मंडला।** सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने ग्राम खैरी में बनाए गए सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास भवन का निरीक्षण किया। भवन में फर्नीचर एवं फिनीशिंग का कार्य किया जा रहा है, उपस्थित अधिकारियों से प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि सभी कार्यों का बारीकि से निरीक्षण करें। भवन के पीछे की ओर बाऊँड्रीवॉल का निर्माण कराएं। आवास कक्षों में बनाई जा रही आलमारी एवं अन्य फर्नीचर की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। स्मार्ट क्लास रूम में बेहतर इलेक्ट्रीफिकेशन कराएं। विद्युत रूम को पूरी तरह कवर करें। बिल्डिंग के दोनों सिरों पर आवश्यकतानुसार रैनवाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाएं। भवन में लगाए गए इलेक्ट्रिक शॉकेट को सुरक्षित कराएं। निरीक्षण के दौरान एसडीओ श्री आदित्य पांडे, उपयंत्री श्री आशीष तिवारी एवं श्री उरमिलिया सहित संबंधित उपस्थित थे।



# युद्ध में दुश्मन के संदेश पढ़ सकता है चैटजीपीटी

● निकोला डेविस ●

दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान, जर्मनी द्वारा उपयोग किया गया एनिग्मा कोड अपनी जटिलता के लिए कुख्यात था। यह कोड युद्ध के मैदान के संदेशों को सुरक्षित रखने का एक महत्वपूर्ण साधन था, जिसे तोड़ना मित्र राष्ट्रों के लिए एक असंभव चुनौती बन गया था। ब्रिटिश गणितज्ञ एलन एम ट्यूरिंग और उनकी टीम ने 1930 के दशक में एनिग्मा कोड के शुरुआती संस्करणों को तोड़ लिया, लेकिन जब जर्मनी ने अपनी सुरक्षा का स्तर और बढ़ाया, तो ट्यूरिंग को नई मशीनें विकसित करनी पड़ीं। 1943 तक ये मशीनें हर मिनट में दो संदेशों को पढ़ लेती थीं। द गार्जियन की निकोला डेविस लिखती हैं कि एनिग्मा कोड को तोड़ने के लिए ट्यूरिंग ने जो मशक्कत की, जिस पर बाद में हॉलीवुड की कई फिल्में भी बनीं, उसे दूसरे विश्वयुद्ध को दो साल छोटा करने का श्रेय मिलता है। अगर आज के दौर में एनिग्मा कोड को तोड़ने की चुनौती हो, तो इसे कितना बड़ा माना जाएगा? ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर विज्ञान के प्रोफेसर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के विशेषज्ञ माइकल वूल्ड्रिच का मानना है कि एनिग्मा कोड आधुनिक कंप्यूटिंग के सामने टिक नहीं सकता।

> दूसरे विश्वयुद्ध में मित्र राष्ट्रों की नींद उड़ाने वाले जिस एनिग्मा कोड को तोड़ने में एक साल लगे थे, सर्वशक्तिमान चैटजीपीटी उसे कुछ ही पलों में तोड़ सकता है। एनिग्मा कोड, जो अपने समय में अत्यंत जटिल था, आज के सुपरकंप्यूटरों और एआई मॉडलों के सामने एक सामान्य पहेली जैसा है।



दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान धुरी शक्तियों (जर्मनी और उसके सहयोगी) द्वारा संचार के लिए इस्तेमाल होने वाला एनिग्मा उपकरण एक इलेक्ट्रो-मैकेनिकल मशीन थी, जो टाइपराइटर जैसी दिखती थी। इसकी सेटिंग ऐसी होती थी, कि एक ही कुंजी को अगर दो बार दबाया जाए, तो हर बार एक अलग अक्षर उत्पन्न होता था। यही नहीं, इसकी सेटिंग हर 24 घंटे में बदलती भी रहती थी। एनिग्मा कोड को तोड़ना इसलिए मुश्किल था, क्योंकि इसके संदेश को पढ़ने के संभावित तरीकों की प्रायिकता बहुत ज्यादा थी, जिसे एक इन्सान के लिए पूरी तरह से जांच पाना तकरीबन असंभव था।

वूल्ड्रिच के अनुसार, ट्यूरिंग की मशीनें कच्चे हार्डवायर्ड मैकेनिकल उपकरण थे, जो नाजी संदेशों को पढ़ने के संभावित विकल्पों की खोज करते थे। मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के सॉफ्टवेयर सुरक्षा के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. मुस्तफा कहते हैं कि ट्यूरिंग और उनके सहयोगियों को कामयाबी मिलने की बड़ी वजह यह थी कि एनिग्मा में कई कमजोरियां थीं, जिनमें से एक यह थी कि एक बार एनक्रिप्ट होने के बाद कोई भी अक्षर अपने-आप प्रस्तुत नहीं हो पाता था।

वूल्ड्रिच कहते हैं कि आज की तारीख में उसी ढंग से कोड को तोड़ना काफी आसान होगा, क्योंकि चैटजीपीटी सर्वशक्तिमान है। इसके अलावा, उस वक्त के इन्सान के लिए आधुनिक कंप्यूटरों की शक्ति की कल्पना करना भी कठिन होगा। वूल्ड्रिज यह भी कहते हैं कि ट्यूरिंग ने जो किया, उसे अगर आज दोहराना हो, तो आधुनिक कंप्यूटरों की गति और सांख्यिकीय व कंप्यूटेशनल तकनीकों की एक शृंखला के साथ यह काम बहुत कम समय में हो सकता है। एनिग्मा कोड, जो अपने समय में अत्यंत जटिल था, आज के सुपरकंप्यूटरों और एआई मॉडलों के सामने एक सामान्य पहेली जैसा है।

यह प्रगति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि एआई की यह शक्ति आज के समय में कहां तक पहुंच सकती है। साइबर सुरक्षा, डाटा एन्क्रिप्शन और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई की भूमिका अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। लेकिन, यह शक्ति अपने साथ जोखिम भी लाती है। अगर एआई इतनी आसानी से पुराने कोड तोड़ सकता है, तो क्या यह वर्तमान एन्क्रिप्शन प्रणालियों को भी खतरे में डाल सकता है? एआई की यह क्षमता हमें इसके नैतिक उपयोग और नियंत्रण के सवालों की ओर ले जाती है। आज एआई अनेक संभावनाओं को खोल रहा है। लेकिन इसके दुरुपयोग की आशंका को देखते हुए नीतियां बनाने की जरूरत है। एनिग्मा कोड को तोड़ने की कहानी हमें याद दिलाती है कि तकनीक का उपयोग सावधानी और जिम्मेदारी से होना चाहिए। हालांकि, दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान एनिग्मा कोड को तोड़ना केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं थी; यह युद्ध में रणनीतिक जीत को दर्शाता था। तब इस कोड को तोड़ने में कई महीने, बल्कि एक साल से भी ज्यादा का समय लगा। हालांकि, सीमित संसाधनों को देखते हुए युद्ध के दौरान ही इसे हल कर पाना अपने-आप में एक बड़ी बात थी। भगवान ही जानता है कि अगर एनिग्मा कोड न टूट पाता, तो शायद दूसरा विश्वयुद्ध दस साल और चलता। तब दुनिया शायद आज जैसी न होती।

# संस्कृतियों की झलक दिखती है मिट्टी के बर्तनों में



> प्रारंभिक मनुष्यों के पास बर्तन नहीं थे। वे कुशलता से भोजन एकत्र नहीं कर सकते थे। एक बार बर्तनों का आविष्कार होने के बाद, मनुष्य जहाँ भी जाते थे, भोजन और पानी ले जा सकते थे। यही कारण है कि बर्तन पूजा की वस्तु बन गए।



बर्तनों से पहले, मनुष्यों ने टोकरियों का आविष्कार किया था। शुरुआती बर्तन टोकरियों को मिट्टी से ढककर बनाए जाते थे और फिर मिट्टी को पकाते समय टोकरी के रेशे को जलाया जाता था। बाद में, कुम्हार के चाक का आविष्कार हुआ और बर्तनों की गुणवत्ता में नाटकीय सुधार हुआ।

## हड़प्पा के बर्तन

7000 ईसा पूर्व में मेहरगढ़ में टोकरियों को ढककर बर्तन बनाए जाते थे। लेकिन 3000 ईसा पूर्व तक हड़प्पा में, हमें मिट्टी के बर्तनों के चाक पर बने बर्तन मिलते हैं। पूर्व-शहरी चरण में, उत्तर-पश्चिम भारत में मिट्टी के बर्तनों को कई रंगों से सजाया जाता था। हालाँकि, बाद में इन रंगों को छोड़ दिया गया, और हमें शहरी हड़प्पा चरण में काले और लाल मिट्टी के बर्तन मिलते हैं। दरअसल, काले रंग की आकृति वाले लाल बर्तन हड़प्पा के बर्तनों की पहचान हैं। मिट्टी के बर्तनों पर बने चित्र अनोखे हैं- पीपल के पत्ते, मछली के तराजू, एक दूसरे को काटते हुए घेरे और मोर। अन्य प्रकार के बर्तनों में छोटे कुल्हड़ (मिट्टी का प्याला) के साथ-साथ 1 मीटर लंबा काला फिसला हुआ जार शामिल था जिसका इस्तेमाल समुद्र के पार दूर ओमान में सामान ले जाने के लिए किया जाता था। हड़प्पा में छोटे-छोटे बर्तन पाए गए थे जिनमें संभवतः सौंदर्य प्रसाधन थे। हड़प्पा के बर्तनों में मोतियों और आभूषणों के ढेर भी पाए गए। इसके अलावा, हड़प्पा के कब्रिस्तानों में, हमें मृतकों के साथ दफन बर्तन भी मिलते हैं। हड़प्पा के बाद के काल में कुछ बड़े बर्तनों में शव या दाह संस्कार किए गए लोगों की हड्डियाँ थीं।

## बर्तनों में विविधता

- हड़प्पा काल में भी विविधता देखने को मिलती है। गुजरात क्षेत्र (सोरठ हड़प्पा क्षेत्र) के बर्तन कप के आकार के होते थे, क्योंकि उनका इस्तेमाल बाजरे का दलिया पकाने के लिए किया जाता था। हैंडल वाले बर्तन भी थे। सिंधु क्षेत्र (शास्त्रीय हड़प्पा क्षेत्र) में बर्तन 'हांडी' या भारतीय खाना पकाने के बर्तनों की तरह थे।
- गेरू रंग के और फिर काले-लाल रंग के बर्तन हड़प्पा काल के बाद भी जारी रहे और भारत के दक्षिणी भाग में दिखाई देने लगे। कुछ लोग तर्क देते हैं कि यह हड़प्पा से लोगों के दक्षिण की ओर पलायन को दर्शाता है, हालांकि यह एक विवादास्पद विचार है। यह मिट्टी के बर्तन आज भी भारत के अधिकांश हिस्सों में पाए जाते हैं।
- इसके विपरीत, गंगा नदी के बेसिन में, कुछ शताब्दियों के लिए काले और लाल मिट्टी के बर्तन गायब हो जाते हैं। वैदिक काल (1000-600 ईसा पूर्व) के दौरान, हम गंगा-यमुना दोआब में मिट्टी के बर्तनों में बदलाव देखते हैं। हमारे पास महीन मिट्टी से बने पहिए से बने चित्रित ग्रे बर्तन हैं।
- इसके बाद, महाजनपद काल (700-400 ईसा पूर्व) में, हमारे पास बारीक जलोढ़ मिट्टी से तेजी से घूमने वाले पहिये द्वारा बनाए गए उत्तरी पॉलिश वाले काले बर्तन हैं। बर्तन अब एक विलासिता की वस्तु माने जाते थे। इन बर्तनों की पतली दीवारें परिष्कृतता को दर्शाती हैं, जिसमें फेरस ऑक्साइड की एक परत होती है जो पकाने के बाद चमकदार काली हो जाती है।
- इसके अलावा, लगभग 200 ईसा पूर्व से चीन से जहाज़ों में समुद्र के रास्ते और मध्य एशियाई भूमि मार्गों से चमकीले चीनी मिट्टी के बर्तन आते थे। यह एक नई संस्कृति के संपर्क में आने का संकेत देता है।

## अनुष्ठानों में उपयोग

- हिंदू अनुष्ठान समारोहों में बर्तनों का उपयोग देवताओं को पूर्ण-कुंभ (पानी, अनाज और अंकुरित अनाज से भरा बर्तन, जिसके ऊपर आम के पत्ते और नारियल होते हैं) के रूप में दर्शाते हैं। ये चित्र प्राचीन हिंदू, बौद्ध और जैन स्थलों में पाए गए हैं। ब्रह्मा और ऋषियों जैसे देवताओं को अक्सर अपने हाथों में बर्तन पकड़े हुए दिखाया जाता है। इन बर्तनों में टोंटी होती है और इन्हें कमंडल कहा जाता है।
- पानी इकट्ठा करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला बड़ा बर्तन, घट, देवी लक्ष्मी द्वारा धारण किया जाता है। इसका उपयोग नवरात्रि के दौरान देवी का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाता है। बर्तन शादी समारोहों का भी हिस्सा होता है, और दक्षिण भारत में मंदिर समारोहों के हिस्से के रूप में महिलाओं द्वारा ले जाया जाता है। बर्तन प्रजनन और मातृत्व का प्रतीक हैं और इसलिए कई प्रजनन अनुष्ठानों का अभिन्न अंग हैं।
- बर्तन अंतिम संस्कार समारोहों का भी हिस्सा होते हैं, और इनका उपयोग अग्नि और पानी ले जाने के लिए किया जाता है। वैदिक मृत्यु संस्कार के हिस्से के रूप में चिता को जलाने से पहले पानी के बर्तन को तोड़ा जाता है।
- भारतीय बर्तन बहुत ही अनोखे होते हैं। लोटा या कलश के नाम से जाने जाने वाले इस बर्तन में एक किनारा और एक गर्दन होती है। लोटा हड़प्पा सभ्यता से भी पुराना पाया गया है। किनारा यह सुनिश्चित करता है कि पानी न गिरे, और तरल पदार्थ डालना आसान हो। बर्तन गोलाकार होने के कारण गुरुत्वाकर्षण का केंद्र ज़मीन की ओर ज़्यादा होता है।
- फ़ारसी सुराही भारतीय कलश की तुलना में ज़्यादा लंबवत होती है और इसमें किनारा नहीं होता। रोमन एम्फ़ोरा में आम तौर पर साइड हैंडल होते हैं।
- इस प्रकार, मिट्टी के बर्तनों का अध्ययन - जिस तरह से इसे बनाया और इस्तेमाल किया जाता है, और इस पर चित्रित कलाकृतियाँ - हमें भारतीय संस्कृति के बारे में बहुत कुछ बताती हैं।

# शुक्राचार्य के श्राप से हुई दंडकारण्य की उत्पत्ति

● आशुतोष गर्ग ●

सतयुग में वैवस्वत मनु का इस पृथ्वी पर शासन था। उनके पुत्र का नाम इक्ष्वाकु था। मनु ने इक्ष्वाकु को भूमंडल पर अभिषिक्त करके कहा, 'पृथ्वी के राजवंशों के अधिपति बनो और दंड के द्वारा प्रजा की रक्षा करो। अपराधियों को शास्त्रीय विधि के अनुसार दंड दिया जाए, तो राजा स्वर्ग में जाता है। इसलिए दंड का अकारण प्रयोग न करना।' इस तरह पुत्र को उपदेश देकर महाराज मनु ब्रह्मलोक को सिधार गए। इक्ष्वाकु का सबसे छोटा पुत्र सर्वगुण संपन्न था। इक्ष्वाकु ने उसका नाम दंड रखा और विंध्यगिरि के दो शिखरों के बीच में उसे रहने के लिए मधुमत्त नाम का एक नगर दे दिया। दंड ने अनेक वर्षों तक राज किया।

एक दिन राजा दंड शुक्राचार्य के आश्रम पहुंचा, तो उसने देखा कि आचार्य की अत्यंत सुंदर कन्या अरजा वन में घूम रही है। उसे देखकर दंड काम से पीड़ित होकर उस कन्या के पास गया और बोला, 'सुंदरी! तुम कहां से आई हो? तुम किसकी कन्या हो? मैं तुम्हारा दास हूं। मुझे अंगीकार कर लो।' अरजा बोली, 'राजेंद्र! मैं शुक्राचार्य की पुत्री अरजा हूं। मेरे पिता आपके गुरु हैं। अतः धर्म के नाते मैं आपकी गुरु-बहन हूं। इसलिए आपको मुझसे ऐसी बात नहीं कहनी चाहिए। मेरे पिता अत्यंत क्रोधी हैं। वे आपको श्राप से भस्म कर सकते हैं। अतः आप मेरे पिता के पास जाइए और उनसे मेरे लिए याचना कीजिए। विपरीत आचरण करने पर आप पर घोर संकट आ सकता है।

दंड बोला, 'सुंदरी! तुम्हें पाने के बाद मेरा वध हो जाए, तो भी मुझे स्वीकार है। तुम मुझे अस्वीकार मत करो।' ऐसा कहकर राजा दंड ने अरजा को बाहुपाश में कस लिया। अरजा बहुत छटपटाई, किंतु दंड उसे एकांत स्थान पर ले गया और वहां उसके साथ बलपूर्वक संबंध बनाया। फिर अपने नगर को चल दिया। अरजा रोती हुई पिता के पास आई। उसके पिता शुक्राचार्य उस समय सरोवर पर स्नान करने के लिए गए थे। आश्रम पहुंचकर उन्होंने अरजा की दयनीय दशा देखी। वह अपने तपोबल से तुरंत ही सारा रहस्य जान गए। शुक्राचार्य क्रोध से भर उठे। बोले, 'धर्म के विपरीत आचरण करने वाले राजा दंड के ऊपर भयंकर विपत्ति आने वाली है। वह खोटी बुद्धिवाला पापी राजा अपने देश और सेना सहित नष्ट हो जाएगा। उसके सौ योजन लंबे-चौड़े राज्य में धूल की वर्षा होगी।



> इक्ष्वाकु के पुत्र दंड को शुक्राचार्य ने श्राप दिया था कि धर्म के विपरीत आचरण करने वाला राजा अपने देश और सेना सहित नष्ट हो जाएगा। उसके सौ योजन लंबे-चौड़े राज्य में धूल की वर्षा होगी। वह क्षेत्र दंडकारण्य कहलाया।

वहां रहने वाले जितने भी प्राणी हैं, सबका नाश हो जाएगा। जहां तक दंड का राज्य है, वहां तक सात रात तक धूल की निरंतर वर्षा होती रहेगी।' इस प्रकार श्राप देकर शुक्राचार्य ने अपने शिष्यों से कहा, 'तुम लोग इस राज्य की सीमा से बाहर चले जाओ।' उनकी आज्ञा पाते ही आश्रमवासी सीमा से बाहर जाकर रहने लगे। फिर शुक्राचार्य अरजा से बोले, 'पुत्री! तू अपने चित्त को एकाग्र करके इसी आश्रम में निवास कर। यह चार कोस के विस्तार वाला सुंदर शोभा-संपन्न सरोवर है। तू सात्विक जीवन व्यतीत करती हुई सौ वर्षों तक यहीं रह।' पिता का आदेश सुन अरजा ने उन्हें प्रणाम किया और उनकी आज्ञा स्वीकार कर ली। वह बहुत दुखी थी। शुक्राचार्य, अरजा को यह सब कहकर वहां से दूसरे आश्रम के लिए प्रस्थान कर गए। शुक्राचार्य के कथनानुसार विंध्यगिरि के शिखरों पर फैले हुए राजा दंड के समूचे राज्य में धूल की भारी वर्षा हुई और वह राज्य एक सप्ताह के भीतर ही निर्जन वन में बदल गया। तभी से वह विशाल वन 'दंडकारण्य' कहलाता है। यह कथा पद्मपुराण के सृष्टि खंड में मिलती है। अनेक वर्षों तक दंडकारण्य निर्जन पड़ा रहा। वह भयानक वन धीरे-धीरे राक्षसों का निवास स्थान बन गया। कालांतर में, राक्षस राज रावण ने अपनी बहन शूर्पणखा को दंडकारण्य की स्वामिनी बना दिया था और वह अपने भाइयों-खर और दूषण के साथ यहां रहने लगी।

### युवा एशियाई फिल्म निर्माताओं को पुरस्कार देने वाले कार्यक्रम 'टंग्स ऑफ़ फ़ायर' में शामिल होते हैं फिल्म उद्योग के तमाम दिग्गज

# 1947 के बाद राज कपूर की कहानियों का जश्न मनाएगा यूके

● फारुख धोंडी ●

मेरे साथी जज हमेशा युवा फिल्म निर्माताओं को पुरस्कार देते थे जो नस्लवाद-विरोधी, नारीवाद और अन्य घिसे-पिटे और घिसे-पिटे विषयों का समर्थन करते थे। जबकि मेरी पुरानी मानसिकता कथा और नाटकीय संघर्ष की तलाश में थी और इसे लगातार खारिज कर दिया गया हालांकि मेरे सह-जज बहुत बढ़िया थे।

पुष्पिंदर चौधरी इस उत्सव की एक ऊर्जावान सांस्कृतिक आयोजक हैं, जिन्हें बहु-सांस्कृतिक ब्रिटेन के लिए उनकी सेवाओं के लिए वास्तव में हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स में बैरोनेस के रूप में होना चाहिए, लेकिन इतना ही काफी है! इस वर्ष मुझे समापन पुरस्कार समारोह में पुरस्कार देने की कठोर भूमिका की पेशकश की गई है। ठीक है, यह ऑस्कर में समारोहों के मास्टर या मालकिन होने जैसा नहीं है, लेकिन यह कार्यक्रम हैमरस्मिथ में रिवरसाइड स्टूडियो के सभागार को भर देगा और मैं बिना किसी आपत्तिजनक बयान या मजाक के विजेताओं को बधाई देने के लिए उत्सुक हूँ। उत्सव के लिए मैंने जो दूसरा काम किया, वह मेरे मित्र बॉबी बेदी की ओर से पुष्पिंदर को फोन करना था, हालाँकि वे एक-दूसरे को जानते हैं और उन्हें मेरे हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं थी, यह पूछने के लिए कि क्या राज कपूर पर उनकी वृत्तचित्र फिल्म 'कहता है जोकर' को इस वर्ष की टंग्स में शामिल किया जा सकता है। और इसकी मंजूरी मिल गई। मैंने यह फिल्म नहीं देखी है और स्क्रीनिंग का इंतजार कर रहा हूं, लेकिन कुछ साल पहले, ब्रिटेन के चैनल 4 टीवी के कमीशनिंग एडिटर के तौर पर, मैंने द पीकॉक स्क्रीन नामक एक सीरीज कमीशन की थी - भारतीय सिनेमा का इतिहास।

> टंग्स ऑफ़ फ़ायर ने यू.के. में अग्रणी भारतीय फ़िल्म समारोहों में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। यह कई वर्षों से चल रहा है। राज कपूर पर उनकी वृत्तचित्र फिल्म 'कहता है जोकर' को इस वर्ष की टंग्स में शामिल किया जा सकता है।



मैंने अपनी संपादकीय भूमिका में, इस इतिहास पर परियोजना के शोधकर्ताओं और निर्माताओं के साथ बार-बार चर्चा की। राज कपूर के बारे में मेरा अपना विचार, जिसे मैंने निर्माता और निर्देशक पर उत्साहपूर्वक थोपा, यह था कि वे भारतीय फिल्म के महान अग्रदूतों में से एक थे। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता के बाद के वर्ष में निर्देशन शुरू किया। हां, स्वतंत्रता आंदोलन और गांधी, नेहरू और अनगिनत अन्य लोगों ने भारतीय आबादी को आजाद कराने का अपना लक्ष्य हासिल कर लिया था।

एक पूरी आबादी को यह बताने के लिए कि वे कौन हैं, एक आविष्कृत मिथक, एक प्रतिभाशाली व्यक्ति का काम चाहिए। राज कपूर ने अपनी लगातार फिल्मों के माध्यम से भारत के स्वतंत्रता-पश्चात मिथक को प्रस्तुत किया। मिथक कहता है कि भारतीय एक गरीब आदमी है, एक किसान भी, जिसके होठों पर सच्चाई है, एक साफ दिल और अपने साथी मनुष्यों और हाँ, अपने मेहमानों के लिए करुणा है जिन्हें वह अपने जीवन से भी अधिक महत्व देता है? यहाँ यह गीत के शब्दों में है..., जहाँ होठों पर सच्ची होती हैं/जहाँ दिल में सफ़ाई रहती हैं/हम उस देश के वासी हैं/जिस देश में गंगा बहती हैं!

आप इस कथन का मूल्यांकन कैसे करेंगे कि सभी भारतीय दिल नकारात्मकता से साफ हैं - - जैसे ईर्ष्या, घृणा... आदि? और फिर यह घोषणा कि हम उस भूमि पर रहते हैं जहाँ गंगा बहती है?

उनके नायक आवारा, नाविक राजू, छलिया थे - एक तरह का ऑटोलिकस फिगर, शेक्सपियर का छोटा-मोटा जेबकतरा और, ज़ाहिर है, मूर्ख और जोकर। उनके खलनायक शहरी चालाक थे, जो ब्रिटिशता की छाया और विरासत थे। वे टाई पहनते हैं।

मिथक कायम रहा, हावी रहा और यात्रा करता रहा। यह, कपूर की फिल्मों के रूप में, उन सभी देशों में गया जो किसानी से उभर रहे थे। जब लोग कहते हैं कि उनकी फिल्में रूस गईं, तो वे सही हैं - लेकिन मॉस्को या सेंट पीटर्सबर्ग नहीं - उन्हें सोवियत गणराज्यों में पसंद किया गया, जो भारत की गरीबी और उभरती हुई किसान अर्थव्यवस्था को साझा करते थे। अब टंग्स ऑफ फायर हमारे हीरो का उचित रूप से जश्न मनाने की तैयारी कर रहा है

## संक्षिप्त खबरें

### आरजीपीवी में बैठक के लिए दो सदस्य मनोनीत

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि की कार्य परिषद में दो सदस्यों को मनोनीत किया गया है। कार्य परिषद में मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ संजय दीक्षित और दमयंती सिंह जानकी विहार कालोनी बीटी तिराहा जबलपुर को शामिल किया गया है। उक्त सभी सदस्यों का कार्यकाल आगामी तीन वर्ष का है। आरजीपीवी में होने वाली कार्यपरिषद में काफी अहम निर्णय होने वाले हैं। इसलिए राजभवन ने दो सदस्यों की नियुक्ति की है, ताकि कार्य परिषद की बैठक में राजभवन की भागीदारी पूर्णरूप से हो सके।

### 12 हजार 500 की रिश्वत ले रहा पटवारी रंगे हाथों गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की इंदौर यूनिट ने शनिवार को झाबुआ जिले की पेटलावद तहसील में पदस्थ एक पटवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। रमेश राणजी नाम के एक किसान ने अपनी और पत्नी के नाम



पर 4 बीघा खेती की जमीन का सीमांकन कराने ऑनलाइन आवेदन किया था। जब काम नहीं हुआ, तो रमेश ने हल्का क्रमांक 13 के पटवारी विशाल गोयल से बात की। उसने सीमांकन करने के एवज में 15 हजार रुपए की रिश्वत मांगी, जिस पर सौदा 12 हजार 500 में तय हुआ। रमेश की शिकायत सही पाए जाने के बाद लोकायुक्त पुलिस ने ट्रैप की योजना बनाई। शनिवार को पटवारी विशाल गोयल ने जैसे ही 12 हजार 500 रुपए की घूस ली, वैसे ही पास मौजूद लोकायुक्त पुलिस की टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### नरसिंहपुर में 3 दिनी कृषि उद्योग समागम 26 से

**भोपाल।** कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी उन्नयन और कृषक कल्याण को समर्पित तीन दिवसीय 'कृषि उद्योग समागम 26 से 28 मई तक कृषि उपज मंडी के पास नरसिंहपुर में होगा। समागम का शुभारंभ उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित मंत्रीगण, कृषि उद्यमी, निर्यातक समूह के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में किसान भाई शामिल होंगे। कृषि उद्योग समागम 2025 का आयोजन मध्यप्रदेश में कृषि एवं उद्यानिकी पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने, खाद्य प्रसंस्करण में निवेश आकर्षित करने और किसानों को बेहतर बाजार से जोड़ने के लिए किया जा रहा है। यह समागम उद्योगपतियों, कृषक उत्पादक संगठनों एवं नीति निर्माताओं के बीच संवाद, नीति प्रस्तुति एवं सहयोग के अवसर प्रदान करेगा। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में हरसंभव प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश का किसान सम्पन्न होगा तो प्रदेश और देश भी समृद्ध होगा। राज्य सरकार युवा, महिला और किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

### लग्जरी कार से शराब तस्करी, 25 पेटी जब्त

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** क्राइम ब्रांच ने लग्जरी कार से शराब की तस्करी कर रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी कार में रखी 225 लीटर शराब जब्त की है। पुलिस को सूचना मिली कि पत्रकार कालोनी में एक सफेद रंग की कार में शराब लेकर तीन-चार तस्कर बैठे हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार की तलाशी ली। जिसके पीछे की सीट पर 25 पेटी देशी शराब की मदिरा मिली। पुलिस ने सलैया मिसरोद निवासी अजय डाकसे, प्रमोद चैतन्य और धीरज कपिल को गिरफ्तार किया है।

## पीएम मोदी के दौरे को लेकर तैयारियां तेज



भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को भोपाल प्रवास पर आएंगे। पीएम यहां महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम राजधानी के जंबूरी मैदान पर किया जाएगा। इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। पंडाल तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा आसपास के मार्ग पर पीएम के बड़े-बड़े कट आउट लगाए जा रहे हैं। छाया : एचसी

### श्योपुर और सिंगरौली के लिए जुगाड़ की फैकल्टी व्यवस्था, पांच अन्य कॉलेजों से किए गए ट्रांसफर

# नए मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी पूरी करने दूसरी जगह पर बढ़ा दी परेशानी

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में सरकारी मेडिकल कॉलेजों की संख्या तो तेजी से बढ़ रही है, लेकिन इन कॉलेजों में पर्याप्त मेडिकल टीचर्स की संख्या सरकार नहीं जुटा पा रही है। यही कारण है कि जब किसी वर्ष कोई भी नया मेडिकल कॉलेज खुलता है तो उस कॉलेज में फैकल्टी की कमी को दूर करने के लिए किसी अन्य मेडिकल कॉलेज से मेडिकल टीचर्स का ट्रांसफर किया जाता है। ताजा मामला श्योपुर और सिंगरौली मेडिकल कॉलेज का है। इन दो कॉलेजों को एनएमसी से मान्यता मिल गई है। वर्ष 2025-26 के शैक्षणिक सत्र में यहां प्रवेश दिए जाएंगे। प्रवेश से पहले मेडिकल टीचर की कमी को दूर करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने पांच अन्य मेडिकल कॉलेजों से कुल 11 चिकित्सा शिक्षकों का ट्रांसफर उक्त दो कॉलेजों में कर दिया है। अब जिन कालेजों से चिकित्सा शिक्षकों के ट्रांसफर किए गए हैं वहां परेशानी होगी। बता दें कि सभी कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षकों की संख्या बहुत कम है।

### जीएमसी से तीन डॉक्टरों का ट्रांसफर

शासन द्वारा गांधी मेडिकल कॉलेज से तीन वरिष्ठ चिकित्सकों का तबादला श्योपुर और सिंगरौली मेडिकल कॉलेज के लिए किया गया है। जानकारी अनुसार डॉ. एना एलेक्स एचओडी त्वचा रोग विभाग जीएमसी का तबादला श्योपुर मेडिकल कॉलेज में किया गया है। डॉ. अरविंद राय एचओडी जनरल सर्जरी विभाग जीएमसी का ट्रांसफर श्योपुर मेडिकल कॉलेज में किया गया है। डॉ. कविता कुमार एचओडी नेत्र रोग विभाग जीएमसी भोपाल का तबादला सिंगरौली मेडिकल कॉलेज में किया गया है।



### इन पांच कॉलेजों से भी तबादले

- गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल
- महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज, इंदौर
- गजरा राजा मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर
- बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, सागर
- श्यामशाह मेडिकल कॉलेज, रीवा

### तबादलों से पीजी सीट का होगा नुकसान

शासन द्वारा जिन 11 चिकित्सा शिक्षकों को तबादला किया गया है वह सब अपने मेडिकल कॉलेजों में अपने विभाग के प्रमुख हैं। उदाहरण के तौर पर गांधी मेडिकल कॉलेज से जिन तीन चिकित्सकों का तबादला हुआ वो तीनों एचओडी हैं। इनके चले जाने से इनके विभागों में पीजी सीट का नुकसान होगा। डॉ. एना एलेक्स त्वचा रोग विभाग की एचओडी हैं, उनके विभाग में अभी एक पीजी सीट है, दूसरी सीट के लिए उन्होंने तैयारियां की हुई हैं। एनएमसी के निरीक्षण का इंतजार है। लेकिन अब बताया जा रहा है कि वह एनएमसी के पास आवेदन नहीं करेंगी। इसी तरह डॉ. अरविंद राय के चले जाने से जनरल सर्जरी और डॉ. कविता कुमार के चले जाने से नेत्र रोग विभाग पर सीधी असर पड़ेगा।

### सभी नए कॉलेज जूझ रहे चिकित्सकों की कमी से

प्रदेश में 17 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। इस वर्ष 2 और खुलने जा रहे हैं। कुल संख्या 19 होने वाली है। इन सभी मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षकों की संख्या बहुत कम है। पुराने 6 मेडिकल कॉलेजों को छोड़ दें तो शेष 13 मेडिकल कॉलेज फैकल्टी की कमी से जूझ रहे हैं। हाल ही में हाइकोर्ट जबलपुर ने संचालक चिकित्सा शिक्षा मप्र को मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी पर नोटिस जारी किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 10 से 12 मेडिकल कॉलेज ऐसे हैं, जहां चिकित्सा शिक्षकों की कमी कुल स्वीकृत पदों के मुकाबले 50 प्रतिशत से भी अधिक है।

> मेडिकल टीचर्स का तबादला करना कोई गलत बात नहीं है, लेकिन मेडिकल टीचर्स की कमी को दूर नहीं कर पाना यह गलत है। शासन को चाहिए कि वह नए चिकित्सा शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को आसान और तेज बनाए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो जो पुराने कॉलेज सही ढंग से चल रहे हैं वह भी लड़खड़ाने लगेंगे।
>
> ■ **डॉ. राकेश मालवीय**, अध्यक्ष मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन

# तबादलों के लिए संविदा कर्मियों को करना होगा पांच साल का एग्रीमेंट

## पंचायत विभाग ने लागू की नीति

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र में संविदा कर्मचारियों के भी तबादले हो सकेंगे। इसके लिए कर्मचारी-अधिकारी को अपने वर्तमान पदस्थापना स्थल का एग्रीमेंट खत्म करना होगा। इसके बाद जहां उसे नई पदस्थापना चाहिए, वहां नया एग्रीमेंट करना होगा। 30 मई तक होने वाले तबादलों के लिए पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने संविदा कर्मचारियों के लिए 23 मई को यह तबादला व्यवस्था लागू की है। एक स्थान से दूसरे स्थान पर आमद दर्ज करने की प्रक्रिया को स्थान परिवर्तन कहा जाएगा। प्रदेश में कुल ढाई लाख संविदाकर्मी हैं। अभी पंचायत विभाग ने नीति लागू की है। बाद में बाकी विभाग भी तबादला नीति लागू करेंगे। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग में अलग-अलग योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए नियुक्त संविदा कर्मचारियों को स्थान विशेष पर कार्य के लिए रखा जाता है। योजना के स्वरूप में बदलाव होने पर संविदा पर पदस्थ कर्मचारियों की सेवाएं किसी भी समय समाप्त की जा सकती हैं। वर्तमान में संविदा कर्मचारियों के पदस्थापना को संशोधित करने की कोई नीति नहीं है, इसलिए कुछ अपवाद परिस्थितियों में विभाग के संविदा कर्मचारियों को पदस्थापना में बदलाव के लिए यह नीति तय की गई है।

### इन शर्तों का करना होगा पालन

- पदस्थापना बदलने के पहले एग्रीमेंट समाप्त किया जाएगा।
- नए कार्यस्थल पर नया संविदा कार्य सौंपा जाएगा।
- एग्रीमेंट की कॉपी संबंधित योजना और कार्यक्रम के राज्य कार्यालय को भेजी जाएगी।
- एक बार स्थान परिवर्तन होने पर पांच साल तक परिवर्तन नहीं करा सकेंगे।
- स्थान परिवर्तन का आदेश होने के दो सप्ताह के भीतर कर्मचारी को कार्यमुक्त करना होगा।
- एक सप्ताह में नए एग्रीमेंट की कार्रवाई पूरी करनी होगी।
- यात्रा या अन्य भत्ते और छुट्टी की पात्रता नहीं होगी।

### जिले के भीतर ऐसे हो सकेंगे ट्रांसफर

पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिले के भीतर संविदा कर्मचारियों के ट्रांसफर को लेकर जो नीति तय की गई है, उसके अनुसार एक मई से 30 मई 2025 तक जिले के भीतर स्थान परिवर्तन या पदस्थापना में बदलाव का काम कलेक्टर द्वारा प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद किया जा सकेगा। पदस्थापना आदेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा। जिले में काम करने वाले संविदा कर्मचारियों की कुल संख्या का 10 प्रतिशत ही पदस्थापना परिवर्तन किया जा सकेगा।
अंतर जिला की स्थानांतरण नीति

### अंतर जिला ट्रांसफर स्वैच्छिक आवेदन पर

विवाहित, विधवा, तलाकशुदा महिलाओं को ऐसे जिले में भेजा जा सकेगा जिसमें उसका ससुराल, पति का निवास स्थान या स्वयं का परिवार निवास करता हो। आवेदक स्वयं या उसके आश्रितों को कैंसर, ब्रेन ट्यूमर हो। समान पद पर पदस्थ संविदा कर्मचारियों के परस्पर तबादले के स्वैच्छिक आवेदन के आधार पर तबादले हो सकेंगे।

## 2028 में होने वाले 21वें वर्ल्ड रोज कन्वेंशन की मेजबानी करेगा भोपाल

### एमपीटी ने जापान में किया भारत का प्रतिनिधित्व, मेजबानी की हासिल

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसायटीज द्वारा 21वें वर्ल्ड रोज कन्वेंशन की मेजबानी भारत को दी गई है। हाल ही में जापान के फुकुयामा शहर में आयोजित 20वें सम्मेलन के दौरान आतिथ्य का अधिकार प्रदान करते हुए भारत को ससम्मान अधिकार ध्वज सौंपा गया। इस अवसर पर भारत की ओर से मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। आयोजन 2028 में भोपाल में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न देशों के 700 से ज्यादा प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। खास बात यह है कि इस मेजबानी को हासिल करने के बाद प्रदेश के पर्यटन को दुनिया भर में पहचान मिलेगी। गौरतलब है कि भोपाल में भी रातापानी अभ्यारण्य सहित कई पर्यटन स्थल मौजूद हैं। बता दें कि प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति शिव शेखर शुक्ला, इंडियन कांउसिल जनरल रामकुमार, एमपीटीबी के डिप्टी डायरेक्टर विवेक जूड सहित 14 सदस्यीय दल उपस्थित थे। इस अवसर पर सुशील प्रकाश वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसायटीज के नए अध्यक्ष बनाए गए। वे यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय हैं।



### हर तीन साल में होता है आयोजन


वर्ल्ड रोज कन्वेंशन का आयोजन हर तीन साल में दुनिया के अलग-अलग देशों में किया जाता है। इस कंवेन्शन में दुनिया भर के गुलाब प्रेमी, विशेषज्ञ और आगंतुक एक शहर में जुटते हैं। 20वां वर्ल्ड कंवेन्शन जापान के फुकुयामा शहर में 18 से 24 मई के बीच आयोजित किया गया। इस अवसर पर गुलाब की खेती, गमले में रोपण तकनीक, मिट्टी विज्ञान और बागवानी नवाचार पर केंद्रिंत प्रदर्शनियां, विशेषज्ञों के व्याख्यान और कार्यशालाओं का आयोजन हुआ। समारोह में ऑस्ट्रेलिया, जापान, फिनलैंड, यूनाइटेड किंगडम, यूरोप, दक्षिण कोरिया और कई अन्य देशों के 500 से अधिक अंतराष्ट्रीय प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

### सिंह को मिली आरजीपीवी परीक्षा नियंत्रक की कमान

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** तकनीकी शिक्षा विभाग ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो प्रशांत कुमार जैन को कार्यमुक्त कर दिया है। उन्हें जबलपुर इंजीनियरिंग कालेज भेज दिया है। उनके स्थान पर उज्जैन इंजीनियरिंग कालेज के प्रोफेसर राघवेंद्र सिंह को परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया है। उन्होंने आरजीपीवी की गतिविधियों पर फोकस करना भी शुरू कर दिया है। वे तीन जून से होने वाली परीक्षाओं को यथावत शुरू कराएंगे। नवनियुक्त परीक्षा नियंत्रक सिंह का कहना है परीक्षाओं की गोपनीयता और विश्वनीयता बनाए रखने सभी सार्थक प्रयास किए जाएंगे। नवनियुक्त परीक्षा नियंत्रक सिंह ने रजिस्ट्रार डॉ मोहन सेन के उपस्थिति में आमद दर्ज कराना थी।

## रेलिंग तोड़कर 50 फीट गहरी खाई में गिरी बस, 15 यात्री हुए घायल

**जागरण, भिंड।** चंबल पुल पार करते समय बस के चालक को नींद की झपकी आ गई, जिसके बाद अनियंत्रित बस हाईवे के रैलिंग तोड़ते हुए 50 फीट गहरी खाई में जाकर पलट गई। हादसे में 15 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना ग्रामीणों ने तुरंत थाने में दी और रस्सी लेकर घटना स्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने खाई में उतरकर घायलों को रस्सी के सहारे ऊपर पहुंचाया। 11 घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जबकि चार यात्रियों की गंभीर हालत देखते हुए एंबुलेंस से ग्वालियर भेजा है। घटना शनिवार सुबह साढ़े छह बजे फूफ थाना अंतर्गत बरही गांव के पास की है।



### दिल्ली से अटेर जा रही थी बस

बस शुक्रवार रात करीब नौ बजे दिल्ली के मंगलपुरी से सवारी लेकर अटेर के लिए निकली थी। शनिवार सुबह भिंड-इटावा हाइवे स्थित चंबल पुल को पार करते ही मोड़ पर अचानक चालक को नींद की झपकी आ गई। इससे बस हाइवे किनारे रेलिंग तोड़ते हुए 50 फीट गहरी खाई में पलट गई। बस के पलटते ही सवारियों की चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से एक-एककर सवारियों को बस से निकलना शुरू किया और रस्सी के सहारे यात्रियों को ऊपर पहुंचाया।

**सुनवाई** | स्टेडियम और रोड के लिए 700 पेड़ काटने का मामला

# एनजीटी ने गठित की जांच कमेटी, पेड़ों की गिनती और जियो टैगिंग के निर्देश

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के बरखेड़ा नाथू इलाके में निर्माणाधीन इंटरनेशनल स्टेडियम और उसे कनेक्ट करने वाली रोड के लिए 700 पेड़ काटने की याचिका पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने विशेष जांच समिति बना दी है। इसके साथ ही एनजीटी ने इलाके में लगे पेड़ों की गिनती और इनकी जियो टैगिंग के भी निर्देश जारी कर दिए हैं। नीलबड़-बरखेड़ा नाथू क्षेत्र में भोज वेटलैंड के इलाके में यह क्रिकेट स्टेडियम बनाया जा रहा है। याचिका में दावा किया गया है कि यह क्षेत्र पर्यावरण के नजरिए से बेहद संवेदनशील है और रामसर साइट होने के कारण अंतरराष्ट्रीय महत्व रखता है। यहां सड़क निर्माण के लिए लगभग 700 पेड़ों की कटाई करने की तैयारी की जा रही है, जिसके खिलाफ नितिन सक्सेना द्वारा यह याचिका दाखिल की गई थी।




### लोकेशन के साथ होगी हर पेड़ की जियो टैगिंग

शुक्रवार को मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस श्यो कुमार सिंह और डॉ. अफरोज अहमद की युगल पीठ के सामने दावा किया गया कि पेड़ों को काटने के लिए न तो वृक्षों के परिरक्षण अधिनियम का पालन किया गया और न ही इससे जुड़ी कोई अनुमति ली गई। याचिकाकर्ता की तरफ से पैरवी करते हुए एडवोकेट प्रतिपाल सिंह गुप्ता और हरप्रीत सिंह गुप्ता ने कोर्ट के सामने सुप्रीम कोर्ट के केस नंबर 13381/24 का हवाला देते हुए बताया कि इन पेड़ों को काटने के बाद उनके स्थान पर (कंपनसेशन के तहत) लगाए जाने वाले पौधों और इन पेड़ों को काटने की सही और सटीक वजह तक नहीं बताई गई। इसके बाद एनजीटी ने इस इलाके के सभी पेड़ों की गिनती के साथ ही हर पेड़ की जियो टैगिंग (लोकेशन और टाइप) कराने के आदेश जारी कर दिए।

### एनजीटी ने एमपीपीसीबी को जांच और समन्वय के लिए बनाया नोडल एजेंसी

एनजीटी ने इस प्रोजेक्ट के पारिस्थितिकी और जैव विविधता के लिए पैदा होने वाले खतरों को देखते हुए मामले की जांच के लिए एक संयुक्त समिति का गठन किया है। इस कमेटी में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भोपाल, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) भोपाल, राज्य सरकार की तरफ से अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीपीसीबी) के एक-एक सदस्य को शामिल किया गया है। एनजीटी ने एमपीपीसीबी को जांच और समन्वय के लिए नोडल एजेंसी बनाया है। एनजीटी इस मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को करेगी और उसी दौरान एक्सपर्ट कमेटी अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

## मेडिकल बोर्ड गर्भवती की शारीरिक व भावनात्मक स्थिति का मूल्यांकन करे

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विनय सराफ की एकलपीठ ने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि मेडिकल बोर्ड को गर्भवती की शारीरिक व भावनात्मक स्थिति का मूल्यांकन करना चाहिए। इस टिप्पणी के साथ गर्भवती नाबालिग को बच्चे को जन्म देने स्वतंत्र कर दिया। दरअसल, एक नाबालिग से दुष्कर्म के बाद उसके गर्भवती होने की जानकारी पुलिस द्वारा संबंधित सेशन कोर्ट को प्रदान की गई थी। मेडिकल रिपोर्ट में बताया गया था कि नाबालिग के पेट में पलने वाला भ्रूण 29 सप्ताह छह दिन का है।

> **हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी के साथ गर्भवती नाबालिग को बच्चे को जन्म देने किया स्वतंत्र**

चिकित्सा प्रणाली से गर्भ समाप्ति पर पीड़िता के जीवन को खतरा हो सकता है। लिहाजा, सेशन कोर्ट परामर्श के लिए प्रकरण हाई कोर्ट भेज दिया। हाईकोर्ट में पीड़िता और उसके माता-पिता द्वारा हस्ताक्षरित पत्र प्रस्तुत किया था। जिसमें उन्होने गर्भावस्था जारी रखने और बच्चे को जन्म देने की इच्छा व्यक्त थी। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि स्त्री रोग विशेषज्ञ ने भी राय दी है कि भ्रूण 29 सप्ताह से अधिक का है, इसलिए पीड़िता के जीवन को खतरा हो सकता है। राज्य सरकार पीड़िता को बच्चे को जन्म देने डाक्टरों की विशेषज्ञ टीम के माध्यम से उपलब्ध चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करे। बच्चे को जन्म देने की प्रक्रिया संबंध में सभी खर्च वहन करे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### तेज प्रताप राजद ...

उन्होंने यह भी कहा, 'मैं इसे आप सभी के साथ लंबे समय से साझा करना चाहता था, लेकिन नहीं जानता था कि कैसे। इसलिए आज अपने दिल की बात आप सभी के साथ साझा कर रहा हूं। उम्मीद है आप समझेंगे।' हालांकि, कुछ देर बाद तेज प्रताप ने वह पोस्ट हटा दिया और ट्विटर पर स्पष्ट किया कि उनका फेसबुक अकाउंट हैक हो गया था और उनकी तस्वीरें गलत तरीके से एडिट की गईं। उन्होंने अपने समर्थकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें।
तेज प्रताप ने मई 2018 में पूर्व बिहार मंत्री चंद्रिका राय की बेटी ऐश्वर्या राय से शादी की थी। ऐश्वर्या के दादा दारोगा प्रसाद राय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री थे। परंतु, शादी के पांच महीने बाद अक्टूबर 2018 में तेज प्रताप ने पटना सिविल कोर्ट में तलाक की याचिका दायर की। उन्होंने ऐश्वर्या पर अपमानजनक व्यवहार और ध्यान न देने का आरोप लगाया था। ऐश्वर्या ने भी ससुराल में प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए घर छोड़ दिया था। यह मामला अब तक चल रहा है और दोनों अलग-अलग रह रहे हैं। तेज प्रताप की शिक्षा 12वीं तक है, जबकि ऐश्वर्या एमबीए हैं।

### भाजपा नेता गिरफ्तार...

हुए कह दिया है कि मनोहर लाल धाकड़ भाजपा का प्राथमिक सदस्य नहीं है। उन्होंने ऑनलाइन सदस्यता ली है। उधर धाकड़ महासभा ने भी मनोहर लाल को युवा संघ के राष्ट्रीय मंत्री के पद से हटा दिया है।

### 'टीम इंडिया के रूप में ...

को बढ़ावा देते हुए स्वास्थ्य से लेकर सभी क्षेत्रों में योजनाएं तैयार की जाएं।
सीएम ने 31 मई को भोपाल के जम्बूरी मैदान में होने वाले महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन की तैयारियों को बारे में भी पीएम को अवगत कराया। अपने प्रवास को लेकर सीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा 'आज मध्यप्रदेश विकास और लोक कल्याण के संकल्प पथ पर अग्रसर है और निरंतर नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के विजन से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की प्रथम पंक्ति में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है।'
**दिल्ली में ही सुनी मन की बात :** मुख्यमंत्री ने भोपाल लौटने से पहले ही दिल्ली में प्रधानमंत्री की मन की बात को सुना। कार्यक्रम के उपरांत सीएम ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन संवाद का अनूठा माध्यम है। यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामूहिक चेतना जागृत करने का अनुपम प्रयास है।
**राष्ट्रीय नेताओं और मुख्यमंत्रियों से की भेंट :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव की नई दिल्ली प्रवास के दौरान अनेक राष्ट्रीय नेताओं, अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मध्यप्रदेश के सांसदगण, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से मुलाकात और बातचीत हुई।

### रिश्वत का सबूत ...

पैसा उनका उधार वापस करने के लिए था। नीची अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराया, लेकिन उच्च न्यायालय ने शिकायतकर्ता की विश्वसनीयता पर शक करते हुए और रिश्वत मांग के सबूत न होने के कारण आरोपी को बरी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने भी उच्च न्यायालय के फैसले को सही ठहराया और कहा कि जब रिश्वत मांगने का प्रमाण संदिग्ध हो, तो केवल पैसे मिलने से आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी की बरी होने वाली सजा को बरकरार रखा और अपील खारिज कर दी।

# ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन




## 51 यूनियन यूनिट ब्लड का हुआ संग्रह

**जागरण बैढ़न।** ब्राह्मण समाज सिंगरौली के तत्वाधान में आयोजित वृहद रक्तदान शिविर में सर्वसमाज के आधा सैकड़ा रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया रक्त की कमी से किसी की जान ना जाय व लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने ब्राह्मण समाज द्वारा कई वर्षो से लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन कर एक मिसाल पेश किया जा रहा है शिविर में सर्व समाज से बड़ी संख्या में युवाओं बुजुर्गों एवं महिलाओं ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। यह शिविर समाज में सेवा भाव व मानवता के प्रति समर्पण को दर्शाता है। मिश्रा पॉलिक्लिनिक एवं नर्सिंग होम में आयोजित वृहद रक्तदान शिविर का शुभारम्भ विधायक राम निवास शाह ने परशुराम भगवान के प्रतिमा पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्वलन कर किया विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय महापौर रानी अग्रवाल वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश द्विवेदी कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष अरविन्द सिंह चंदेल मिश्रा पॉलिक्लिनिक के संस्थापक डॉ डी के मिश्रा मौजूद रहे इस दौरान ब्राह्मण समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष व शिविर के आयोजक अमित द्विवेदी मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र धर द्विवेदी ब्लड बैंक प्रभारी डॉ आर डी द्विवेदी रेड क्रास सोसायटी चेयरमैन एस डी सिंह व वॉइस चेयरमेन गोविन्द पाण्डेय आदि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे रक्तदान शिविर शुभारम्भ उद्बोधन में विधायक श्री शाह ने कहा कि इस पुनीत कार्य का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की मदद करना एवं समाज में रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करना है इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने कहा कि समाज की भागीदारी से इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी लगातार किए जाते रहेंगे उन्होंने युवाओं को नियमित रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया और इसे जीवनदायिनी सेवा बताया। शिविर की सफलता के पीछे समाज के समर्पित कार्यकर्ताओं एवं चिकित्सा टीम की अहम भूमिका की तारीफकरते हुए आगे कहा ब्राह्मण समाज सिंगरौली का यह प्रयास न केवल प्रशंसनीय है बल्कि समाज के लिए प्रेरणादायक भी है।

### शिविर को सफल मे बनाने में इनकी रही भूमिका

वृहद रक्तदान शिविर को सफल बनाने में विवेक त्रिपाठी आशीष शुक्ला मिथिलेश मिश्रा नीरज पाण्डेय सुमित पाण्डेय राजू गुप्ता जय प्रकाश दुबे हरिशंकर मिश्रा अशोक पाण्डेय अजय त्रिपाठी सूरज सोनी संजय यादव सुब्रतो झा समाजसेविका रश्मि द्विवेदी शिल्पी पाठक रेखा सिंह आशा तिवारी ज्योति सेनापति रेड क्रास ब्लड सेंटर से हरि शंकर गुप्ता जय प्रकश दुबे शिवानी सिंह सूरज प्रकाश सेन कृष्ण कुमार शाह एवं राजकली रजक आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# भारतीय सेना के सम्मान में जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली निकालेगी 28 को वैढ़न मुख्यालय में जय हिंद यात्रा



**जागरण बैढ़न।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिलों में जय हिंद यात्रा का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाना है जिसके तहत सिंगरौली जिले में जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली के प्रभारी श्रीमती कविता पांडे एवं सह प्रभारी प्रदीप सिंह के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली द्वारा 28 मई को सायं 5.00 से चुन कुमारी स्टेडियम बैढ़न में एकत्रित होकर जय हिंद यात्रा का आयोजन किया जाना है यात्रा निकल कर अंबेडकर चौक होते हुए तुलसी मार्ग के रास्ते जय स्तंभ पर पहुंचकर समापन होगी शहर अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल ने बताया जैसा की प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार देश की सेना के सम्मान में जय हिंद यात्रा समस्त जिलों में निकाली जा रही है जिसके तहत सभी कांग्रेस जन 28 मई को यात्रा निकाल रहे हैं जय हिंद यात्रा के दौरान ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सशस्त्र सेनाओं की बहादुर और सफलता को उजागर करते हुए उनके अद्भुति साहस और रणनीतिक दक्षता को नमन करते हुए आभार प्रकट कर साथ ही भाजपा के केंद्र सरकार द्वारा सुरक्षा चूक राष्ट्रीय सुरक्षा से निपटने के सरकार के तरीके एवं राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों में अमेरिका की चिंताजनक भागीदारी पर सरकार की चुप्पी पर भी गंभीर सवाल उठाते हुए भाजपा को बेनकाब करना हैइसके साथ ही प्रदेश के मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री द्वारा अपने बयानों के माध्यम से सशस्त्र बलों का अपमान करने एवं उस पर भाजपा के नेतृत्व प्रधानमंत्री द्वारा चुप्पी रखते हुए जनता को गुमराह करते हुए तिरंगा यात्रा निकालने के गुमराह करने वाले कृत का बड़ा विरोध भी करना है जय हिंद यात्रा का समापन 31 मई को जबलपुर में प्रदेश स्तरीय जय हिंद सभा के रूप में किया जाएगा उक्त सभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी एवं कई राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व शामिल होंगे शहर अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल न जिले के समस्त वरिष्ठ नेतागण जिले में निवासरथ प्रदेश के समस्त पदाधिकारी समस्त जिला ब्लाक मंडल सेक्टर बूथ कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण जिला पंचायत अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष सरपंच पंच सदस्य पाषर्द पूर्व पार्षद पूर्व पार्षद प्रत्याशी समस्त अनुसांगिक संगठनों फ्रंटल विभाग एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथियों से आग्रह है कि दोनों कार्यक्रमों 28 मई के कार्यक्रम वैढन एवं 31 मई को जबलपुर के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# आज सिंगरौली जिले के प्रवास पर आयेंगे विधानसभा अध्यक्ष

## विधानसभा अध्यक्ष सिंगरौली महोत्सव एवं नगर गौरव दिवस के आयोजन में होगे शामिल

**जागरण बैढ़न।** मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर आज सिंगरौली जिले के प्रवास आयेंगे। विधानसभा अध्यक्ष सिंगरौली महोत्सव एवं नगर गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले समारोह मुख्य अतिथि होगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष आज प्रातः 9 बजे भोपाल से प्रस्थान कर 9 30 बजे राजाभोज एयपोर्ट पहुचेगे। प्रातः 10 बजे वायुयान से सिंगरौली के लिए प्रस्थान दोपहर 1.40 बजे सिंगरौलिया हवाई पट्टी आगमन दोपहर 2 बजे सिंगरौली हवाई पट्टी से प्रस्थान 2.40 बजे सर्किट हाउस सिंगरौली आगमन एवं आरंक्षित। विधानसभा अध्यक्ष शायं 7 बजे राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में आयोजित सिंगरौली महोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगे। रात्रि 9 बजे सर्किट हाउस आगमन एवं रात्रि विश्राम। विधानसभा अध्यक्ष 27 को दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस से सिंगरौलिया हवाई पट्टी के लिए प्रस्थान करेगे। 1.30 बजे हवाई पट्टी आगमन एवं दोपहर 2 बजे वायुयान से भोपाल के लिए प्रस्थान करेगे। शांय 5.20 बजे राजाभोज एयरपोर्ट भोपाल आगमन होगा

# सामूहिक रूप से सुना गया प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 122वां संस्करण



**जागरण बैढ़न।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 122 वें संस्करण का सीधा प्रसारण जिले भर के 985 बूथों पर देखा व सुना गया। इस बार प्रधानमंत्री के मन की बात मे शसक्त एवं आत्मनिर्भर भारत की झलक दिखाई दी। आपरेशन सिंदूर के माध्यम से जिस प्रकार स्वदेशी अस्त्र शस्त्रों की मारक क्षमता ने विश्व में अपनी छाप छोड़ी तथा सेना ने मिनटों मे पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया उसकी चर्चा प्रधानमंत्री जी ने अपने मन की बात मे की। औद्योगिक विकास तथा ग्रामीण कुटीर उद्योगों के माध्यम से समृद्ध होते नये भारत की तस्वीर को प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों के सामने रखा। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व तथा जिलामंत्री पूनम गुप्ता के प्रभार में पूरे जिले मे इस कार्यक्रम का प्रसारण देखा व सुना गया। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह शक्ति केन्द्र 15 के बूथ क्र.55 पर उपस्थित रहे व मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया उनके साथ कार्यक्रम प्रभारी व जिला मंत्री पूनम गुप्ता जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह मंडल अध्यक्ष संदीप झा के साथ बूथ समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों ने बूथों में उपस्थित रहकर मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। लोकसभा सांसद चितरंगी विधानसभा के बगदरा मंडल बूथ क्र. 10 नदमनियां ग्राम में उपस्थित रहे तथा मन की बात कार्यक्रम को देखा। विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह समेत समस्त जनप्रतिनिधियों ने अपने.अपने निर्धारित बूथों पर जाकर मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया।

# पुरानी पेंशन तो हम लेकर रहेंगे : उपेंद्र मिश्रा

## राष्ट्र निर्माता रिटायरमेंट होने के बाद दर.दर भटक रहा है



**जागरण बैढ़न।** सामुदायिक भवन बैढन में अधिकारी कर्मचारी एवं राष्ट्र निर्माताओ द्वारा अपने बुढ़ापे की सहारा पुरानी पेंशन को बहाल करने के लिए पेंशन पर चर्चा का आयोजन हुआ वक्ताओं ने बताया कि आज भारत जो उन्नत कर रहा है उसका श्रेय राष्ट्र निर्माताओ को जाता है लेकिन इन्हीं लोगों का बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन सरकार द्वारा बंद कर दी गई है राष्ट्र निर्माता रिटायरमेंट होने के बाद दर.दर भटक रहा है न तन काम कर रहा है न मन काम कर रहा है विश्व गुरु बनने का सपना देखने वाला भारत अपने गुरुओं के साथ ऐसा व्यवहार कर रहा है 2023 में सेवानिवृत हुए जगदीश प्रसाद नाई ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए बताया की मात्रा 3000 जीवन निर्वाह के लिए मिलता है जो बहुत ही कम है उससे दवाई राशन पानी कैसे व्यवस्था हो सरकार हमारे पैसे को अडानी अंबानी को दे दी है ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश कुमार ने बताया कि 2005 से पेंशन बंद है लेकिन मध्य प्रदेश के गुरुओं का सरकार द्वारा आए दिन शोषण किया जा रहा है 1998 से लेकर 2018 तक में इन्ही शिक्षको का चार बार नियुक्ति दी गई है इस प्रकार गुरुओं का शोषण किया जा रहा है कैसे भारत विश्व गुरु बन सकता है अगर भारत को विश्व गुरु बनाना है तो सभी कर्मचारी अधिकारी एवं राष्ट्र निर्माताओ को नियुक्ति दिनांक से सभी लाभ एवं पुरानी पेंशन बहाल करें तथा जो साथी रिटायर्ड हो गए हैं उन्हें ब्याज सहित सभी लाभ एवं पेंशन दिया जाए सभी लोगों ने पुरानी पेंशन को जन आंदोलन बनाने की बात कही तथा सिंगरौली में प्रदेश स्तरीय 15 जून को कार्यक्रम करने की रूपरेखा बनाई गई जिसमें प्रदेश के हजारों लोग कार्यक्रम में पहुंचेंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्येंद्र सिंह तिवारी प्रांत अध्यक्ष मुख्य रूप से होंगे मुख्य अतिथि मिश्रा ने कहा की पुरानी पेंशन तो हम लेकर रहेंगे अगर यह सरकार देती है तो बहुत ठीक है अगर नहीं देती है तो हम सत्ता परिवर्तन कर वचे लेंगे मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथियों ने ब्लॉक अध्यक्ष इन्द्रेश कुमार वर्मा को गेरुआ वस्त्र देकर चाणक्य की उपाधि दी एवं सभी राष्ट्र निर्माताओ को चाणक्य की भूमिका निभाने की बात कही इस अवसर पर श्रीमती विभा सिंह प्रदेश संगठन मंत्री गोरेलाल पनिका जिला उपाध्यक्ष राम सहाय ब्लॉक संयोजक जिवेन्द्र कुमार सिंह उच्च माध्यमिक शिक्षक अनिल कुमार पांडेय प्राथमिक शिक्षक हरिहर सिंह माध्यमिक शिक्षक प्रताप सिंह माध्यमिक शिक्षक लालपति रैदास प्राथमिक शिक्षक कौशल प्रसाद नापित प्राथमिक शिक्षक त्रिवेणी प्रसाद प्रजापति प्राथमिक शिक्षक सुरेश कुमार जायसवाल प्राथमिक शिक्षक छोटेलाल शाह प्राथमिक शिक्षक मोहम्मद गयासुद्दीन माध्यमिक शिक्षक डॉ शालिक राम शाह सुरेंद्र कुमार साकेत भास्कर चौरसिया रवेंद्र सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# कृष्ण कुमार कुशवाहा नामित हुये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के आइएमसी सदस्य



**जागरण बैढ़न।** लोकसभा सांसद ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिंगरौली के आइएमसी सदस्य के रुप मे सम्मिलित करने के लिये कृष्ण कुमार कुशवाहा को अपने प्रतिदिन के रूप में नामित किया है।औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को लिखे गये पत्र मे सांसद ने इस बात का उल्लेख किया है तथा आइएमसी के सदस्य के रूप मे कृष्ण कुमार कुशवाहा को नामित किया है। इस पद पर नियुक्त के लिए पंचायत तथा ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह विधायक रामनिवास शाह समेत समस्त जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों ने कृष्ण कुमार को शुभकामनाएं दी हैं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामनाओं सहित उनका उत्साह वर्धन किया है। कृष्ण कुमार कुशवाहा ने सांसद समेत समस्त वरिष्ठों तथा जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है तथा संस्था मे आईएमसी सदस्य के रूप मे निष्ठा से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई है।

# सिंगरौली महोत्सव के दूसरे दिवस वीवा क्लब एनटीपीसी में पेटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## सीनयर वर्ग में शालू सोनी को मिला पहला स्थान जूनियर में अभ्युदय सिंह रहे अव्वल

**जागरण बैढ़न।** 17 वे सिंगरौली महोत्सव एवं नगर गौरव दिवस 24 से 27 मई के बीच मनाया जा रहा है। सिंगरौली महोत्सव में जहा वालीवुड के प्लेबैक सिंगरौली अपने गानो से सिंगरौली वासियों का मनोरंज कर रहे वही स्थानीय प्रतिभाओ के द्वारा भी अपनी हुनर कौशल से सिंगरौली वासियों का मन मोह रहे है। वही आज सिंगरौली महोत्सव आयोजन की दूसरे दिवस वीवी क्लब एनटीपीसी में चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 10 से 15 वर्ष तक जूनियर वर्ग एवं 15 वर्ष से अधिक आयु के छात्रो ने सीनियर वर्ग के विभिन्न प्रतिभागियों ने भाग लिया। छात्रो ने प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मक चित्रकला के माध्यम से अलग.अलग सामाजिक सरोकार के मैसेज देते हुए चित्र बनाए। उक्त कार्यक्रम में जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर अभ्युदय सिंह द्वितीय स्थान पर रायनी सोनी एवं तृतीय स्थान पर आयुष पटेल रहे एवं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर शालू सोनी द्वितीय स्थान पर अंशु रानी एवं तृतीय स्थान पर पल्लवी कुमारी रही। उक्त कार्यक्रम में शामिल समस्त प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए जायेगे।



# रंग बिरंगी रंगोली से होगी सिंगरौली महोत्सव के तीसरे दिन की शरूआत

## सिंगरौली महोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि होगे विधानसभा अध्यक्ष शाम को वालीवुड के मशहूर प्ले बैक सिंगर अभिजीत सावंत तथा अनिल श्रीवास्तव देगे अपनी प्रस्तुति

**जागरण बैढ़न।** जिले का 17 वॉ स्थापना दिवस एवं नगर गौरव दिवस का धूमधाम से मनाया जा रहा है। सिंगरौली महोत्सव एवं नगर गौरव दिवस के अवसर पर बालीवुड के जाने माने गायक अपने नगमो से समा बाधेगे। सिंगरौली महोत्सव के तीसरे दिन की शरूआत अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में प्रातः 10 बजे रंग बिरंगी रंगोली प्रतियोगिता के साथ होगी। आज राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथ मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमार होगे। वही समारोह में वालीवुड के जाने पहचाने गायक अभिजीत सावंत तथा अनिल श्रीवास्तव अपने गानो से सिंगरौली वासियो बीच धूम मचायेंगे। सिंगरौली महोत्सव में स्थानीय कलाकर भी अपनी प्रतिभा का उतकृष्ट प्रदर्शन सिंगरौली वासियों का मन मोह रहे है। इस बार सिंगरौली महोत्सव में कई नवाचार भी किए जा रहे जिसके तहत महोत्सव के चारो दिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर बी.पी सुगर की जॉच कर आवश्यक दवाओं का वितरण किया जायेगा। वही स्व सहायता समूह के द्वारा स्टाल लगाकर सिंगरौली पहचान बन चुकी खीर सहित कई लजीज व्यंजनो का स्वाद से रूबरू कराया जा रहा है।

# जिले में आबकारी विभाग की अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही



**जागरण बैढ़न।** आज कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशन मे एवं जिला आबकारी अधिकारी खेमराज श्याम के मार्गदर्शन में वृत वैढ़न के अंतर्गत अवैध शराब के संग्रहण एवं विक्रय की सूचना मिलने पर कार्यवाही की गई। तलाशी कार्यवाही दौरान ताम्र ध्वज वैश्य पिता सालिक राम वैश्य, 42 वर्ष ग्राम करोटी थाना वैढ़न में किराना दुकान पर एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में वा एक नीले रंग के कपड़े के झोले में क्रमशः बीयर 45.3 वा व्हिस्की 13.32 कुल 58.62 मदिरा बरामद कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34/1 क एवम 34/2 के तहत प्रकरण दर्ज कर मौके पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं उक्त आरोपी को यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से आरोपी को 12 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया । प्रकरण की विवेचना जारी है। कुल जब्ती 58.62 जिसकी अनुमानित कीमत 25901 है। कार्यवाही के दौरान वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक एस. के.यादव आबकारी आरक्षक बहादुर सिंह आलोक सिंह अमर पॉल सिंह अंकिता त्रिपाठी एवं नायक प्रकाश मिश्रा व सैनिक कमलभान का सराहनीय योगदान रहा।

# भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

जागरण चितरंगी। विकास खंड चितरंगी मुख्यालय में आज महिला बाल विकास परियोजना चितरंगी की सभा पति सुषमा सिंह के नेतृत्व में पहलगाम आतंकी हमले में 28 पर्यटकों को गोली से भून कर हत्या कर दी गई थी। हमारे देश की कई बहनो के मांग का सिंदूर उजड गया। जिसके जबाबी कार्यवाही में भारत सरकार और भारतीय सेना शौर्य पराक्रम से ऑपरेशन सिंदूर सर्जिकल एयर स्ट्राइक से पैकिस्तान के मोस्टवांडेट आतंकी संगठन के नौ ठिकाने को ध्वस्त करने में भारतीय सेना वायु सेना सफल रही। और अपने वीर गाथा का इतिहास लिखा गया। देश की जनता गौरवान्वित है कि हमारे देश की नारी शक्ति वीरांगना सूफ्यिा कुरैशी जैसी बहने सिंदूर का बदला ले कर पहलगाम हमले में सहीद पर्यटकों को सच्ची श्रद्धसनजसलि दिया है। और मृत आत्मा को भी शांति मिली होगी। आज भारतीय सेना से सम्मान में अस्पताल चौराहा से तहसील परिसर तक आंगनबाडी कार्यकर्ताओ द्वारा तिरंगा यात्रा की रैली निकाल कर भारतीय सैनिकों के हौसले को बुलंद किया है। कार्यक्रम में उपस्थित सुशील वर्मा पर्यवेक्षक महिला बाल विकास परियोजना चितरंगी शेवन्ति सिंह ब्लाक समन्यवक प्रितेश सिंह बैस दिलीप द्विवेदी आंगनबाड़ी कार्यकर्तीये सम्मिलित हुई।

# बेमौसम बारिश ने खोल दी नगर परिषद् सरई के सफाई की पोल

**जागरण सरई ।** क्षेत्र में दोपहर में अचानक बारिश हुई है। स्थानीय नगर परिषद सरई के वार्ड क्र.10 इटमा में रोड में जगह.जगह विभिन्न नुमा के गड्ढे होने से बिना मौसम के बारिश हो जाने से रोड पर बने गड्ढों में पानी लबालब भर गया है। जबकि परिषद के सीएमओ अध्यक्ष व कुछ पार्षद भी नगर परिषद सरई का अच्छा विकास एवं बेहतर सफाई की दावा करते हैं जो 1 घंटे का बारिश ने परिषद के खोखले दावों को खोलकर सच सामने ला दिया है। सरई. बंजारी मुख्य मार्ग से कोनी की ओर जाने वाली सड़क में विभिन्न नुमा के गड्ढे बने हैं जहां आज पानी भरा हुआ है। पानी भर जाने से वाहन चालकों को गड्ढे का अंदाजा नहीं लग पाता और वह अपना दुपहिया वाहन गड्ढे की गहराई कम आकलन कर पानी में अपना साइकिल मोटरसाइकिल घुसेड़ देते हैं। और दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। इस तरह से कई बार वे गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं जबकि नगर परिषद के सीएमओ एवं अध्यक्ष इसी मार्ग से गुजरते हैं। लेकिन उनको यह गड्ढे नजर नहीं आते या फिर इन गड्ढों से उनका कोई ताल्लुक न हो ऐसा प्रतीत होता है इटमा वासियों ने नगर परिषद सरई के सीएमओ से इटमा मुख्य रोड पर बने सभी छोटे.बड़े गड्ढों को भरवाने की मांग की है जिससे आने वाले बारिश के महीना में आम जनमानस को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# पीएम मोदी के मन की बात पन्ना नगर के सभी बूथों में सुनी गई

## वार्ड नंबर 06 में बृजेंद्र प्रताप सिंह वार्ड नंबर 10 में सतानंद गौतम और वार्ड नंबर 28 में मीना विष्णु पांडे रही उपस्थित



**जागरण, पन्ना ।** पूर्व मंत्री और पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह वार्ड नंबर 06 में मन की बात को सुना उन्होंने बताया कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के विरुद्ध देशवासियों में व्याप्त आक्रोश और एकजुटता की सराहना की। साथ ही हमारी तीनों सेनाओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाक परस्त आतंकियों को मिट्टी में मिलाने शौर्य की प्रशंसा करते हुए सेना के वीर जवानों का अभिनंदन किया। पीएम नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सल प्रभावित काटेझरी गांव का जिक्र करते हुए बताया कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि गांव में पहली बार बस पहुंची तो लोगों ने ढोल.नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया। माओवादी नक्सलवाद से प्रभावित छत्तीसगढ़ में भी अब आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है। पन्ना नगर के सभी बूथों में बढ़.चढ़ कर बीजेपी नेता कार्यकर्ता और नगरवासियों ने भाग लिया जिसमें वार्ड नंबर 06 में पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने वार्ड नंबर 06 के पार्षद संतोष साहू के निवास पर बूथ नंबर 179 बूथ अध्यक्ष विक्रम शर्मा के साथ नगर मंडल अध्यक्ष कैलाश गुप्ताए रवि पांडेए रत्नेश पटेरियाए अल्पेश शर्माए नरेंद्र यादवए लक्ष्मी यादव सैकड़ों बीजेपी कार्यकर्ता के साथ मन की बात सुनी जिसमें पन्ना बार संघ पूर्व अध्यक्ष जेके राव तैलंग और कुंदन लाल साहू का पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने शाल श्रीफल के साथ सम्मान किया। वही वार्ड नंबर 10 आगरा मोहल्ला में पूर्व बीजेपी जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतानंद गौतम ने वार्ड नंबर 10 के पार्षद श्रीमति सुशीला अरविंद महाजन के निवास पर बूथ 185 बूथ अध्यक्ष मनमोहन यादव सहित बीजेपी कार्यकर्ता पदाधिकारी वार्डवासी उपस्थित रहे वही वार्ड नंबर 28 के जनकपुर में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पांडे नगर मंडल उपाध्यक्ष रणजीत सिंहए सोनू राजा के निवास पर बूथ नंबर 260 बूथ अध्यक्ष अनिल सोनी के साथ मन की बात सुनी जिसमें सभी वार्ड के निवासी उपस्थित रहे।वार्ड नंबर 06 में बृजेंद्र प्रताप सिंह वार्ड नंबर 10 में सतानंद गौतम और वार्ड नंबर 28 में श्रीमती मीना विष्णु पांडे रही उपस्थित। पूर्व मंत्री और पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह वार्ड नंबर 06 में मन की बात को सुना उन्होंने बताया कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के विरुद्ध देशवासियों में व्याप्त आक्रोश और एकजुटता की सराहना की। साथ ही हमारी तीनों सेनाओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाक परस्त आतंकियों को मिट्टी में मिलाने शौर्य की प्रशंसा करते हुए सेना के वीर जवानों का अभिनंदन किया। पीएम नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सल प्रभावित काटेझरी गांव का जिक्र करते हुए बताया कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया हो रही है।

# पवित्र नगरी में गली गली बिक रही अवैध शराब शराब माफिया के हौसले बुलंद

**पन्ना ।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के 26 पवित्र नगरों में शराबबंदी की गई थी तथा किसी भी प्रकार से नई शराब दुकान नहीं खोलने का वादा किया गया था लेकिन शराब माफिया तथा अधिकारियों एवं नेताओं की मिली भगत से पवित्र नगरों के आसपास स्टेट राजमार्ग तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर शराब दुकान खोल दी गई है जिसका असर यह है कि उक्त दुकानों से प्रतिबंधित क्षेत्र में सरे आम धड़ल्ले से अवैध शराब की बिक्री हो रही है पन्ना नगर को भी पवित्र नगर घोषित किया गया था तथा नगर के अंदर की शराब दुकान बंद कर दी गई थी लेकिन नगर के आसपास जनकपुर मनोर तथा दो अन्य स्थानों पर शराब की दुकान खोल दी गई उक्त दुकानों से सरेआम ठेकेदार के लोग पन्ना नगर में शराब की सप्लाई कर रहे हैं तथा गली चौराहों में सरेआम लोग मोटरसाइकिलों की डिग्गी तथा जेबों मैं शराब की बोतल डालकर बेचते हुए देखे जा रहे हैं नगर से लगे माझा इंद्रपुरी कॉलोनी रानीगंज मोहल्ला कोतवाली चौराहा बस स्टैंड गांधी चौक पुराना पावर हाउस चौराहा जैन मंदिर के बगल में धाम मोहल्ला अनेक स्थान पर शराब बेचने के अड्डे बने हुए हैं अभी कुछ दिन पूर्व कोतवाली पुलिस द्वारा शराब से भरी पिकअप गाड़ी पकड़ी थी जिसमें भारी मात्रा में शराब भरी हुईथी लेकिन शराब बेचने वाले गाड़ी छोड़कर भाग गए थे पुलिस तथा आबकारी विभाग द्वारा समय.समय पर कार्यवाही भी की जा रही है लेकिन व्यापक स्तर पर चल रहे शराब के अवैध कारोबार को रोक पाना संभव नहीं लग रहा है।

# पन्ना नगर के नजरबाग स्टेडियम में चल रहे ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण में खिलाड़ियों को दी गई साइबर क्राइम की जानकारी

**जागरण, पन्ना ।** पन्ना नगर के छत्रसाल नज़र बाग स्टेडियम में विगत 9 मई से ग्रीष्मकालीन खेल चल रहे हैं युक्त खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित हो रहे हैं जिसमें विभिन्न खेलों के लगभग तीन सैकड़ा से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं उक्त खेल प्रतिदिन सुबह 6रू00 बजे से 8रू00 बजे तक चलते हैं जिसमें बैडमिंटन खो खो फुटबॉल एथलेटिक्स कबड्डी मलखंभ आदि खेल युवा कल्याण अधिकारी एसपी सिंह बघेल द्वारा लगातार बेहतर ढंग से खेलों का संचालन कराया जा रहा है खेलों के साथ.साथ खिलाड़ियों को अन्य प्रकार की व्यावहारिक एवं बौद्धिक जानकारियां भी दी जा रहीं हैं जिसमें अलग.अलग दिन अलग. अलग विषय का ज्ञान रखने वाले लोग खिलाड़ी बच्चों को अवगत कराते हैं इसी कड़ी में दिनांक 25 मई को साइबर अपराध से जुड़ी हुई जानकारियां साइबर टीम के सदस्य आशीष अवस्थी एवं एसडीओपी एसपी सिंह बघेल द्वारा दी गई उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध हो रहे हैं इसलिए हम सभी को बहुत संभाल कर काम करना है साइबर ठगो द्वारा लोगों के साथ अनेक प्रकार से धोखाधड़ी की जाती है उससे बचने के लिए उन्होंने अनेक प्रकार की जानकारियां बच्चों के साथ साझा की इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह परमार ध्रुव प्रताप सिंह अमर बहादुर सिंह खेल प्रशिक्षक प्रकाश सिंह राहुल गुर्जर पहलवान सिंह लॉरेंस ईट्स मुस्तकीम आदि उपस्थित रहे सभी बच्चों को स्वल्पाहार हार का बेहतर प्रबंधन किया गया था ।

# बल्देवगढ़ में जपं की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

## मुद्दों पर होगी जंग जिसका कोई नहीं उसका जपं अध्यक्ष



**जागरण, टीकमगढ़ ।** जिले में पत्रकार ईकाई का वृहद संगठन जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ़मध्य प्रदेश ;जम्पद्ध की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक बल्देवगढ़ नगर के सर्किट हाउस में आयोजित की गई। इस बैठक का आयोजन बल्देवगढ़ तहसील इकाई द्वारा किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अभय मोर के द्वारा की गई। बैठक की शुरुआत में जर्नलिस्ट यूनियन आफमध्य प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष व टीकमगढ़ जिले में जम्प के संस्थापक अधिमान्य पत्रकार स्वर्गीय विष्णु दयाल श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया एवं उनके सहयोग व संघर्ष को जिले के पत्रकार जगत में उनके योगदान को याद किया गया। तत्पश्चात संगठन के मजबूतीए विस्तार एवं पत्रकारों की इस बदलते परिवेश में भूमिका पर सभी पत्रकारों के द्वारा अपने.अपने विचार व्यक्त किए गए इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि जिला अध्यक्ष अभय मोर की अध्यक्षता में जिला सहित तहसील स्तर की नई कार्यकारिणी गठित कर जिले की कार्यकारिणी को नया स्वरूप दिया जाए। साथ ही संगठन के विस्तार के लिए साफस्वच्छ पत्रकारिता कर रहे पत्रकार साथियों को जोड़ा जाए जो संगठन के प्रति निष्ठा से कार्य करें। प्रत्येक एक दो माह में संगठन की एक बैठक अलग.अलग तहसील इकाई पर आयोजित की जाए। समाचारए समस्याएं व खबरें आदि प्रकाशित करने पर यदि किसी अधिकारी या नेता द्वारा संगठन के सदस्य के प्रति दुर्भावना के साथ कोई कार्य किया जाता हैए तो समस्त संगठन उस सदस्य के साथ खड़ा रहेगा एवं यह लड़ाई जम्प संगठन की होगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन मुद्दों को लेकर जम्प संगठन के प्रमुख स्वर्गीय विष्णु दयाल श्रीवास्तव द्वारा जो जंग छेड़ी गई थीए उन अधूरे कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। जैसे पत्रकार भवन को मुक्त कराया जाएए जम्प संगठन के सदस्यों को अधिमान्यता दिलाई जाए सहित अन्य विषय पर भी कार्य किया जाएगा। बैठक में उपस्थित हुए पत्रकार साथियों के प्रति बैठक के आयोजक बल्देवगढ़ ईकाई हरिश्चंद्र यादवए अखंड यादव एवं मुन्नालाल सोनी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष अभय मोरए शेख हनीफ खानए सत्तार बाबाए समीर खानए अकरम खानए अफसर खानए गंधर्व सिंह बुंदेलाए संतोष खरेए जमील खानए सुरेंद्र रायए पुष्पेंद्र सिंहए सोनू विश्वकर्माए लोकेंद्र सिंहए अवधेश वर्माए नारायण दास मुन्ना सोनीए हरिश्चंद्र यादवए अखंड यादवए मोहसिन खानए नीरज यादवए विकास रायए ललित दुबेए दुर्ग सिंह घोषए धर्मेंद्र यादवए सालम खानए प्रतीक रामचंदानीए अलहव खानए अहमद खानए इरफान खानए रानू खांए मोहम्मद उबेश खानए इरफान बाबा सहित अन्य पत्रकार बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# संचालित राशन दुकानों के विक्रेताओं का हुआ निर्वाचन





## गणेश रजक अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह बुंदेला उपाध्यक्ष हुए निर्वाचित

**शाहनगर।** पन्ना जिले के सहकारी बैंक शाहनगर के अंतर्गत संचालित 84 राशन दुकानों के बिक्रेताओं की एक अहम बैठक का आयोजन किया गयाए जिसमें संगठनात्मक चुनाव संपन्न हुए। इस चुनाव में सर्वसम्मति से गणेश रजक को अध्यक्ष चुना गयाए जबकि धीरेन्द्र बुंदेला उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। सभी विक्रेताओं ने एकमत होकर नए नेतृत्व पर विश्वास जताया और आशा व्यक्त की कि नई समिति जनहित में कार्य करते हुए विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाएगी। चुनाव के बाद गणेश रजक ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि वे पूरी ईमानदारी व निष्पक्षता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। वहीं उपाध्यक्ष धीरेन्द्र बुंदेला ने भी संगठन को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

# बृजपुर थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग बालिका को सीतापुर उत्तर प्रदेश से सकुशल किया गया दस्तयाब



**जागरण, पन्ना ।** बृजपुर थाना क्षेत्रांतर्गत दिनांक 06ण्04ण्25 को एक नाबालिग बालिका के अपहरण की सूचना प्राप्त होते ही पन्ना पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना बृजपुर मे अपहरण का अपराध क्रमांक 73ध्25 कायम कर त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की गई। अपहृत बालिका की सकुशल दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गयाए जिस पर अपहृता की दस्तयाबी मे थाना बृजपुर पुलिस टीम एवं साइबर सेल पन्ना की संयुक्त कार्यवाही सराहनीय रही। उक्त प्रकरण मे थाना प्रभारी बृजपुर के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार अपहृत की दस्तयाबी हेतु सतत प्रयास किए गए साथ हि आस.पास के जिलो मे अपहृत नाबालिग बालिका के सम्बंध मे जानकारी प्रसारित की गई एवं संभावित स्थानो मे जाकर अपहृता के बारे तलाश.पतारसी की गई। जिसके परिणामस्वरूप प्राप्त मुखविर सूचना के आधार पर दिनांक 24ण्05ण्25 को पुलिस टीम ग्राम केमहरा थाना मानपुर जिला सीतापुर उत्तर प्रदेश पहंची जहां अपहृत बालिका को सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। बालिका को दस्तयाब कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उसे सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया। बालिका की सकुशल वापसी पर परिजनों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने बालिका के परिजनों ने पन्ना पुलिस के अथक प्रयासोंए संवेदनशीलता एवं तत्पर कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी बृजपुर उनिण् महेन्द्र भदौरियाए सउनि कमल सिंह चन्देलएआरण् दीपक सौनकियाए महिला आरण् सीमा यादव एवं सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

# बुजुर्गों की गरिमा और सुरक्षा विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित




## टीआरएस के समाज कार्य विभाग में आयोजित हुआ

**जागरण, रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा के समाज कार्य विभाग द्वारा संवेदनाओं का संरक्षणः बुजुर्गों की गरिमा और सुरक्षा विषय पर प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष डॉ.अखिलेश शुक्ल के संयोजन तथा चेतना फ्लैगशिप के अंतर्गत आईक्यूएसी के तत्वावधान में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, गरिमा, और समाज में उनकी अहम भूमिका को रेखांकित करना था। समाज कार्य के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल ने अपने स्वागत वक्तव्य में कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनका संरक्षण केवल सामाजिक कर्तव्य ही नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक परंपरा का भी अभिन्न अंग है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बुजुर्गों के जीवन से जुड़े अनुभव साझा करते हुए संवाद में सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व, कानून और योजनाओं के व्यावहारिक पहलुओं पर जिज्ञासाएं व्यक्त कीए जिनका समाधान किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ किरण सिंह प्रोफेसर समाजशास्त्र शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना ने विषय को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बुजुर्गों के प्रति बदलते सामाजिक दृष्टिकोण, पारिवारिक संरचनाओं में आए परिवर्तनों, तथा वृद्धजन कल्याण के लिए संचालित सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन गुंजन सिंह के द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ प्रियंका तिवारी ने किया। संवाद कार्यक्रम ने न केवल विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदना का संचार किया, बल्कि बुजुर्गों की गरिमा और संरक्षण को लेकर एक सशक्त सामाजिक संदेश भी दिया।

# शहीद का कोई धर्म जाति नहीं, वह देश की धरोहर हैं : पांडेय

**रीवा।** शहीद हेड कांस्टेबल (हवलदार) रामचरण द्विवेदी (बीएसएफ) जम्मू-कश्मीर में 23मई 04 को देश की सीमा की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया था। शहीद की वीर नारी सुमित्रा द्विवेदी के निवास विवेकानंद नगर मे संक्षिप्त श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राष्ट्रीय सचिव व प्रांत महासचिव सार्जेंट रमेश पाण्डेय जी उपस्थित रहे। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि शहीद किसी जाति धर्म का नहीं होता है वह देश की धरोहर है हम सभी के कल के लिए वह अपना आज सर्वोच्च बलिदान दिया। हमेशा शहीद अजर-अमर रहता है। वीर नारी के साथ साथ परिवार के सदस्यों व साथ में ड्यूटी कर रहे सहपाठी, मोहल्ले के गणमान्य नागरिक लोग श्रद्धा सुमन अर्पित किया। राम प्रसाद द्विवेदी छोटे भाई, दिलीप द्विवेदी,दीपक द्विवेदी, उपेन्द्र द्विवेदी सभी तीनों पुत्र, रश्मि, पूजा दोनों बहुएं और दर्शिका पौत्री,उप निरीक्षक राजेन्द्र तिवारी (बी एस एफ), विजेन्द्र पाठक, विजय सोनी भाजपा कार्यकारिणी सदस्य,वेद प्रकाश चतुर्वेदी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भारत माता की जय,शहीद अमर रहे का जयकारा के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बनवायेगा निराश्रित बच्चों के आधार कार्ड




**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार निराश्रित बच्चों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए उनके आधार कार्ड बनाने का अभियान शुरू किया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में रीवा जिले में निराश्रित बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिए साथी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निराश्रित बच्चों के आधार कार्ड बनाये जा रहे हैं।

इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश समीर कुमार मिश्र ने बताया कि अभियान की तैयारी के लिए गत दिवस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निराश्रित बच्चों को आधार कार्ड बनाकर उन्हें वैधानिक दस्तावेज देने तथा समाज कल्याण योजनाओं का लाभ देने का निर्णय दिया गया है। आधार कार्ड बनाने के लिए साथी अभियान 26 मई से 5 अगस्त तक चलाया जायेगा। अभियान के दौरान 18 साल से कम आयु के निराश्रित बच्चों का चिन्हांकन करे उनके आधार कार्ड बनाये जायेंगे। इन बच्चों का चिन्हांकन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशाकार्यकर्ता, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा पैरालीगल वालेंटियर के माध्यम से किया जायेगा। इसके लिए मुख्य रूप से रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल, मंदिर परिसर, झुग्गी बस्तियों तथा निराश्रित बच्चों की देखभाल करने वाली संस्थाओं में जाकर निराश्रित बच्चों का चिन्हांकन किया जायेगा। आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया 27 जून से 5 अगस्त तक पूरी की जायेगी। अभियान की निगरानी के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, पुलिस अधिकारी, तहसीलदार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, पैनल लायर्स तथा पैरालीगल वालेंटियर्स को शामिल किया गया है। समिति साथी अभियान के क्रियान्वयन की सतत निगरानी करेंगी।

# राशि निकल गई, निर्माण कार्य अभी भी अपूर्ण!

## केन्द्रीय पुस्तकालय भवन का निर्माण फिर बंद, पेटी कॉन्ट्रेक्टर को नहीं किया भुगतान



**जागरण, रीवा।** जय स्तंभ चौराहे के समीप श्री वैंकट विद्या सदन में संचालित केन्द्रीय पुस्तकालय के नवीन भवन का कार्य मप्र गृह निर्माण मण्डल के माध्यम से ठेकेदार द्वारा पिछले वर्ष से किया जा रहा है, लेकिन कार्य नियमित रूप से न चलने के कारण भवन अभी भी अपूर्ण ही पड़ा हुआ है। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो उक्त भवन निर्माण का ठेका किसी बाहरी ठेकेदार को दिया गया था, उसने किसी अन्य ठेकेदार को कार्य दे दिया, अन्य ठेकेदार ने भी भवन निर्माण का ठेका तीसरे ठेकेदार को दे दिया। वर्तमान में जो ठेकेदार पुस्तकालय भवन का निर्माण कार्य कर रहा है वह स्थानीय बताया जा रहा है। जिसे राशि न मिलने के कारण उसने निर्माण कार्य रोक दिया है, जबकि मुख्य ठेकेदार उक्त निर्माण कार्य की राशि आहरित कर चुका है।

**जितनी राशि मिल रही, उतना हो रहा कार्य :** सूत्रों के अनुसार मुख्य ठेकेदार द्वारा राशि का आहरण भी किया जा चुका है, लेकिन राशि निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार तक नहीं पहुंचने से उसने कार्य रोक दिया। आसपास के लोगों ने बताया कि बीच-बीच में एक-दो दिन कार्य शुरू कर दिया जाता है, फिर रूक जाता है। जैसे-जैसे ठेकेदार को जितनी राशि मिलती है उसी अनुसार व निर्माण कर राशि के अभाव में निर्माण बंद कर देता है। जिससे भवन पूर्ण नहीं हो पा रहा। गृह निर्माण मण्डल द्वारा भी पुस्तकालय को पूर्ण करने में रूचि नहीं दिखाई जा रही न ही राशि का आहरण करने वाले ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने को तैयार है।

### न तो कारीगर, न ही चौकीदार

पुराने भवन में पाठकों के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जितने पाठक यहां बैठ पाते वे तो बैठ जाते हैं, जबकि अन्य पाठक पुस्तकालय के लाभ से वंचित हैं। जबकि यहां आने वाले पाठक व विद्यार्थी सीटे बढ़ाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन भवन पूर्ण होने तक उनकी मांग पूर्ण होना संभव नहीं। यहां चौकीदारी करने वाले मजदूरों ने पूर्व में बताया था कि उन्हें भी नियमित भुगतान नहीं दिया जा रहा, फिलहाल यहां न तो कोई कारीगर दिखे न ही कोई चौकीदार।

# घर में चार्ज हो रहीं स्कूटर, ऑटो व कार, नहीं खुल पाए चार्जिंग स्टेशन

**जागरण, रीवा।** सरकार के ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने से इलेक्ट्रिक वाहन तेजी से सड़कों पर बढ़ गए हैं, लेकिन इसकी तुलना में ई-चार्जिंग स्टेशन अब तक खुल पाए हैं। इससे दोपहिया से लेकर इलेक्ट्रिक ऑटो और कारें घरों में चार्ज हो रही हैं तो इलेक्ट्रिक बसें भी रीवा नहीं पहुंच पा रही हैं। वहीं, घरेलू बिजली को व्यावसायिक उपयोग में खर्च करना पड़ रहा है। इस समय रीवा और मऊगंज जिले में मिलाकर करीब 15 हजार से अधिक ई-स्कूटर, ऑटो और कार सड़कों पर संचालित हो रहे हैं। ये सभी घरेलू बिजली पर आश्रित हैं। नागपुर, भोपाल और इंदौर व जबलपुर समेत अन्य शहरों में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू हो गया है। वहां से बसें यात्रियों को लेकर आए तो उन्हें पुन ई-चार्जिंग के लिए स्टेशन नहीं मिल पाएगा। इससे ये बसें यहां नहीं आ पा रही हैं।

### ननि ने नहीं दिया ध्यान

नगर निगम या फिर कोई निजी एजेंसी अगर ई-चार्जिंग स्टेशन की स्थापना कर दें तो वाहन उद्योग में नई क्रांति आ सकती है। धीरे-धीरे बस मालिक भी ई-बसों की खरीदी में आगे बढ़ेंगे। उनकी हर किमी यात्रा की लागत भी घटेगी। साथ ही यात्रियों को किराया भी सस्ता देना पड़ेगा। मेंटेनेंस की लागत भी कम होगी।

**ईवी पालिसी में भी जगह नहीं :** प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए एक ईवी पॉलिसी लागू की है। इसके तहत भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन जैसे शहरों में हर 20 किलोमीटर पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की बात कही गई है। स्टेशन खोलने के लिए सरकार सब्सिडी देगी और जमीन भी उपलब्ध कराएगी। फिलहाल इस पॉलिसी में बड़े शहर लिए गए हैं।

# मनाई गई देवी अहिल्या बाई की जन्म जयंती



**रीवा।** मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी तथा इतिहास-प्रसिद्ध सूबेदार मल्हारराव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर के जन्म के त्रिशताब्दी जन्म जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर एक महान शासक थीं, जिन्होंने अपने शासनकाल में समाज में कई महत्वपूर्ण सुधार किए। उनकी न्यायप्रियता, सामाजिक कल्याण के कार्य और महिला सशक्तीकरण के प्रयास आज भी हमें प्रेरित करते हैं। उनकी तीन सौवीं जयंती पर शिक्षक प्रकोष्ठ रीवा द्वारा जिले के शिक्षाविदों, प्राध्यापकों, अनेकों कॉलेजों व स्कूलों के शिक्षक एवं छात्रों ने भाजपा कार्यालय (अटल कुंज )में आकर प्रोजेक्टर एवं चित्रों के माध्यम से उनको जाना और पढ़ा। जिसमें जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ रीवा डॉ.रत्नेश कुमार तिवारी द्वारा विभिन्न शिक्षकों एवं छात्राओं को लोकमाता अहिल्या बाई होलकर के जीवन चरित्र के बारे में जानकारी दी।

**लोक माता देवी अहिल्याबाई होल्कर का जन्मोत्सव हर्षोल्लासपूर्वक मनेगा :** अखिल विश्व पाल महासभा एवं पाल एकता मंच शाखा रीवा के संयुक्त तत्वावधान में लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की त्रि-शताब्दी वर्ष समारोह आगामी 30 मई को नगर परिषद त्योंथर के वार्ड क्रमांक 8 शिव मंदिर परिसर में हर्षोल्लासपूर्वक मनाई जाएगी।

जिला संयोजक अ.वि. पाल क्षत्रिय महासभा मोतीलाल पाल ने बताया कि अतिथि पूर्व राज्यमंत्री उप्र सतीश पाल रहेंगे, विशिष्ट अतिथि हरिद्वार डॉ. जितेन्द्र व्यास, महामंत्री नगरीय लिपि परिषद नई दिल्ली डॉ. हरिसिंह, पीठाधीश्वर महाशक्ति पीठ देवी अहिल्याबाई होल्कर हरिद्वार, प्रो. डॉ. रामायण पाल, प्रदेश मंत्री अभा पाल महासभा सीताराम पाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा सहकारी समिति त्योंथर के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल पाल करेंगे।


उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
कृषि-उद्योग समागम 2025
उन्नत कृषि से बढ़ती समृद्धि
जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
आइए, जुड़िए मध्यप्रदेश की नई कृषि क्रांति से
कृषि-उद्योग समागम 2025
एवं
खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों का सम्मेलन
26 से 28 मई 2025
मंगुभाई पटेल, राज्यपाल
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मुख्य अतिथि
जगदीप धनखड़
उपराष्ट्रपति, भारत
गरिमामयी उपस्थिति
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
26 मई, 2025 | अपराह्न 12:15 बजे | नरसिंहपुर
मुख्य आकर्षण
मुख्यमंत्री द्वारा हितलाभ वितरण और निवेशकों के साथ संवाद
विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी
नवीन कृषि तकनीकों, यंत्रों एवं ड्रोन्स का प्रदर्शन
सूक्ष्म सिंचाई, संरक्षित खेती और बायो फर्टिलाइज़र की प्रदर्शनी
खाद्य प्रसंस्करण, जैविक खेती और मत्स्य पालन एवं पशुपालन का प्रदर्शन
राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा तकनीकी प्रदर्शनी
एफपीओ, निर्यातक, स्टार्ट-अप्स की संगोष्ठी
कृषकों द्वारा किए गए नवाचारों का प्रदर्शन
कृषक सम्मेलन एवं विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन
सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @JansamparkMP
JansamparkMP
D- 11028/25
आकल्पन: म.प्र. माध्यम/2025
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

# आईपीएल में पहली बार अंतिम स्थान पर रहकर सीएसके का सफर खत्म

## चेन्नई ने गुजरात को 83 रनों से हराया, हार के बाद टाइटंस का शीर्ष दो में बने रहना हुआ मुश्किल

जेएनएन, अहमदाबाद

रविवार को आईपीएल 2025 के आखिरी डबल हेडर के पहले और अपने अंतिम मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 83 रनों से शिकस्त दी। इस हार के बाद गुजरात के लिए शीर्ष दो में रह पाना अब काफी मुश्किल हो गया है। उनके पास लीग चरण के अंत में 18 अंक हैं, लेकिन रनरेट के नुकसान के चलते अब क्वालिफायर-1 की जगह एलिमिनेटर खेलने की अधिक संभावना है। दूसरी ओर सीएसके ने जीत के साथ सीजन का अंत तो किया, लेकिन यह उनकी कुल मिलाकर सिर्फ चौथी जीत रही। 14 में से 10 मुकाबले हारने के कारण टीम अंकतालिका में सबसे नीचे रहेगी। आईपीएल इतिहास में पहली बार सीएसके को अंतिम स्थान से संतोष करना पड़ेगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट पर 230 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। डेवन कॉन्वे ने 35 गेंदों में 52 रन बनाए, जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने सिर्फ 23 गेंदों में 57 रनों की विस्फोटक पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले, मिडिल ओवर्स और डेथ ओवर्स में गुजरात के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। गुजरात के लिए प्रसिद्ध कृष्णा सबसे किफायती और प्रभावशाली गेंदबाज साबित हुए। उन्होंने अपने चार ओवरों में सिर्फ 22 रन देकर दो अहम विकेट चटकाए, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई खास समर्थन नहीं मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात शुरुआत से ही लड़खड़ाती रही और पावरप्ले में ही उन्होंने तीन विकेट गंवा दिए थे। गुजरात पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल सके। पूरी टीम 18.3 ओवरों में 147 रनों पर सिमट गई। सीएसके के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ से गेंदबाजी करते हुए लगातार अंतराल पर विकेट झटके और गुजरात को कभी भी लक्ष्य के करीब नहीं पहुंचने दिया।

### स्कोर बोर्ड

**चेन्नई सुपर किंग्स : 230/5 (20 ओवर)**


| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| म्हात्रे का. सिराज बो. कृष्णा | 34 | 17 | 3 | 3 |
| डेवन कॉन्वे बो. राशिद | 52 | 35 | 6 | 2 |
| उर्विल का. गिल बो. किशोर | 37 | 19 | 4 | 2 |
| शिवम का. कोएत्जी बो. शाहरुख | 17 | 8 | 0 | 2 |
| ब्रेविस का. बटलर बो. कृष्णा | 57 | 23 | 4 | 5 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 21 | 18 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 20 ओवर में पांच विकेट 230 रन, विकेट पतन : 1-44, 2-107, 3-144, 4-156, 5-230, गेंदबाजी : सिराज 4-0-47-0, अरशद 2-0-42-0, प्रसिद्ध कृष्णा 4-0-22-2, कोएत्जी 3-0-24-0, साई किशोर 2-0-23-1, राशिद खान 4-0-42-1, शाहरुख खान 1-0-13-1.

**गुजरात टाइटंस : 147/10 (18.3 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का. शिवम बो. जडेजा | 41 | 28 | 6 | 0 |
| गिल का. उर्विल बो. कंबोज | 13 | 9 | 1 | 1 |
| बटलर का. कंबोज बो. खलील | 5 | 7 | 0 | 0 |
| रदरफोर्ड का. म्हात्रे बो. कंबोज | 0 | 4 | 0 | 0 |
| शाहरुख का. पथिराना बो. जडेजा | 19 | 15 | 0 | 2 |
| तेवतिया का. शिवम बो. नूर | 14 | 10 | 1 | 0 |
| राशिद का. उर्विल बो. नूर | 12 | 8 | 1 | 1 |
| कोएत्जी बो. पथिराना | 5 | 5 | 0 | 0 |
| अरशद खान बो. नूर | 20 | 14 | 0 | 3 |
| किशोर का. धोनी बो. कंबोज | 3 | 7 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 3 | 4 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 12, **कुल** : 18.3 ओवर में 147 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन** : 1-24, 2-29, 3-30, 4-85, 5-86, 6-105, 7-110, 8-126, 9-142, 10-147, **गेंदबाजी** : जडेजा 3-0-17-2, खलील अहमद 3-0-17-1, अंशुल कंबोज 2.3-0-13-3, शिवम दुबे 2-0-33-0, नूर अहमद 4-0-21-3, पथिराना 3-0-29-1, दीपक हुड्डा 1-0-15-0.




### रिटायरमेंट पर बोले एमएस धोनी...

## मेरे पास काफी समय, चार-पांच महीने बाद लूंगा फैसला

इस मैच के बाद सबकी निगाहें सिर्फ एक बात पर थीं - क्या यह एमएस धोनी का आखिरी मैच था? लेकिन पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में धोनी ने स्पष्ट किया कि वह अभी रिटायरमेंट का ऐलान नहीं करेंगे। उनके अनुसार अभी उनके पास फैसला लेने के लिए काफी समय है। धोनी ने कहा, ये इस पर निर्भर करता है। मेरे पास फैसला लेने के लिए 4-5 महीने हैं, कोई जल्दबाजी नहीं है। शरीर को फिट रखना जरूरी है। आपको हमेशा अपनी बेहतरीन स्थिति में रहना होता है। अगर खिलाड़ी प्रदर्शन के आधार पर रिटायर होने लगें, तो कुछ लोग 22 की उम्र में ही रिटायर हो जाएंगे। अब रांची जाऊंगा, थोड़ी बाइक राइड्स का लुत्फ उठाऊंगा। मैं ये नहीं कह रहा कि मैं अब रिटायर हो रहा हूं, और ये भी नहीं कह रहा कि मैं वापस आ रहा हूं। मेरे पास समय की सुविधा है। सोचूंगा और फिर फैसला लूंगा। धोनी ने मैच में टीम के प्रदर्शन को परफेक्ट कहा और फील्डिंग की तारीफ की। उन्होंने कहा, हमारा सीजन अच्छा नहीं गया, लेकिन ये एक परफेक्ट प्रदर्शन में से एक था। इस सीजन हमारी फील्डिंग अच्छी नहीं रही, लेकिन आज कैचिंग अच्छी रही। पिछले सीजन की तरह इस बार भी टीम की कप्तानी रितुराज गायकवाड़ को सौंपी गई थी। हालांकि सीजन के बीच में गायकवाड़ चोटिल हो गए, जिसके बाद धोनी को फिर से टीम की कमान संभालनी पड़ी। धोनी ने रितुराज को लेकर भी बयान दिया और कहा, रितुराज को अगला सीजन लेकर ज्यादा कुछ सोचने की जरूरत नहीं है। वो टीम की जरूरत के हिसाब से किसी भी रोल में फिट हो जाएगा। जब हमने सीजन की शुरुआत की, तब शुरुआती छह में से चार मुकाबले चेन्नई में थे। हमने टॉस जीते और लक्ष्य का पीछा किया। दूसरी पारी में हम थोड़े दबाव में थे। इस वजह से मैं बल्लेबाजी विभाग को लेकर ज्यादा चिंतित था। अब सभी खिलो योगदान दिया है। जब रितु अगले साल वापस आएगा... तो उसे ज्यादा चीजों की चिंता नहीं करनी होगी।

> **प्रदर्शन के आधार पर रिटायर होने लगें, तो कुछ खिलाड़ी 22 की उम्र में ही रिटायर हो जाएंगे**

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 14 | 09 | 05 | 18 | 0.254 |
| पंजाब | 13 | 08 | 04 | 17 | 0.327 |
| बेंगलुरु | 13 | 08 | 04 | 17 | 0.255 |
| मुंबई | 13 | 08 | 05 | 16 | 1.292 |
| दिल्ली | 14 | 07 | 06 | 15 | -0.011 |
| लखनऊ | 13 | 06 | 07 | 12 | -0.337 |
| कोलकाता | 13 | 05 | 06 | 12 | 0.193 |
| हैदराबाद | 13 | 05 | 07 | 11 | -0.737 |
| राजस्थान | 14 | 04 | 10 | 08 | -0.549 |
| चेन्नई | 14 | 04 | 10 | 08 | -0.647 |

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 679 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 649 |
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 583 |
| मिचेल मार्श(लखनऊ) | 560 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| नूर अहमद (चेन्नई) | 24 |
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 21 |
| ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) | 19 |
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 18 |




### बाउंड्री मीटर



1161 छक्के

2037 चौके

133 अर्धशतक

आठ साल बाद भारतीय टेस्ट टीम में लौटे करुण नायर ने 27 गेंद में 44 रन बनाए। यानसेन को छक्का लगाकर पारी का आगाज किया। नायर ने लेग स्पिनर प्रवीण दुबे को 11वें ओवर में लगातार चार चौके लगाये।

# आईपीएल प्लेऑफ से शीर्ष दो में जगह बनाने पंजाब और मुंबई के बीच मैच आज

जेएनएन, जयपुर

आईपीएल-2025 के लीग चरण का आखिरी सप्ताह चल रहा है और अपने आखिरी लीग मुकाबले में मुंबई इंडियंस की टीम जयपुर में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी, जो कि तकनीकी तौर पर इस मैच की मेजबान है। दोनों टीमों के लिए टॉप-2 में जगह बनाने के लिए यह मैच बहुत महत्वपूर्ण है, ताकि उन्हें फाइनल में पहुंचने के कम से कम दो मौके मिले। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स ने लीग के चरण के कई मैच बाकी रहते ही आईपीएल प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। पंजाब 17 अंकों के साथ तालिका में अभी दूसरे स्थान पर है, लेकिन मुंबई से हारने पर वह तीसरे या चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी, जिससे टीम को 30 मई को एलिमिनेटर के लिए तैयार होना पड़ेगा। पंजाब के लिए शीर्ष दो में रहना मुश्किल है, क्योंकि उन्हें मुंबई की मजबूत टीम के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद यह भी उम्मीद करनी होगी कि आरसीबी (17 अंक) अपना अंतिम मैच हार जाए। पंजाब को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद अब शीर्ष दो में आने के लिए मुंबई के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट प्लेऑफ में क्वालिफाई करने वाली टीमों में सबसे बेहतर है। टीम अगर पंजाब को हराने में सफल रही तो यह उसके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति में आरसीबी अपना आखिरी मैच हारती है, तो मुंबई की टीम शीर्ष दो में होगी। पंजाब शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का बचाव करने में असफल रहने के बाद अपनी गेंदबाजी में खामियों को सुधारने की कोशिश करेंगे।







- दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 32 मुकाबलों में 17 में मुंबई, जबकि 15 में पंजाब को जीत मिली है।
- जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दोनों की हालत खराब ही रही है। जहां मुंबई ने यहां पर नौ में से अपने सिर्फ तीन ही मुकाबले जीते हैं, वहीं पंजाब के लिए जीत का यह आंकड़ा आठ में से सिर्फ दो मैच है।

### कप्तान अय्यर होंगे पंजाब के मुख्य हथियार

मुंबई के खिलाफ श्रेयस अय्यर ही पंजाब के प्रमुख हथियार होंगे। कारण मुंबई के सभी प्रमुख गेंदबाजों के खिलाफ उनका रिकॉर्ड है। जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ अय्यर 64 की औसत से रन बनाते हैं, जबकि नौ पारियों में ये दोनों तेज गेंदबाज उन्हें सिर्फ एक-एक बार ही आउट कर पाए हैं। दीपक चाहर और कर्ण शर्मा ने तो कभी भी अय्यर को आउट नहीं किया है, जबकि इन दोनों के खिलाफ वह क्रमशः 136 और 158 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। मिचेल सैंटनर ने भी आठ पारियों में अय्यर को सिर्फ एक बार आउट किया है, जबकि अय्यर, सैंटनर के खिलाफ 45 की औसत से रन बनाते हैं।

- बुमराह, स्टॉयनिस को 11 टी-20 पारियों में चार बार आउट कर चुके हैं, जबकि स्टॉयनिस बुमराह पर सिर्फ 98 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। वैसे भी बुमराह पंजाब के खिलाफ 16 मैचो में सिर्फ 6.3 की इकॉनमी से रन देते हुए और 15.8 के स्ट्राइक रेट से 23 विकेट ले चुके हैं। कर्ण ने भी स्टॉयनिस को तीन आईपीएल पारियों में दो बार आउट किया है, हालांकि स्टॉयनिस, कर्ण पर 186 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।
- गेंदबाजी में स्टॉयनिस कमाल कर सकते हैं, क्योंकि उन्होंने मुंबई कप्तान हार्दिक पंड्या को आठ में से तीन टी-20 पारियों में आउट किया है। मुंबई के सबसे सफल बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी टी-20 मैचों में दो बार उनका शिकार हो चुके हैं। हालांकि दोनों बल्लेबाज इस गेंदबाज पर क्रमशः 158 और 186 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

## बहुत समय से टेस्ट टीम में वापसी का इंतजार था : करुण

**जयपुर, जेएनएन।** दिल्ली कैपिटल्स के खेल रहे स्टार बल्लेबाज करुण नायर ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में वापसी पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उन्हें इसका लंबे समय से इंतजार था। आठ साल बाद टेस्ट टीम में लौटे नायर ने पंजाब के खिलाफ मैच में 27 गेंद में 44 रन बनाए। दिल्ली ने जीत के लिए 207 रन का लक्ष्य 19.3 ओवर में हासिल कर लिया। 33 वर्षीय नायर को 2024-25 सत्र में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद 20 जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड के पांच मैचों के टेस्ट दौरे के लिए शनिवार को 18 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया। उन्होंने भारत के लिए पिछली बार 2017 में खेला था। नायर ने मैच के बाद कहा कि शानदार लग रहा है और हम इसके हकदार थे। हम इस सत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके, लेकिन इस मैच में हमने दिखा दिया कि हमारी टीम अच्छी थी लेकिन कुछ मैच खराब गए। उन्होंने कहा कि मैं काफी रन बनाकर आईपीएल में आया था। आत्मविश्वास की कमी नहीं थी। नायर को 2017 में टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने के बावजूद टीम से बाहर कर दिया गया था। वह भारत के लिए तिहरा शतक लगाने वाले सिर्फ दूसरे बल्लेबाज है। टेस्ट टीम में चयन के बारे में उन्होंने कहा कि बहुत शुक्रगुजार हूं कि वापसी कर सका। खुशकिस्मत हूं कि यह मौका मिला। मुझे भी आप लोगों की ही तरह पता चला। मैं लंबे समय से इसका इंतजार कर रहा था। बहुत सारे बधाई के संदेश मिले हैं। उनके शानदार प्रदर्शन ने विदर्भ को 2024-25 सत्र में रणजी ट्रॉफी जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने नौ मैचों में चार शतक की मदद से 863 रन बनाए। विजय हजारे ट्रॉफी (लिस्ट ए) में उन्होंने केवल आठ पारियों में 779 रन बनाए। इसमें पांच शतक शामिल थे। इन शानदार प्रदर्शनों ने भारतीय टीम में उनकी वापसी का रास्ता खोला।



## बार्तवाल थाईलैंड ओपन मुक्केबाजी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में

**बैंकॉक, जेएनएन।** भारतीय मुक्केबाज पवन बार्तवाल ने रविवार को कंबोडिया के साओ रंगसे पर 5-0 की शानदार जीत के साथ चौथे थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता बर्तवाल ने बेहतरीन फुटवर्क और रणनीतिक कौशल के साथ मुकाबले पर अपना दबदबा बनाया और टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत हासिल की। उत्तराखंड के स्यूपुरी गांव के इस मुक्केबाज ने शुरुआत में सावधानी बरतते हुए रक्षात्मक रुख अपनाया। उन्होंने अपने मौकों का इंतजार किया और प्रतिद्वंद्वी के चेहरे पर एक तेज मुक्का मारने के बाद मैच पर दबदबा कायम करना शुरू किया। भारत ने विश्व मुक्केबाजी समर्थित एशियाई संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए 19 सदस्यीय टीम उतारी है। इसमें चीन, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, दक्षिण कोरिया और मेजबान थाईलैंड के शीर्ष मुक्केबाज शामिल हैं।

## अदिति अशोक 31वें स्थान पर

**प्लाया डेल कार्मेन (मैक्सिको), जेएनएन।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने मैक्सिको रिवेरा माया ओपन में लगातार तीसरी बार इवन पार 72 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से 31वें स्थान पर है। अदिति के लिए तीसरा दौर उतार-चढ़ाव से भरा रहा। उन्होंने चार बोगी और इतनी ही बर्डी लगाई।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को 2-1 से हराया

**रोसारियो (अर्जेंटीना), जेएनएन।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को 2-1 से हराकर यहां चार देशों के टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत के लिए सुखवीर कौर (39वें मिनट) और कनिका सिवाच (58वें मिनट) ने गोल किए, जबकि चिली के लिए जावेरीया सैन्ज (20वें मिनट) ने एकमात्र गोल किया। जावेरीया ने 20वें मिनट में गोल करके चिली को बढ़त दिलाई, जिससे दूसरे हाफ में भारतीय टीम दबाव में रही। भारत ने हालांकि तीसरे क्वार्टर में सुखवीर के 39वें मिनट के गोल से बराबरी हासिल की। फिर कनिका ने 58वें मिनट में गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। भारत का अगला मुकाबला अब रविवार (भारतीय समयानुसार सोमवार) को उरुग्वे से होगा।

# मलेशिया मास्टर्स : फाइनल में विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी से हारे किदाम्बी श्रीकांत

**कुआलालंपुर, जेएनएन।** भारतीय खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत को रविवार को मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में चीन के विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। इस 32 साल के खिलाड़ी ने हालांकि क्वालिफायर से शुरुआत करते हुए खिताबी मुकाबले तक शानदार प्रदर्शन किया। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत पिछले कुछ सत्र में खराब फॉर्म और फिटनेस के दौर से गुजर रहे थे। यह पिछले छह वर्षों में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर उनका पहला फाइनल मुकाबला था। श्रीकांत हालांकि फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके और दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से महज 36 मिनट में 11-21 9-21 से हार गए। इस हार के बावजूद यह उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से काफी प्रभावित किया। वह इस महीने की शुरुआत में विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर खिसक गए थे। उन्होंने शानदार कौशल से दुनिया को अपनी क्षमता का अहसास कराया। श्रीकांत पिछली बार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर 2019 में इंडिया ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। वह तब भी उपविजेता रहे थे। वह 2021 विश्व चैंपियनशिप में भी रजत पदक विजेता रहे थे।



## विश्व चैंपियन गुकेश नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट की चुनौती के लिए तैयार

**स्टावेंगर (नॉर्वे), जेएनएन।** क्लासिकल शतरंज शैली में सबसे कड़े प्रतिद्वंद्वियों को मात देने की क्षमता रखने वाले विश्व चैंपियन डी. गुकेश और अर्जुन एरिगेसी सोमवार से शुरू होने वाले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। इस टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी चुनौती पेश करने के लिए तैयार है। शतरंज कैलेंडर पर सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक नॉर्वे शतरंज में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह खिलाड़ी शामिल हैं। इसे 'डबल राउंड-रॉबिन' प्रारूप में खेला जाता है। महिला वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व दो बार की महिला विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी और आर वैशाली करेंगी। यह पहली बार है, जब पुरुष वर्ग में भारत के दो खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे, जिससे टूर्नामेंट में भारत के लिए पहला खिताब जीतने की उम्मीद बढ़ गई हैं। यह टूर्नामेंट 2013 में पहली बार खेला गया था। उस समय पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद सहित इसमें 10 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शामिल थे। आनंद इस टूर्नामेंट में छह से अधिक बार खेले हैं और 2015 में उपविजेता रहे। कार्लसन छह खिताब के साथ इस टूर्नामेंट के सबसे सफल खिलाड़ी है।

## जूनियर शूटिंग वर्ल्ड कप : भारत की मिश्रित टीम को रजत-कांस्य

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने रविवार को जर्मनी के सुहल में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीता। भारत इस तरह दो दिनों में टूर्नामेंट में दूसरी बार दो पोडियम स्थान हासिल करने में सफल रहा। नारायण प्रणव और ख्याति चौधरी की जोड़ी ने रजत जीता, जबकि हिमांशु और शांभवी क्षीरसागर की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया। भारत इससे पदक तालिका दोहरे अंक (दो स्वर्ण, चार रजत, चार कांस्य) पर पहुंचने में सफल रहा। सोमवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन दो और फाइनल होने हैं। ख्याति और नारायण की जोड़ी ने 38 टीमों के क्वालिफाइंग राउंड में 631.0 अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया। यह जोड़ी चीन के हुआंग युटिंग (इस स्पर्धा के ओलंपिक चैंपियन, दो बार ओलंपिक पदक विजेता और सीनियर एयर राइफल विश्व चैंपियन) और हुआंग लिवानलिन (जूनियर एयर राइफल विश्व चैंपियन) की जोड़ी के पीछे रही।

चीन की जोड़ी ने 632.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। हिमांशु और शंभवी ने क्वालिफायर में 629.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक मैच खेलने का अधिकार हासिल किया।

# मेसी के गोल से इंटर मियामी ने यूनियन को बराबरी पर रोका

**चेस्टर (अमेरिका), जेएनएन।** दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने खराब दौर से गुजर रहे इंटर मियामी के अपने साथियों के सामने को 'पेप टॉक (हौसला अफजाई करने वाला संबोधन)' के जरिये 'पहले से च्यादा एकजुट रहने' की सलाह दी थी। ऐसे प्रेरक भाषण कभी-कभी काम आते हैं। उनकी टीम ने एमएलएस लीग में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए फिलाडेल्फिया यूनियन को 3-3 की बराबरी पर रोका। मेसी ने इस दौरान 87वें मिनट फ्री किक पर गोल कर मैच में टीम की वापसी कराई। क्वेन सुलिवन के गोल से यूनियन की टीम ने मैच के सातवें मिनट में बढ़त बना ली थी, जबकि ताई बारिबो ने मध्यांतर से पहले टीम को 2-0 से आगे कर दिया। तादेओ अलेंदे ने दूसरे हाफ में गोल करके इंटर मियामी का खाता खोला, लेकिन बारिबो ने मैच के अपने दूसरे गोल से यूनियन को एक बार फिर से दो गोल (3-1) से आगे कर दिया। मेसी ने फ्री किक को गोल में बदल कर स्कोर 2-3 किया, जबकि स्टॉपेज समय (90+5 मिनट) टेलास्को सेगोविआ के गोल ने टीम के लिए मैच से एक अंक सुनिश्चित कर लिया।



Dr. Juneja's पेट सफा®
Natural Laxative Granules & Tablets
सहायक है: कब्ज़ गैस एसिडिटी
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान है तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।
20% EXTRA
TABLETS
Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
Clinically Tested*
Divisa www.divisastore.com
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores


# हत्या को एक्सीडेंट का रूप देने वाले माँ-बेटा गिरफ्तार

### रामपुर पुलिस ने घटना का किया खुलासा



**जागरण, सतना**

हत्या को एक्सीडेंट का रूप देने वाले आरोपी माँ–बेटे को रामपुर बाघेलान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी विक्रम सिंह डीएसपी मुख्यालय वीरेन्द्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में टीआई संदीप चतुर्वेदी द्वारा की गई है।

### ये थी घटना

पुलिस ने बताया कि मृतक धीरेन्द्र सिंह परिहार पिता बृजेन्द्र बहादुर सिंह उम्र 45 साल निवासी उमरी टिकरी टोला थाना रामपुर बाघेलान को मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई थी। मृतक के पिता एवं मृतक की लड़की के कथन पुलिस ने दर्ज किया। घटना स्थल का निरीक्षण करने पाया गया कि चार मार्च की रात्रि मृतक धीरेन्द्र सिंह अपने पुत्र आदर्श उर्फ निखिल सिंह को डाटा था इसीकरण 5 मार्च को सुबह तकरीबन 5 बजे धीरेन्द्र सिंह को सोते समय उसका पुत्र आर्दश उर्फ निखिल निवासी उमरी अपने घर में रखी कुल्हाडी से कमरे में ही सिर में मारा जिससे गंभीर चोट आई और वह बोलनही पा रहा था उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रीवा ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक का पुत्र लोगो से यह कहता रहा कि पिता धीरेन्द्र सिंह को जो चोट आई वह एक्सीडेंट से आई है। निखिल अपनी माॅ के प्रयागराज से वापस आने पर पिता को कुल्हाडी से मारने की बात बताई थी मृतक की पत्नी उसका पुत्र घर के कमरे में पडे खून को साफ कर साक्ष्य विलोपित किया व घटना को छिपाया। मृतक की हत्या उसके पुत्र आदर्श उर्फ निखिल के द्वारा कुल्हाडी से हमला करने के चलते हुई जबकि उसकी ने साथ मिलकर साक्ष्य को नष्ट किया। पीएम रिपोर्ट में डाक्टर द्वारा लेख किया गया है।

### ये आरोपी गिरफ्तार

धीरेन्द्र सिंह की हत्या के अपराध में पुत्र आदर्श उर्फ निखिल सिंह परिहार उम्र 19 साल और उसकी संतोष सिंह पति स्व. धीरेन्द्र सिंह परिहार उम्र 41 साल निवासी दोनो निवासी उमरी टिकरी टोला थाना रामपुर बाघेलान को गिरफ्ता किया है। इस कार्यवाही में टीआई संदीप चतुर्वेदी सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

# 62 लीटर अवैध शराब जब्त, स्कूटी सहित पकड़ा गया आरोपी

### मैहर पुलिस ने कार्यवाही कर आरोपी को दबोचा





**जागरण, सतना।** अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वाले एक आरोपी को मैहर टीआई अनिमेष द्विवेदी ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 62 लीटर अवैध शराब जप्त की गई है। इतना ही नही अवैध शराब का परिवहन करने वाली स्कूटी को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर मैहर पुलिस ने की है।

**एक्टिवा से कर रहा था तस्करी :** पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी अवैध शराब की खेप लेकर सफेद एक्टिवा में हरदुआ तालाब तरफ से भट्ठा मोहल्ला तरफ शराब की खेप आने वाली सूचना मिलते ही पुलिस ने बिना देर किये। बताये गये हुलिया के मुताबिक सफेद कलर की स्कुटी को घेराबंदी कर पकड लिया गया।

**बिना नम्बर की एक्टिवा का उपयोग :** अवैध शराब की तस्करी करने वाला आरोपी बेहद सातिर बताया जाता रहा है क्योंकि उसने अवैध शराब के परिवहन के लिए बिना नम्बर की स्कूटी का उपयोग किया है। पुलिस ने आरोपी राहुल तिवारी पिता राजकुमार तिवारी उम्र 24 साल निवासी हरनामपुर कोतवाली मैहर को गिरफ्तार कर 62 अवैध लीटर अवैध शराब जप्त की है। इतना ही नही उसके विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34–2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस ने इस कार्यवाही में 31 हजार 4 सौ रूपये की अंग्रेजी शराब और 30 हजार रूपये कीमत की एक्टिव जप्त करने में सफलता पाई है।

# प्रभारी मंत्री ने चित्रकूट में सुनी मन की बात



**जागरण, सतना।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने रविवार को चित्रकूट प्रवास के दौरान उद्यमिता परिसर में राम मनोहर लोहिया सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। मन की बात का 122 वे एपिसोड का प्रसारण मतदान केन्द्र क्रमांक. चित्रकूट 80 में किया गया था। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति नियोजन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह,मध्यप्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,महापौर योगेश ताम्रकार,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,उपाध्यक्ष श्रीमती सुस्मिता सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, नगर पंचायत अध्यक्ष सुश्री साधना पटेल, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन पूर्व स्पीकर अनिल जैसवाल भी उपस्थित रहे।


डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. ईशान गोयल
24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
वेंटिलेटर एवं Bipap
24x7 मेडिकल स्टोर


# आखिर कहां गया मई माह का राशन

### न दुकान में मिला और न ही हितग्राहियों को डीएसओ के निरीक्षण में खुली पोल



**जागरण, सतना।** उचित मूल्य की दुकानो में मची भर्रेसाही थमने का नाम नही ले रही। हालात ये है कि उपभोक्ताओ के लिए शासन द्वारा दिया गया खाद्यान न तो दुकान में मिला और न ही उपभोक्ताओं को। यह मामला जनपद पंचायत उचेहरा के अंतर्गत आने वाली पिपरियॉ और रामपुर पाठा का बताया जा रहा है जहां पर डीएसओ सम्यक जैन अपने अधिनस्थ अमले के साथ ई–केवायसी की जांच करने पहुचे थे। मगर यह बड़ा मामला उनके सामने आ गया। अधिकारियों को वहां मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि उन्हे मई माह का खाद्यान वितरित नही किया गया। इतना सुनते ही जब डीएसओ सम्यक जैन और खाद्य निरीक्षक भागवत द्विवेदी ने दोनो उचित मूल्य दुकानो में जाकर देखा तो वहां पर खाद्यान मौजूद नही था जबकि उसका उठाव हो चुका है। अब सवाल यह उठता है कि ग्रामीणो को वितरित किये जाने वाला खाद्यान जब उपभोक्ताओ को नही मिला और उचित मूल्यदुकान में भी नही पाया गया तो फिर खाद्यान गया कहा यह एक बडा सवाल है।

**अशोक प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार द्वारा किया जा रहा संचालन :** हासिल जानकारी अनुसार इन दुकानों का संचालन अशोक प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार मर्यादित अटरा द्वारा किया जा रहा है। और दोनो दुकानो से अकेले मई माह का 29 लाख का खाद्यान बेंच डाला गया उचेहरा विकासखण्ड के पिपरिया राशन दुकान में 186 क्विंटल गेहूं 200 क्विंटल चावल मई माह में बांटने के लिए भेजा गयाएलेकिन वितरण नही हुआ। वही दुकान में स्टॉक शून्य है। इस खाद्यान्न की कीमत 13.58 लाख रुपए बताई जा रही है। इसी तरह रामपुर पाठा की राशन दुकान में मई महीने में वितरण के लिए 235 क्विंटल चावलए195 क्विंटल गेहूं भेजा गया लेकिन यहां भी पूरा स्टाक गायब कर दिया गया। इसकी कीमत 15.25 लाख रुपए है। यह खेल उचेहरा जनपद की केवल दो दुकानों का नही अगर जिले भर की राशन दुकानों में इस तरह चल रहे घोटाले की जांच की जाय तो हकीकत सामने आते देर नही लगेगी।

**इन बिंदुओं की भी हो जांच :** अगर हम अकेले उचेहरा विकासखंड के अंतर्गत राशन कीदुकानों की बात करे तो वर्ष 2022 से ऑनलाइन देखने पर पता चलता है कि स्टॉक रजिस्टर जो की ऑनलाइन है और वितरण रजिस्टर भी ऑनलाइन है तथा खाद्यान पर्ची जो की जारी है पंचायत में तथा वितरण जितने खाद्यान्न का होता है की कितने खाद्यान्न पर्ची उस दुकान से वितरण किया गया सब कुछ ऑनलाइन है जिसमें स्टॉक और वितरण में भरी अनियमिता दिखाई देती है यदि इस बिंदु की सही ढ़ंग से जांच की जाए तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है।



अमले के साथ मैं वहां पर ई–केवायसी की जानकारी लेने गया था मगर वहां मौजूद लोगो ने शिकायत करते हुये बताया कि मई महीने का खाद्यान उन्हे प्राप्त नही हुआ। इस बात को लेकर जब उचित मूल्यदुकान में जाकर देखा गया था तो वहां भी खाद्यान नही मिला जबकि खाद्यान का आबंटन पूर्व में ही हो चुका है। जेएसओ द्वारा रिपोर्ट आते ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

**सम्यक जैन, डीएसओ, सतना**

# आत्मा का परमात्मा से मिलन ही सच्ची भक्ति : बाबा ईश्वर शाह

**जागरण, सतना।** हरे माधव पंथ के उन्नायक हरिराया सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब के पावन सानिध्य में रविवार को सीएमए परिसर में हरे माधव सत्संग का आयोजन किया गया सत्संग में पूरा शहर साईं का दर्शन एवं सत्संग का लाभ लेने उमड़ पड़ा। सर्व प्रथम हरे माधव रूहानी बाल के संस्कार के बच्चों द्वारा बाबा जी के समक्ष नृत्य की प्रस्तुति देकर सतगुरु का अभिनंदन किया ईश्वर नादम पृथक् बैंड द्वारा सद्गुरु के स्वागत में शानदार प्रस्तुति दी गई। देश के कई नगरों से आई हुई संगतों के साथ सतना की पावन धरा में सतगुरु साहिबान जी ने फ़रमाते हुए कहा की जीवनमुक्त सतगुरु की भक्ति एक यात्रा है आत्मा से परमात्मा की ओर यह दिव्य अनुभव है। संसार कितना भी आधुनिक हो जाए चाहे युग परिवर्तन हो जाएं लेकिन एक सत्य जो परिवर्तन रहित है वह है जीवनमुक्त सतगुरु की शरण। समय के आरंभ से ही जीवनमुक्त सतगुरुओं का महातम बढ़.चढ़ कर गाया गया है चाहे वह निमित्त अवतारों का जीवनमुक्त सतगुरुओं की शरण में जाना हो या फिर भगवान शिव का गुरु गीता में माता पार्वती जी को पूरे संतन सतगुरु की अनंत महातम वर्णन हो।


मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
IUI, IVF, ICSI
फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
एग फ्रीजिंग
एंब्रियो फ्रीजिंग
स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फेलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311



English Medium
Anupama Hr.Sec.School
Nursery, LKG, UKG
1st to 12th (Math, Bio, Commerce & Arts)
Gift of School Bag to every new student
ADMISSION OPEN
We make your child grow into a cultured citizen to face the challenges of life !!
Bharhut Nagar, Satna (M.P.) 8640025252, 9765187919, 9425362071
anupamahighersecondaryschool@gmail.com, aesmp.org



24मई प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को
संपूर्ण हड्डी व जोड़ रोग परामर्श OPD
डॉ. विकास सावला
शैल्बी हॉस्पिटल, अहमदाबाद के पूर्व विशेषज्ञ
MS ORTHO AHMEDABAD FIJR
15000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
मो.: 9399312433, 9981287311



संपूर्ण हड्डी व जोड़ रोग परामर्श OPD
डॉ. शान्तनु सिंह
एम.बी.बी.एस, एम.एस. (आर्थोपेडिक्स)
FIJR, OIJR (अहमदाबाद), फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
समय :- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक एवं सायं 4 से 6 बजे तक
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311




नशेड़ियों को सबक शिखाने दलबल के साथ सडक पर उतरे सिविल टीआई योगेन्द्र सिंह।


DTE - काउंसिलिंग कोड 608
श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
रजिस्ट्रेशन के लिए तुरंत संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611



विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं– 1505/57, डाक पंजीयन क्र.– रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः– मोबाइल नं रीवा**- 9098357869, 9425018958 **सतना** – 9993315949 **सीधी**–7089620900 **सिंगरौली**–9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com